सेंसेक्स 72,643.43 ▼ -453.85
डॉलर 82.883 ▼ -0.083

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 34.0 | 18.0 | 29.0 |
| धनबाद | 36.0 | 21.0 | 31.0 |
| जमशेदपुर | 38.0 | 21.0 | 33.0 |
| पलामू | 36.0 | 18.0 | 30.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, फाल्गुन शुक्ल पक्ष 06, विक्रम संवत 2080
रांची, शनिवार, 16 मार्च 2024, वर्ष-25, अंक-46, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155
www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय सड़क हादसे और उनसे होने वाली मौत को ...06
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
डीएमके तमिलनाडु के भविष्य, अतीत और ...10 देश-विदेश

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा अंतर्गत
पश्चिमी सिंहभूम जिला के हाटगम्हरिया एवं बंदगांव में
डिग्री महाविद्यालय
तथा अन्य योजनाओं का
शिलान्यास, उद्घाटन एवं परिसंपत्ति वितरण समारोह

मुख्य अतिथि
श्री चम्पाई सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड



दिनांक : 16 मार्च 2024
समय : पूर्वाह्न 10:00 बजे
स्थान : टाटा कॉलेज ग्राउंड, चाईबासा

विशिष्ट अतिथि

श्री अर्जुन मुंडा
माननीय मंत्री, जनजातीय कार्य एवं कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

श्री आलमगीर आलम
माननीय मंत्री, संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, एवं पंचायती राज विभाग, झारखण्ड

श्री सत्यानंद भोक्ता
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास तथा उद्योग विभाग, झारखण्ड

श्री दीपक बिरुवा
माननीय मंत्री, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण और परिवहन विभाग, झारखण्ड

श्रीमती गीता कोड़ा
माननीय सांसद, सिंहभूम लोकसभा

गरिमामयी उपस्थिति

श्रीमती जोबा माझी
माननीय विधायक, मनोहरपुर

श्री निरल पुरती
माननीय विधायक, मझगांव

श्री दशरथ गागराई
माननीय विधायक, खरसावां

श्री सुखराम उरांव
माननीय विधायक, चक्रधरपुर

श्री सोनाराम सिंकु
माननीय विधायक, जगन्नाथपुर

सुश्री लक्ष्मी सुरेन
माननीय जिला परिषद अध्यक्षा चाईबासा



PR 322939 (IPRD) 2023-24
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## एक नजर

### बुंडू के ताऊ चौक से पिकअप वैन की चोरी

रांची। बुंडू थाना क्षेत्र के ताऊ चौक के समीप से मैक्स पिकअप वैन चोरी चली गई। इस संबंध में जितेंद्र महतो ने बुंडू थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार गुरुवार देर रात दो बजे एक अज्ञात चोर ने बड़ी चालाकी से वैन के अंदर घुस कर लॉक गाड़ी को खोला और वाहन लेकर फरार हो गया। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद है। बुंडू थाना के थाना प्रभारी पंकज भूषण ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी की जा रही है।

### राष्ट्रीय पार्टियों ने इलेक्टोरल बांड का गलत इस्तेमाल किया है : देवेंद्रनाथ महतो

**रांची।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) की जनसभा आम बगान मैदान, भूइयांडीह, तमाड़ में शुक्रवार को संपन्न हुई। इसमें क्षेत्रीय जन समस्या एवं अपने पार्टी संगठन के विस्तार को लेकर बात रखी गई। इस जनसभा के मुख्य अतिथि जेबीकेएसएस के सेंट्रल सीनियर वाइस प्रेसिडेंट देवेंद्र नाथ महतो भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि देश के सभी राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टियों ने इलेक्टोरल बांड का गलत फायदा उठाया है। इस बार का लोकसभा चुनाव में धर्म और राष्ट्रीयता का पाखंडी ढोंग नहीं चलेगा।

### नकुल शाह बने बेड़ो के थाना प्रभारी

**रांची।** एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने गुरुवार देर रात तीन पुलिस अधिकारियों का तबादला किया है। नामकुम थाने में पदस्थापित नकुल शाह को बेड़ो का थाना प्रभारी बनाया गया है। इटकी थाने में पदस्थापित अभिषेक कुमार को इटकी थाना प्रभारी बनाया गया है, जबकि अनगड़ा थाने में पदस्थापित चमरा मिंज को अनगड़ा थानेदार बनाया गया है।

### रांची में पिकअप वैन की चोरी

**रांची।** बुंडू थाना क्षेत्र के ताऊ चौक के समीप से मैक्स पिकअप वैन चोरी चली गई। इस संबंध में जितेंद्र महतो ने बुंडू थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार गुरुवार देर रात दो बजे एक अज्ञात चोर ने बड़ी चालाकी से वैन के अंदर घुस कर लॉक गाड़ी को खोला और वाहन लेकर फरार हो गया।

### मुकेश खन्ना पहुंचे रांची, फिल्म के लिए देखेंगे लोकेशन

**रांची।** फिल्म अभिनेता मुकेश खन्ना शुक्रवार को रांची पहुंचे। एयरपोर्ट पर उनका जबरदस्त स्वागत किया गया। मुकेश खन्ना ने टीवी सीरियल 'महाभारत' में भीष्म पितामह और 'शक्तिमान' टीवी सीरियल के मुख्य किरदार का रोल निभाकर लोगों में अलग पहचान बनाई। मुकेश खन्ना ने कहा कि झारखंड में फिल्म निर्माण और उसके लिए संभावित लोकेशन की तलाश में आए हैं। शनिवार को योगदा सत्संग आश्रम का भ्रमण करेंगे और बाद में रांची के विभिन्न लोकेशन देखेंगे। मुंबई से उनके साथ झारखंड के उद्योगपति सह अभिनेता अखिलेश पांडे भी थे। एयरपोर्ट पर उनका स्वागत पारंपरिक तरीके से उदय साहू, मधु अग्रवाल आदि ने किया।



# राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने वाला आरयू राज्य का पहला विवि

* कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने बताया, दीक्षांत समारोह में कुल 76 गोल्ड मेडल प्रदान किए गए।

* 61 गोल्ड मेडल रांची विश्वविद्यालय की ओर से तथा 15 स्पांसर्ड गोल्ड मेडल हैं।

* 106 लोगों को पीएचडी की उपाधि दी गयी। * एमएससी में 630, एमफिल में 30, एम.कॉम में 649, एमबीए में 152, एमसीए में 50, एलएलएम में 14, एमडी में 39, एमएस में 10, एमएड में 40, एमए में 2262 सहित कुल 4043 छात्रों को उपाधि दी गई।

* कुलपति ने बताया, इस बार भी गोल्ड मेडल प्राप्त करने में छात्राओं ने बाजी मारी है

* विभिन्न विषयों में 41 छात्राओं ने टॉप कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। छात्रों में 21 ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया है

टॉपर छात्रों ने मेडल पाकर अपने खुशी का इजार किया

रांची। रांची विश्वविद्यालय के 37 वें दीक्षांत समारोह में शुक्रवार को कुलपति रांची विश्वविद्यालय डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि विवि शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिये प्रतिबद्ध है। रांची, खुंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा जिलों में उच्च शिक्षा के दायित्वों को रांची विश्वविद्यालय पूरा कर रहा है। रांची विश्वविद्यालय झारखंड का पहला विश्वविद्यालय है जिसने नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू किया है। छात्रों की सुविधा के लिये कइ सारे कॉमन सर्विस सेंटर खोले गये हैं। साथ ही क्षेत्रिय और विदेशी भाषाओं की पढ़ाई, खेल-कूद, प्रोफेशनल तथा वोकेशनल कोर्सेज के लिये देश के बड़े प्रष्ठिानों के साथ एमोयू कर हम निरंतर आगे बढ रहे हैं। शोध गंगा पर शोध को अपलोड किया जा रहा है ताकि बौद्धिक संपदा की चोरी न हो। उन्होंने उपाधि प्राप्त कर रहे छात्रों से कहा कि यह अवसर उपलब्धि के साथ ही आगे राज्य, राष्ट्र, समाज के लिये प्रतिदान देने की जिम्मेवारी भी है।





### राज्य में खुलेंगे 740 सीबीएसई प्लस टू स्कूल

विशिष्ट अतिथि केंद्रीय कृषि और जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि दीक्षांत समारोह का मूल उद्देश्य हमें अपनी बौद्धिक क्षमता से विश्व को परिचित कराना भी है। उन्होंने कहा कि जल्द ही झारखंड में सीबीएसई के 740 प्लस टू विद्यालय खोले जायेंगे। हमें विकसित भारत बनाना है। हमें अभी से ही भविष्य की जरूरतों के लिए प्लान कर काम करने की आवश्यकता है।



सुष्मिता समद - हो भाषा



अशोक कुमार - नागपुरी भाषा



सुखलाल मुर्मु - संथाली



शैलेन्द्र सागर - फाइन आर्ट



अभय गुप्ता - भूगोल

## बसंत मेले के दूसरे दिन मना गणगौर सिंधारा का उत्सव

**रांची।** बसंत मेले के दूसरे दिन गणगौर सिंधारा का उत्सव मनाया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल, राष्ट्रीय सचिव रूपा अग्रवाल की उपस्थिति में शाखा अध्यक्ष नैना मोर के साथ गणगौर के गीत गाए गए। वरिष्ठ सदस्यों ने बहू-बेटियों एवं छोटी मेंबरों का प्यार किया। होली और गणगौर के गीतों पर सभी ने जमकर ठुमके भी लगाए। एक से बढ़कर एक मजेदार गेम में सभी बहनों ने जमकर मस्ती की और स्वादिष्ट नाश्ते का आनंद लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गीता डालमिया, मंजू केडिया, बिना मोदी, मधु सराफ, रीता केड़िया, बबीता नारसरिया, सरिता अग्रवाल, अनु पोद्दार, रीना सुरेखा, मंजू गाडोदिया, जया विजावत, छाया अग्रवाल, साक्षी केजरीवाल, सीमा पोद्दार एवं मंच के अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## राष्ट्रीय पार्टियों ने इलेक्टोरल बांड का गलत इस्तेमाल किया है : देवेंद्रनाथ महतो




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) की जनसभा आम बगान मैदान, भूइयांडीह, तमाड़ में शुक्रवार को संपन्न हुई। इसमें क्षेत्रीय जन समस्या एवं अपने पार्टी संगठन के विस्तार को लेकर बात रखी गई। इस जनसभा के मुख्य अतिथि जेबीकेएसएस के सेंट्रल सीनियर वाइस प्रेसिडेंट देवेंद्र नाथ महतो भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि देश के सभी राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टियों ने इलेक्टोरल बांड का गलत फायदा उठाया है। इस बार का लोकसभा चुनाव में धर्म और राष्ट्रीयता का पाखंडी ढोंग नहीं चलेगा। इसबार मतदान क्षेत्रीय जन समस्या और नीति नियमावली के आधार पर ही होगा। कहा कि अपने राज्य में किसी भी बाहरी विधायक, सांसद होने का कोई मतलब नहीं है। इस जनसभा में दमयंती मुंडा, देवी पाहन, मोहम्मद रिजवान, बेबी महतो समेत हजारों कार्यकर्ता एवं जनसाधारण मौजूद थे।

### तोरपा रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी ने मनाया महिला दिवस

**रांची।** तोरपा रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी फॉर वीमेन ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया। संस्था के परिसर में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत बीज पदयात्रा से हुई, जो सशक्तिकरण और प्रगति की दिशा में महिलाओं की यात्रा का प्रतिनिधित्व करने वाली एक प्रतीकात्मक पदयात्रा है। विविध पृष्ठभूमि की महिलाओं ने एकता और एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए टीआरडीएसडब्ल्यू परिसर में एकत्रित होकर भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण जनजातीय संस्कृति का जीवंत प्रदर्शन था, जिसमें चेंगडे स्कूल के बच्चों ने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाया। शिक्षा, आजीविका और समाज में महिलाओं की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर पैनल चर्चाएं आयोजित की गईं। इन चर्चाओं का उद्देश्य महिलाओं के लिए अधिक समावेशी और समान दुनिया बनाने की दिशा में जागरूकता बढ़ाना और कार्रवाई को प्रेरित करना था।

श्री शिवनारायण मारवाड़ी कन्या मध्य पाठशाला में हुआ कविता गायन का आयोजन

## छात्राओं की प्रतिभा का विकास अनुकूल वातावरण से ही संभव : वेद प्रकाश बागला



नवीन मेल संवाददाता

रांची। श्री शिवनारायण मारवाड़ी कन्या मध्य पाठशाला में शुक्रवार को अमृत महोत्सव कार्यक्रम शृंखला के अंतर्गत कविता गायन प्रतियोगिता सह अभिभावक अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 1 से कक्षा 5 तक की छात्राओं ने भाग लिया। बच्चियों ने विभिन्न मूल्यों जैसे अनुशासन, जागरूकता, रचनात्मकता आदि पर आधारित कविता प्रस्तुत किया। स्वागत संबोधन विद्यालय के अध्यक्ष कमल केडिया ने किया। मंच संचालन अनीता प्रेमलता बघेल एवं सुनीता ओझा ने किया । इस अमृत महोत्सव का संकल्प चरित्रवान, आत्मविश्वासी एवं स्वावलंबी देशभक्त नागरिक बनाना है। कार्यक्रम में विद्यालय सचिव वेद प्रकाश बागला ने अपने संबोधन में कहा कि छात्राओं की प्रतिभा का विकास शिक्षिकाएं, माता-पिता, विद्यालय व घर के अनुकूल वातावरण से ही संभव है। प्रधानाध्यापिका गायत्री कुमारी ने भी छात्राओं को प्रेरित किया। छात्राओं का गायन बहुत प्रशंसनीय था। इस अवसर पर संयुक्त सचिव विजय सरायका सहित विद्यालय की शिक्षिकाएं मीना ओझा, रानी शांता कुमारी, पिंकी रानी, शुभम कुमारी, मीरा कुमारी, ममता शर्मा, कामिनी कुमारी एवं लगभग 100 की संख्या में वर्ग एक से पांच तक की छात्राओं के अभिभावक उपस्थित थे।

### झारखंड कौशल प्रतियोगिता का समापन, इंडिया स्किल में हिस्सा लेंगे विजेता

**मांडर।** झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाईटी श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा झारखण्ड कौशल प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण सह समापन समारोह शुक्रवार को रेडिसन ब्लू में आयोजित किया गया। समापन समारोह का शुभारंभ विभागीय अधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि के स्वागत तथा अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्जवलन के साथ हुआ।

## पुलिस की वर्दी पहनकर लूट और डकैती करने वाले चार अपराधी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। मैक्लुस्कीगंज थाने की पुलिस ने पुलिस की वर्दी पहनकर लूट और डकैती करने वाले गिरोह के चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में भीम कुमार रवि, राकेश साव, राहुल लोहरा और छोटू लोहरा शामिल हैं। गिरफ्तार सभी अपराधी लातेहार जिले के चंदवा और हेरहंज थाना क्षेत्र का रहने वाले हैं। इनके पास से एक एयर गन, दो लूटा हुआ ट्रैक्टर, लूटी गई एक बाइक, घटना में प्रयुक्त एक बाइक, चार मोबाइल फोन और दो पुलिस की वर्दी बरामद किए गए हैं।

ग्रामीण एसपी पीयूष पांडेय ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि कुछ दिनों से सूचना मिल रही थी कि मैक्लुस्कीगंज और खलारी थाना क्षेत्रों में पुलिस की वर्दी में कुछ अपराधी लूट और डकैती की घटना को अंजाम दे रहे हैं। इसे देखते हुए खलारी डीएसपी के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। इसी बीच, टीम को गुप्त सूचना मिली कि लूट की घटना को अंजाम देने वाले अपराधी बालूमाथ की ओर से आ रहे हैं। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मैक्लुस्कीगंज-बालूमाथ रोड में ग्राम हैसालौंग में वाहन चेकिंग प्रारम्भ किया गया। वाहन चेकिंग के दौरान एक बाइक पर सवार तीन व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए, जिसे पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया। इसके बाद बाइक सवार अपराधी भागने लगे, जिसे पुलिस ने खदेड़कर पकड़ लिया। पकड़ाए अपराधियों की तलाशी लेने पर बैग के अंदर रखी दो पुलिस वर्दी, मोबाइल और एयरगन बरामद किया गया। पूछताछ करने पर गिरफ्तार अपराधियों ने बताया कि इनका एक गिरोह है, जो रांची, लातेहार, हजारीबाग एवं चतरा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लूट और डकैती की घटना को अंजाम देता है।

## रांची शहर में बढ़ने लगा है मच्छरों का प्रकोप

### निगम के पास है कुल दो थर्मल और नौ कोल्ड फॉगिंग मशीन

**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। गर्मी का मौसम शुरू होते ही शहर में मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। राजधानी के सभी वार्ड में मच्छर से बचाव के लिए फॉगिंग की जरूरत है। नगर निगम के पास केवल नौ फॉगिंग मशीनें हैं। ऐसे में पूरे 53 वार्डों की मच्छरों से सुरक्षा कैसे होगी? कई वार्डों के पार्षद ने फॉगिंग के लिए निगम को सूचना दी है। बावजूद इसके, फॉगिंग का कार्य सुचारू रूप से नहीं हो रहा है। वीआईपी क्षेत्रों को छोड़कर अधिकतर वार्डों में अब तक फॉगिंग वाहन नहीं पहुंचे हैं।

निगम का कहना है कि वर्तमान में रोस्टर व्यवस्था के तहत सभी वार्डों में फॉगिंग का कार्य हो रहा है। इसके लिए लोगों को निगम के वेबसाइट पर जा कर फॉगिंग करवाने के लिए जानकारी देने की बात कही गई है। ऐसे में आमलोग अब अपने पूर्व पार्षद की जगह निगम से संपर्क करके ही अपने क्षेत्र में फॉगिंग करवा सकेंगे।




**मात्र दो रह गईं थर्मल फॉगिंग मशीनें :** कुछ वर्षों पहले तक निगम के पास कुल 12 थर्मल फॉगिंग मशीनें थी, जो अब घट कर मात्र दो रह गई हैं। इन मशीनों से फॉगिंग के दौरान लगातार धुआं निकलता रहता है और इसके संपर्क में आते ही मच्छर मर जाते हैं। मात्र दो थर्मल फॉगिंग मशीनें बचने से शहर में फॉगिंग में निश्चित रूप से समस्या आएगी।

**वर्तमान में कुल नौ कोल्ड फॉगिंग मशीनें हैं :** रांची नगर निगम ने कोल्ड फॉगिंग मशीन को बेहतर मानते हुए कुल नौ फॉगिंग मशीनें रखी हैं। इसमें निगम अपने पास कुल तीन तथा अन्य छह एजेंसी के माध्यम से चलाता है।

अमित कुमार, आयुक्त नगर निगम निगम के सभी वार्डों में फॉगिंग सुचारू रूप से हो सके, इसके लिए रोस्टर व्यवस्था की गई है। इसके तहत एक सप्ताह के अंदर किसी भी वार्ड में दो बार फॉगिंग किया जाना है। 53 वार्डों के लिए कुल नौ कोल्ड फॉगिंग मशीनें काफी हैं।

**फॉगिंग नही होने से नाराज हैं पूर्व पार्षद :** वार्ड 26 के पूर्व पार्षद अरुण कुमार झा ने कहा कि फॉगिंग के लिए शिकायत करने के बाद भी वाहन नहीं पहुंच रहा है।

### किराना दुकान से ताला तोड़कर नकदी समेत हजारों के सामान की चोरी

**लापुंग।** लापुंग थाना क्षेत्र के मालगो गांव में निर्मल साहु के गल्ला किराना के दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने हजारों रुपए के समान सहित नगद रखे 30 हजार रुपए ले उड़े। इस संबंध में निर्मल साहु ने लापुंग थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। सूचना मिलने पर लापुंग के थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव के दिशा निर्देश पर पुलिस पदाधिकारी पहुंचे और मामले का जांच किया। घटना 14 मार्च के अर्धरात्रि की है। मालगो निवासी निर्मल साहु ने बताया कि उसके दुकान से चोरों ने एक टिन सरसों का तेल, एक पेटी अंडा, एक बोरा बाबा चावल, कोल्डड्रिंक के भरे हुए बोतल तथा अन्य सामानों के साथ दराज में रखें लगभग 30 हजार रुपए नकद भी चोरों ने उड़ा लिया। घटना की जानकारी 15 मार्च को सुबह मिली जब निर्मल दुकान खोलने पहुंचे। उन्होंने देखा कि दरवाजा का ताला टूटा हुआ है और कई प्रकार के बहुमूल्य सामान सहित नगद रुपए की भी चोरी हो गई।

### राजद प्रवक्ता ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा

**रांची** । राजद के प्रदेश प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल के मूल्य में एक-एक रुपये घटाकर केंद्र सरकार देशवासियों को मूर्ख बना रही है। जब से देश में भाजपा की सरकार आई है कमर तोड़ महंगाई बढ़ी है । उन्होंने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जब-जब देश में चुनाव की घंटी बजती है। भाजपा को देश की जनता याद आने लगती है। भाजपा नेताओं को बताना चाहिए कि केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद कितने बार मूल्य वृद्धि की है।

### एसीबी के डीजी, डीआईजी और एसपी ने किया रक्तदान



**रांची।** रांची के भ्रष्टाचार निगरानी ब्यूरो (एसीबी) मुख्यालय में शुक्रवार को ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में डीजी अनुराग गुप्ता, डीआईजी शैलेंद्र प्रसाद वर्णवाल, एसपी अंजनी कुमार झा सहित कुल 26 पदाधिकारी और पुलिसकमीर्यो ने रक्तदान किया। यह रक्तदान सदर अस्पताल के तत्वाधान में थैलेसीमिया और एनीमिया से ग्रसित लोगों को सहायता के लिए किया गया।

सेंसेक्स 72,643.43 ▼ -453.85
डॉलर 82.883 ▼ -0.083

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 34.0 | 18.0 | 29.0 |
| धनबाद | 36.0 | 21.0 | 31.0 |
| जमशेदपुर | 38.0 | 21.0 | 33.0 |
| पलामू | 36.0 | 18.0 | 30.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, फाल्गुन शुक्ल पक्ष 06, विक्रम संवत 2080 | रांची, शनिवार, 16 मार्च 2024, वर्ष-25, अंक-46, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय ▶ सड़क हादसे और उनसे होने वाली मौत को ...06

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

डीएमके तमिलनाडु के भविष्य, अतीत और ...10 ◀ देश-विदेश



### रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,200

चांदी (1 किलो) 80,000

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।




## एक नजर

### राज्य कैबिनेट की बैठक आज

**रांची।** झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक अब 16 मार्च को दोपहर 2:30 बजे से होगी। पहले यह बैठक पूर्वाह्न 11:00 बजे से होने वाली थी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने यह जानकारी दी है। यह बैठक झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

### उग्रवादियों ने सड़क निर्माण में लगे दो वाहनों को फूंका

**हजारीबाग।** जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र में बलोदर से गोबरदहा के बीच चल रहे सड़क निर्माण स्थल पर आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया है। बताया जा रहा है कि टीपीसी उग्रवादियों ने जेसीबी और एक ट्रैक्टर को जला दिया। घटना गुरुवार देर रात की है। उग्रवादियों ने वहां पोस्टर चिपका कर ठेकेदार को धमकी दी है। धर्मवीर ने इस घटना की जिम्मेवारी ली है।

### पूजा सिंघल को एससी से नहीं मिली राहत

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद झारखंड की निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की जमानत अर्जी पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई, लेकिन उन्हें कोई राहत नहीं मिल पाई। जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज की बेंच ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सुनवाई की अगली तारीख 29 अप्रैल मुकर्रर की है।

# विवि पर युवाओं को सशक्त करने की जिम्मेदारी : राज्यपाल

**रांची विवि के 37वें दीक्षांत समारोह में 4043 मेधावियों को दी गई उपाधि**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि विश्वविद्यालय युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करके उन्हें सशक्त करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाता है। मानव सभ्यताओं की प्रगति इस धारणा की पुष्टि करती है कि किसी भी राष्ट्र की उन्नति उसकी शिक्षित आबादी की क्षमता पर निर्भर करती है। राज्यपाल शुक्रवार को रांची विश्वविद्यालय के 37वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

दीक्षांत समारोह में कुल 4043 विद्यार्थियों को उपाधि दी गयी। राधाकृष्णन ने कहा कि एक राष्ट्र के रूप में, भारत विश्व में सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों, दार्शनिकों, खगोलशास्त्रियों, गणितज्ञों, वैज्ञानिकों, भाषाविदों के लिए जाना जाता है, जिन्होंने प्राचीन काल से ही जीवन के सभी क्षेत्रों में मानवता के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पूरा विश्व आज भारत को एक ऐसे राष्ट्र के रूप में देख रहा है, जिसमें मानव जाति की जीवन शैली को समृद्ध करने की जबरदस्त क्षमता है। उन्होंने कहा कि दुनिया को योग की अहमियत पता है। भारत का यह अमूल्य उपहार संपूर्ण विश्व को है।

राज्यपाल ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय का गौरवशाली और समृद्ध इतिहास रहा है। इसने अतीत में कई विद्वानों को जन्म दिया है। मुझे आशा है कि विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अनवरत प्रदान करता रहेगा। डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थी हमेशा हमारी समृद्ध बौद्धिक परंपरा से प्रेरणा लेते रहेंगे।



## राष्ट्रपति 30 को पूर्व प्रधानमंत्रियों और तीन अन्य को भारतरत्न से सम्मानित करेंगी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 30 मार्च को पांच प्रतिष्ठित हस्तियों को भारतरत्न से सम्मानित करेंगी। इनमें दो पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और पीवी नरसिम्हा राव, भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी, प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर शामिल हैं। इनमें लालकृष्ण आडवाणी को छोड़ शेष सभी को मरणोपरांत सम्मानित किया जाएगा। एक सूत्र ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि उन्हें 30 मार्च को भारतरत्न से सम्मानित किया जाएगा। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर इन हस्तियों को भारतरत्न मिलने पर खुशी जाहिर की थी।

**राज्य में बुनियादी व्यवस्थाएं मजबूत होंगी, तभी स्मार्ट गांव की परिकल्पना पूरी होगी**

# आधुनिक युग में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बेहद जरूरी : मुख्यमंत्री


### मुख्यमंत्री ने पोटका में महाविद्यालय का किया शिलान्यास

### बांग्ला व ओड़िया भाषा की भी पढ़ाई प्राथमिक विद्यालयों से शुरू करना प्राथमिकता

**आरएनएम। पूर्वी सिंहभूम**

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने शुक्रवार को पोटका व चाकुलिया में डिग्री कॉलेज का शिलान्यास करते हुए कहा कि आधुनिक युग में राज्य की युवा पीढ़ी तथा स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना बहुत जरूरी है। राज्य की दशा और दिशा तभी बदलेगी जब यहां के बच्चे बेहतर शिक्षा प्राप्त कर अचछे प्रोफेशनल बनेंगे और उच्च पदों को सुशोभित करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पोटका में डिग्री कॉलेज बन जाने से इस क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए अब जमशेदपुर या अन्य शहरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की समृद्ध जनजाति एवं क्षेत्रीय भाषाओं के विकास व संवर्धन के लिए अब प्राथमिक विद्यालयों से ही इन भाषाओं में पढ़ाई शुरू होगी। राज्य में बांग्ला व ओड़िया ▸▸शेष पृष्ठ 09 पर




**आधुनिक युग में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जरूरी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रदेश धनी प्रदेश के रूप में जाना जाता है लेकिन यहां की जनता गरीबी रेखा से नीचे रहकर जीवन यापन करती है। जब यहां बच्चे मैट्रिक पास करते हैं तब परिवार की आर्थिक हालत खराब रहने के कारण उन्हें पढ़ाई छोड़कर उनके परिजन उन्हें प्राइवेट नौकरी अथवा मजदूरी का काम करने को कहते हैं। चंपाई ने कहा कि उच्च शिक्षा के लिए पैसों की कमी होनहार विद्यार्थियों के लिए अभिशाप है, इस स्थिति को बदलने के लिए सरकार विद्यार्थियों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड से मदद कर रही है। इस योजना के तहत उच्च शिक्षा डिग्री के लिए जरूरत के हिसाब से शिक्षा ऋण उपलब्ध कराई जा रही है।

**हर स्तर पर शिक्षा व्यवस्था में हो रहा है सुधार**

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार राज्य में शिक्षा व्यवस्था के हर स्तर पर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। पूर्व की सरकारों ने राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित पांच हजार सरकारी विद्यालयों को बंद कर दिया था। प्राइमरी विद्यालय बंद होने से यहां के आदिवासी, मूलवासी, गरीब, मजदूर, किसान सहित सभी-वर्ग समुदाय के बच्चों के प्रारंभिक शिक्षा से वंचित हुए थे।

# चौथी बार भी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे नरेंद्र मोदी : राजनाथ सिंह

**चतरा के भद्रकाली मंदिर में रक्षा मंत्री ने की पूजा-अर्चना**

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को रांची पहुंचने के बाद एयरपोर्ट से सीधे चतरा जिले के इटखोरी आए। माता भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना की और चुनरी चढ़ाई। साथ ही मंदिर परिसर में रुद्राक्ष का पौधरोपण किया। इसके बाद उन्होंने चतरा संसदीय क्षेत्र स्तरीय बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लिया। यहां प्रदेश के भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।

अपने संबोधन में राजनाथ ने कहा कि झारखंड से उनका आत्मीय रिश्ता है। उनकी पत्नी झारखंड की हैं। भाषण के दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार में जितने भी मंत्री रहे, सबों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे लेकिन भाजपा के किसी भी मंत्री पर एक भी भ्रष्टाचार के आरोप नहीं लगे। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में जितने भी विकास कार्य हुए वह रुकने वाला नहीं है। पहले भारत को अंतरराष्ट्रीय मंचों में बोलने का मौका नहीं दिया जाता था लेकिन आज प्रधानमंत्री मोदी को सबसे पहले मंच पर मौका दिया जाता है। उन्होंने कहा कि संगठन सर्वोपरि होता है। संगठन का जो भी निर्णय होता है, उसे स्वीकार करना चाहिए।

राजनाथ ने कहा कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में हिंदुओं, सिखों, बौद्धों, ईसाइयों और पारसियों, जैनियों पर धार्मिक उत्पीड़न हुआ। वे शरण के लिए भारत आए। हमने उन सभी को नागरिकता देने का फैसला किया। इसके लिए भाजपा को सांप्रदायिक पार्टी कहा जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनेगा और ईश्वर की इच्छा है कि नरेन्द्र मोदी न केवल तीसरी बार, बल्कि चौथी बार भी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि झारखंड एक संपन्न राज्य है लेकिन यहां के मुख्यमंत्री पुलिस के डर से दो दिन गायब रहे। आज जेल में हैं। झारखंड के राज्यसभा सदस्य के घर में छापेमारी के इतने रुपये मिलते हैं कि मशीनों से गिनने में भी कई दिन लग जाते हैं। पूर्व की रघुवर सरकार ने माता ▸▸शेष पृष्ठ 09 पर



**दो सौ परीक्षार्थियों से हो रही पूछताछ**

# बीपीएससी परीक्षा का पेपर लीक

**सुनील श्रीवास्तव। हजारीबाग**

बिहार बीपीएससी शिक्षक पात्रता परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक हो गया है। झारखंड के हजारीबाग में 200 से ज्यादा छात्रों को लीक प्रश्नपत्र के आधार पर हजारीबाग के एक बैंक्वेट हॉल में तैयारी कराने के बाद परीक्षा दिलाने दो बसों से ले जाया जा रहा था। तभी बिहार पुलिस ने बरही में दोनों बसों को रोक सभी परीक्षार्थियों को रोक लिया गया। ये सभी परीक्षा में शामिल नहीं हो सके। सभी परीक्षार्थी बिहार के बताये जा रहे हैं जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी हैं। बिहार पुलिस ने करीब दो सौ छात्रों को हिरासत में लिया है। पुलिस को टिप मिली थी कि अलग अलग बसों में भरकर कुछ अभियर्थी बिहार बीएससी शिक्षक पात्रता परीक्षा देने जा रहे हैं जिनके पास पहले से प्रश्न पत्र मौजूद है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बसों को बरही में रुकवा कर तलाशी शुरू कर दी। शक होने पर अभियार्थियों के रुकने के पते, कोहिनूर बैंक्वेट हॉल में छापेमारी की गई जो कई घंटों तक चली। छापामारी में परीक्षा से संबंधित ओएमआर शीट, प्रश्न पत्र और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद किए जाने की सूचना है। इस दौरान भारी सुरक्षा का इंतजाम देखा गया। करीब 50 से ऊपर जवानों की तैनाती बैंक्वेट हॉल में की गई। मामले में एक अखबार के फोटो जर्नलिस्ट से भी करीब एक घंटे पूछताछ की गई। मामला हाई प्रोफाइल बताया जा रहा है। कई बड़े चेहरे भी इसके पीछे हो सकते हैं। ये अभियर्थी जहां रुके थे वो एक मैरेज हॉल है जो शहर से थोड़ा हट कर रोमी में अवस्थित है। इसका उपयोग शादी-विवाह और अन्य कार्य व्यवहार के लिए किया जाता है। ऐसे में इतनी अधिक संख्या में अभियर्थियों का वहां रुकना भी कई सवाल खड़े करती है। हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि यह मामला ▸▸शेष पृष्ठ 09 पर




# आज लोस व कुछ राज्यों के विस चुनावों की घोषणा




### घोषणा होते ही लागू हो जाएगी चुनावी आचार संहिता

**आरपी सिंह। नई दिल्ली**

चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा शनिवार 16 मार्च, 2024 को 3 बजे करेगा। इसके साथ ही ओडिशा, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश व आंध्र प्रदेश विधान सभा चुनाव की तारीखों की भी घोषणा होगी। जम्मू-कश्मीर में भी चुनाव कराने की संभावना जताई जा रही है। चुनाव आयोग की इस घोषणा के साथ ही देश भर में चुनावी आचार संहिता लागू हो जाएगी और निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने तक (चुनावी परिणाम आने तक) लागू रहेगी। आचार संहिता लागू होते ही सरकारी कर्मचारी चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक निर्वाचन आयोग ▸▸शेष पृष्ठ 09 पर

**चुनाव घोषणा के बाद क्या हो सकता है क्या नहीं**

- आचार संहिता लागू होने पर सरकार नई योजना व नई घोषणाएं नहीं कर सकती। भूमिपूजन और लोकार्पण भी नहीं हो सकते।
- चुनाव प्रचार के लिए सरकारी संसाधनों का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। सरकारी गाड़ी, बंगला, हवाई जहाज का उपयोग वर्जित होता है।
- राजनीतिक दलों को रैली, जुलूस या फिर मीटिंग के लिए परमिशन लेनी होती है।
- धार्मिक स्थलों और प्रतीकों का इस्तेमाल चुनाव के दौरान नहीं किया जाता है।
- आचार संहिता लागू होते ही दीवारों पर लिखे गए सभी तरह के पार्टी संबंधी नारे व प्रचार सामग्री हटा दी जाती है। होर्डिंग, बैनर व पोस्टर भी हटा दिए जाते हैं।
- मतदान केंद्रों पर वोटरों को लाने के लिए गाड़ी मुहैया नहीं करा सकते हैं।
- मतदान के दिन और इसके 24 घंटे पहले किसी को शराब वितरित नहीं की जा सकती है।
- चुनाव कार्यों से जुड़े किसी भी अधिकारी को किसी भी नेता या मंत्री से उसकी निजी यात्रा या आवास में मिलने की मनाही होती है।
- किसी भी प्रत्याशी या पार्टी पर निजी हमले नहीं किए जा सकते हैं।
- रैली में धर्म या जाति के नाम पर वोट नहीं मांगे जाएंगे।
- आदर्श आचार संहिता लगने के बाद पेंशन फॉर्म जमा नहीं हो सकते और नए राशन कार्ड भी नहीं बनाए जा सकते।
- विधायक, सांसद या विधान परिषद के सदस्य लोकल एरिया डेवलपमेंट फंड से नई राशि जारी नहीं कर सकते हैं।
- सरकारी खर्चे पर किसी नेता के आवास पर इफ्तार पार्टी या अन्य पार्टियों का आयोजन नहीं कराया जा सकता है।
- कोई भी नया सरकारी काम शुरू नहीं होगा। किसी नए काम के लिए टेंडर भी जारी नहीं होंगे।
- आदर्श आचार संहिता लगने के बाद बड़ी बिल्डिंगों को क्लीयरेंस नहीं दी जाती है।

# इंडिया 400 सीटों का दावा : उत्तर विरोधी दक्षिण की राजनीति और भाजपा



सुनील बादल

***लोकसभा*** चुनाव को अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं और उत्तर और हिन्दी विरोधी राजनीति के बीच दक्षिण में अपनी पकड़ तेज करने के लिए भाजपा प्रचार में लग गई है।17 मार्च से दक्षिण का दौरा करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केरल, तेलंगाना और तमिलनाडु में पार्टी के अभियानों की अगुवाई कर रहे हैं। तमिलनाडु में इस साल पहली बार भाजपा बिना किसी गठबंधन के है। दरअसल, भाजपा के राज्य प्रमुख के. अन्नामलाई को लेकर विवाद के बीच पिछले साल अन्नाद्रमुक ने भाजपा के नेतृत्व वाली एनडी से गठबंधन तोड़ लिया था। पीएम मोदी ने आज कन्याकुमारी में प्रचार किया। यहां भाजपा की मजबूत उपस्थिति है। लोकसभा चुनाव से पहले ही पार्टी यहां पीएमके और अभिनेता विजयकांत की डीएमडीके को लुभाने की कोशिश में लगी हुई है। तमिलनाडु में भाजपा लगातार वंशवाद की राजनीति और भ्रष्टाचार को लेकर डीएमके पर निशाना साध रही है। पीएम मोदी केरल के पथानामथिट्टा के एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित किया जिसमें लगभग एक लाख लोग शामिल हुए। बैठक में एनडीए के लोकसभा सांसद वी मुरलीधरन, अनिल के एंटनी, शोभा सुरेंद्रन और बैजू कलासाला भी शामिल हुए। कल केरल के पूर्व मुख्यमंत्री के. करुणाकरन की बेटी पद्मजा वेणुगोपाल भी इस बैठक में मौजूद रहेंगी। बता दें कि पद्मजा वेणुगोपाल ने हाल ही में कांग्रेस से नाता तोड़ लिया है। पीएम मोदी तेलंगाना में भी प्रचार करेंगे। मल्काजगिरी में एक रोड शो में शामिल होंगे। इस दौरान उनके साथ पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार एटाला राजेंदर और केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी शामिल होंगे। रोड शो के कारण पुलिस ने आम लोगों के लिए ट्रैफिक एडवायजरी जारी की है। रोड शो खत्म होने तक कुछ इलाके जनता के लिए प्रतिबंधित रहेंगे। पीएम मोदी राजभवन में रात गुजारने के बाद कल नगरकुरनूल में एक बैठक में शामिल होंगे। रविवार को प्रधानमंत्री चिलकलुरिपेटा में भाजपा-टीडीपी और जनसेना की संयुक्त बैठक में शामिल होंगे।भाजपा ने जिस तरह दक्षिण भारत के राज्यों में अपने समीकरण ठीक करने शुरू किए हैं, माना जा रहा है कि पार्टी 400 सीटों की संख्या पार कर सकती है। यानी प्रधानमंत्री मोदी का 400 सीटों का वादा चुनावी जुमला नहीं, बल्कि भाजपा की ठोस रणनीति पर आधारित अनुमान था, जिसकी परतें अब खुलनी शुरू हुई हैं। भाजपा के एक नेता के अनुसार, पार्टी नेताओं की एक उच्चस्तरीय बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका इशारा कर दिया था। नेता के अनुसार, प्रधानमंत्री ने कहा था कि पत्थर पर लकीर वे स्वयं खींचेंगे, जबकि मक्खन पर लकीर खींचने का काम पार्टी के दूसरे नेताओं को करना है। नेता के अनुसार, प्रधानमंत्री का आशय था कि दक्षिण के मुश्किल मिशन पर जीत हासिल करने का काम वे स्वयं करेंगे, जबकि उत्तर भारत के राज्यों में जहां पार्टी बहुत मजबूत स्थिति में पहुंच चुकी है, वहां जीत हासिल करने का काम पार्टी के दूसरे नेताओं को करना है। इस बैठक के बाद ही प्रधानमंत्री ने दक्षिण भारत में अपने दौरों को अचानक बढ़ा दिया था।आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस की स्थिति कुछ कमजोर होती दिख रही है। इसका सीधा लाभ तेलगुदेशम पार्टी को मिल सकता है, जो एनडीए में लगभग आ चुकी है। इसके साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पवन कल्याण की लोकप्रियता भी आंध्र प्रदेश में एनडीए को मजबूती दे सकती है। भाजपा लगभग पांच सीटों पर चुनाव लड़ सकती है, जिसमें दो सीटों पर उसकी संभावना ज्यादा मजबूत हो सकती है। भाजपा नेताओं का मानना है कि इससे दक्षिण के इस बेहद महत्वपूर्ण राज्य में भाजपा को लाभ मिल सकता है। अब तक यह तय हो चुका है कि तेलंगाना में भाजपा बीआरएस के साथ चुनाव में नहीं जाएगी, लेकिन इसके बाद भी राज्य में उसे नौ से दस सीटों के जीतने का अनुमान है। ओडिशा में बीजू जनता दल के साथ में आने की संभावना बन चुकी है। इसकी घोषणा कभी भी हो सकती है। भाजपा नेताओं का मानना है कि बीजू जनता दल के साथ आने से एनडीए राज्य की सभी 21 सीटों पर जीत हासिल कर सकता है। यानी दक्षिण में भी भाजपा उत्तर भारत की तरह क्लीन स्वीप कर सकती है। तमिलनाडु और केरल में पार्टी के लिए अभी जीत की राह आसान नहीं हुई है, लेकिन इसके बाद भी इन राज्यों में पार्टी अपने लिए दो से तीन सीटों पर जीत हासिल करने का अनुमान लगा रही है। पार्टी का अनुमान है कि जिस तरह केरल के कई प्रभावशाली ईसाई नेता उसके साथ आए हैं, हिंदू मतदाताओं के साथ जुड़ने पर उसे इसका लाभ मिल सकता है। यानी इस बार केरल से भी राजनीतिक पंडितों के लिए भाजपा के संदर्भ में चौंकाने वाले परिणाम आ सकते हैं।






# एससी करेगा सीएए पर सुनवाई

### इस पर रोक लगाने की 237 याचिकाएं हुई हैं दाखिल

### कई संगठनों व दलों ने इसे मनमाना कहा है

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला व जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने शुक्रवार 15 मार्च को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए), 2024 पर रोक लगाने की मांग वाली याचिकाओं पर 19 मार्च को सुनवाई की सहमति जताई है। इस मामले पर तुरंत सुनवाई की मांग करते हुए पूर्व केन्द्रीय मंत्री व वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा, ह्लसीएए 2019 में पारित किया गया था। उस समय कोई नियम नहीं था, इसलिए कोई रोक नहीं दी गई थी। अब उन्होंने चुनाव से पहले नियमों को नोटिफाई कर दिया है। यदि नागरिकता दी गई, तो इसे बदलना असंभव होगा। इसलिए अंतरिम आवेदन पर सुनवाई की जा सकती है।ह्वजिसके विरोध में केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि किसी भी याचिकाकर्ता के पास नागरिकता देने पर सवाल उठाने का कोई अधिकार नहीं है। पीठ ने तब कहा कि वह नियमों पर रोक लगाने की मांग करने वाले सभी आवेदनों को मंगलवार 19 मार्च को सुनवाई के लिए लिस्टेड करेगी। शीर्ष अदालत ने ▸▸शेष पृष्ठ 09 पर



# पहाड़ी मंदिर में कुलांचे भरेंगी हिरनें, लहलहाएंगे रुद्राक्ष के पेड़

### दिव्यांग भी कर सकेंगे बाबा का दर्शन, बनेगा लिफ्ट व अलग पाथ-वे

### बनेगा मंदिर का परिक्रमा पथ, चारों ओर अच्छी सड़कें भी बनेंगी



**अमित कुमार**

**रांची।** क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि राजधानी के बीचोंबीच आप रुद्राक्ष की पेड़ की छाया में बैठ हिरनों की कुलाचों का आनंद ले सकेंगे। हां.... यह सबकुछ बहुत जल्द हकीकत में बदलने वाला है। राजधानी के ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर के सौंदर्यीकरण व संपूर्ण कायाकल्प की तैयारी अंतिम चरण में है। 16 एकड़ में फैले मंदिर परिसर में शीघ्र ही राज्य के दूसरे मृग विहार की कल्पना उतरने वाली है। इसके साथ ही मंदिर के चारों और सैंकड़ो की संख्या में रुद्राक्ष के पेड़ लगाये जाएंगे। शीघ्र ही यहां हरे भरे पेड़-पौधों के बीच हिरनों की कुलांचे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को सुकून देंगी। मंदिर के चारों ओर परिक्रमा पथ व अच्छी सड़क का भी निर्माण कराया जाएगा। इसके साथ ही दिव्यांग भी भोले बाबा का दर्शन सामने से कर सकें इसलिए अलग से पाथवे तथा लिफ्ट बनेगा। पहाड़ी मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष एनएन पांडेय ने बताया कि मंदिर प्रशासन की पहल पर मेकॉन और बीआईटी मेसरा की टीम मंदिर में प्रस्तावित विकास कार्य की रूप-रेखा (डीपीआर) तैयार कर रही है। एक बार डीपीआर मिलने के बाद मंदिर प्रशासन इसे जिला प्रशासन के साथ साझा करेगी। जिला प्रशासन की ओर से विकास कार्य की लागत का आकलन किया जाएगा। इसके बाद प्रस्ताव राज्य सरकार के विचारार्थ भेजा जाएगा। मालूम हो कि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने शिवरात्रि के दिन घोषणा की थी कि मंदिर को राजधानी का गौरव बनाया जाएगा और इसके विकास के लिए फंड की कमी नहीं होने दी जाएगी।

**▶ हो चुकी है मिट्टी की जांच :** पिछले कई महीने से पहाड़ी के मिट्टी की जांच चल रही थी, जो अब पुरी हो चुकी है। मिट्टी के धंसाव को रोकने के लिए गार्डवाल निर्माण कार्य जल्द शुरू करने की योजना है। अब तक एक सौ ट्रेक्टर मिट्टी मंगाया जा चुका है। जिसे चैनकुप्पी के माध्यम से उपर ले जाकर भरा जाएगा।

**▶ पांच एकड़ में है अतिक्रमण :** पहाड़ी का कुल विस्तार करीब 21 एकड़ में बताया जाता है। इसमें से पांच एकड़ क्षेत्र पर लोगों ने अतिक्रमण कर 50 से ज्यादा घर और एक मजार भी बना लिया है। गार्डवाल निर्माण के क्रम में उन सभी घरों को छोड़ कर अंदर की ओर निर्माण की बात समिति की ओर से कही गई है। साथ ही आगे अतिक्रमण नहीं हो इसके लिए गार्डवाल जरूरी है।



"मृग विहार के लिए वन विभाग से एनओसी के लिए बात चल रही है। एनओसी मिलते ही इस कार्य को अंजाम दिया जाएगा। उम्मीद है अगले वर्ष से यहां आये श्रद्धालुओं को यह मृग विहार देखने को मिलेगा। इसके लिए अप्रैल माह से काम शुरू हो जाएगा।

**– एनएन पांडेय, अध्यक्ष पहाड़ी मदिर विकास समिति।**

## एक नजर

### झारखंड के कई हिस्सों में आज से तीन दिनों तक बारिश के आसार

**रांची।** राज्य में फिर से मौसम का मिजाज बदलेगा। रांची मौसम विभाग ने 16 से 18 मार्च तक के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। जारी अलर्ट में तेज हवा के साथ ठनका गिरने की भी चेतावनी दी गई है। साथ ही, लोगों को सतर्क रहने की भी हिदायत दी है। मौसम विभाग के अनुसार, रांची, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला, बोकारो, खूंटी, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां जिले में बारिश होगी। मौसम विभाग के अनुसार 16 से 18 मार्च के बीच पांच डिग्री सेल्सियस तक तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। 20 मार्च को भी बारिश की आशंका जताई गई है, जिसका असर राज्यभर में दिखेगा। मौसम केंद्र की मानें, तो आने वाले दो दिनों तक अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद तापमान में पांच डिग्री तक की गिरावट हो सकती है। बता दें कि पिछले दो दिनों के दौरान राज्य के तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है, जो तीन डिग्री तक की रही। ऐसे में लोगों को गर्मी का अहसास हो रहा है। आने वाले दिनों में होने वाली बारिश से लोगों को राहत मिलेगी।

### मोरहाबादी मैदान में अहिंसा रन 31 को

**रांची।** 'जीतो' संस्था की ओर से आगामी 31 मार्च को मोरहाबादी मैदान में सुबह 5.30 बजे से अहिंसा रन का आयोजन किया गया है। दौड़ तीन श्रेणी में होगी। दस किमी की प्रतिस्पर्धा दौड़ में विजयी महिला और पुरुष को 21 हजार रुपये, दूसरे स्थान पर आने वाले प्रतिभागी को 15 हजार और तीसरे स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को 11 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। संस्था की अध्यक्ष प्रियंका पाटनी ने बताया कि पांच किमी की दौड़ के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले विजेता को क्रमशः 11, सात और पांच हजार रुपये नगद इनाम मिलेंगे। 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिला और पुरुष को दस किमी की दौड़ में सफल होने पर 21, 15 और 11 हजार रुपये दिए जाएंगे।

### जिला सलाहकार समिति पीसी एंड पीएनडीटी की बैठक में बोले रांची उपायुक्त

# लिंग निर्धारण करने वाले क्लिनिक पर करें सख्त कार्रवाई



### सभी अल्ट्रासाउंड क्लिनिक का निरीक्षण करने का दिया निर्देश

### नए निबंधन के लिए एक अल्ट्रासाउंड क्लिनिक को मिली स्वीकृति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

समाहरणालय के अपने कार्यालय कक्ष में रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को गभार्धान पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसी एंड पीएनडीटी) अधिनियम, 1994 की जिला सलाहकार समिति की बैठक की। बैठक में सिविल सर्जन (सदर) रांची, डॉ प्रभात कुमार, उपाधीक्षक सदर अस्पताल रांची, डॉ एके खेतान, सहायक नोडल पदाधिकारी पीसी एंड पीएनडीटी रांची, पीसी एंड पीएनडीटी कोऑर्डिनेटर राकेश कुमार राय एवं सभी सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में रांची उपायुक्त ने निर्देश दिया कि अनिबंधित क्लिनिक और बिना योग्यता के काम कर रहे व्यक्ति वाले अल्ट्रासाउंड क्लिनिक पर कार्रवाई की जाए। साथ ही, उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी अल्ट्रासाउंड संस्थान का सख्ती से निरीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि लिंग निर्धारण करने के काम में शामिल सभी क्लिनिक पर पीसी एंड पीएनडीटी अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाए।

बैठक में पीसी एंड पीएनडीटी की सलाहकार समिति ने नए निबंधन के लिए एक अल्ट्रासाउंड क्लिनिक का स्वीकृती दी। साथ ही, नवीकरण के लिए दो अल्ट्रासाउंड क्लिनिक को भी स्वीकृती दी गई। कुल पांच डॉक्टर के पदस्थापन की भी स्वीकृति मिली। तीन यूएसजी मशीन के क्रय और दो यूएसजी मशीन की शिफ्टिंग के लिए स्वीकृति प्रदान की गई।

### क्या है पीसी एंड पीएनडीटी अधिनियम

**भारत** में कन्या भ्रूण हत्या को रोकने और गिरते लिंगानुपात को ठीक करने के लिए संसद से 1994 में गभार्धान पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसी एंड पीएनडीटी) अधिनियम पारित किया गया। यह संघीय कानून प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण पर प्रतिबंध लगाता है। यानी, जन्म से पूर्व शिशु के लिंग की जांच पर पाबंदी है। इसके तहत अल्ट्रासाउंड या अल्ट्रासोनोग्राफी कराने वाले जोड़े या करने वाले डॉक्टर, लैब कर्मी को तीन से पांच साल सजा और 10 से 50 हजार जुर्माने की सजा का प्रावधान है। प्रत्येक आनुवांशिक परामर्श केंद्र, आनुवांशिक प्रयोगशाला या आनुवांशिक परामर्श देने वाले क्लिनिक या प्रसव पूर्व निदान तकनीकों का संचालन करने वाले क्लिनिक और गभार्धान से पहले और बाद में लिंग चयन की संभावनाओं के साथ इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) केंद्र पीसी एंड पीएनडीटी अधिनियम के दायरे में आते हैं।

### मिनी शराब फैक्ट्री का खुलासा, एक गिरफ्तार

**रांची।** सुखदेव नगर थाना की पुलिस ने मिनी शराब फैक्ट्री का खुलासा किया है। सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के यमुना नगर स्थित एक घर में पुलिस ने छापेमारी की, जहां से पुलिस ने अवैध विदेशी शराब पैक करते विनोद भगत नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया। जबकि, एक अन्य आरोपी मोटू महतो उर्फ रंजीत यादव भागने में सफल रहा। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए ने शुक्रवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में अवैध नकली विदेशी शराब, खाली बोतल, रैपर, झारखंड सरकार का नकली बारकोड, लोगो, शराब की बोतल के खाली ढक्कन सहित अन्य सामान बरामद किए गए हैं। डीएसपी ने बताया कि यमुना नगर स्थित एक घर में मिनी शराब फैक्ट्री संचालित हो रही थी। सस्ते शराब को खरीद कर महंगे शराब की बोतलों में भरकर झारखंड सरकार का स्टीकर लगाकर बेचने का काम किया जा रहा था। कोतवाली डीएसपी ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पूरे क्षेत्र में विधि व्यवस्था, शांति व्यवस्था बनाए रखने को अवैध शराब, आग्नेयास्त्र और मादक पदार्थ की बरामदगी के लिए वरीय पदाधिकारी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई है।

## रंग रंगीलो श्री श्याम फागण अमृत महोत्सव कल से

### 18 मार्च को निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा



**नवीन मेल संवाददाता रांची।**

'मेरा श्याम रंगीला पलका उघाडो फागण आ गयो...' की भजन माला से संपूर्ण भारतवर्ष के खाटू नरेश के श्याम भक्तगण खाटू धाम सहित रांची में भगवा मस्ती में लीन हैं। श्री श्याम मित्र मंडल का 52वां स्थापना दिवस रंग रंगीलो श्री श्याम फागण अमृत महोत्सव 2024 का कार्यक्रम पांच दिन चलेगा। 17 से 21 मार्च 2024 तक हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में इसका आयोजन किया जाएगा।

श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने शुक्रवार को बताया कि बड़े स्तर पर कार्यक्रम की तैयारियां की जा रही हैं। प्रतिदिन मंदिर स्थित मंडल के कार्यालय में बैठकें हो रही हैं। महोत्सव के संयोजक गौरव अग्रवाल मोनू, उप संयोजक पंकज गाड़ोदिया एवं आदित्य लोहिया सभी कार्यकर्ताओं के साथ कार्य वितरण कर रहे हैं। पंच दिवसीय महोत्सव के पहले दिन 17 मार्च (रविवार) को प्रातः 7:30 बजे से श्री गणेश पूजन, हवन, यज्ञ, ध्वजा स्थापना का धार्मिक अनुष्ठान होगा। तारा देवी कटारुका, राजेश कटारुका एवं प्रकाश कटारुका अनुष्ठान के यजमानश्री होंगे। मंदिर के प्रथम आचार्य रत्नाकर शर्मा प्रथम देव श्री गणेश पूजन अनुष्ठान संपन्न कराएंगे। मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं को नवीन बागा (पोशाक) पहनाकर अनुपम दिव्य शृंगार किया जाएगा। पूर्वाह्न 11:00 बजे से श्री श्याम अखंड नृत्य नाटिका संग ज्योति पाठ का विशेष कार्यक्रम होगा। पाठ करवाने के लिए चुरु (राजस्थान) से मेहुल शर्मा अपनी टीम के साथ रांची आ रहे हैं। पाठ के साथ नृत्य नाटिका का मंचन करने के लिए कोलकाता से मंदिरा सिंह डांस ग्रुप भी रांची आ रहा है। इस कार्यक्रम की यजमानश्री पुष्पा देवी पोद्दार स्नेह एवं स्नेहा पोद्दार खाटू नरेश की दिव्य पावन अखंड ज्योति प्रज्वलित करेंगे। इस अवसर पर खाटू नरेश को छप्पन भोग, संपूर्ण सवामनी, महाभोग आदि का प्रसाद भक्तजनों द्वारा चढ़ाया जाएगा।

18 मार्च को मारवाड़ी भवन से भव्य शोभायात्रा दिन में 1:00 बजे निकलेगी। यह रातू रोड महावीर चौक, गांधी चौक, शहीद चौक, कोतवाली रोड, जेजे रोड, कार्ट सराय रोड होते हुए हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर पहुंचेगी।

## डीपीएस रांची अपने छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध : डॉ राम सिंह

### कक्षा 11वीं में नामांकन को एप्टीट्यूड टेस्ट का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची ने स्कूल में 11वीं कक्षा में प्रवेश लेने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए शुक्रवार को एप्टीट्यूड टेस्ट (सत्र 2024-25) आयोजित किया। देशभर से 2000 से अधिक विद्यार्थी इस परीक्षा में सम्मिलित हुए। इससे पहले, आवेदकों को स्कूल की आधिकारिक वेबसाइट से परीक्षा पैटर्न, परीक्षा की समय अवधि, विज्ञान, वाणिज्य और मानविकी संकाय की परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम के बारे में सभी जानकारी मिल गई थीं।

इसके अलावा, स्कूल ने विवेकानंद सभागार में 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों के अभिभावकों के लिए पैरेंट्स इंटरैक्टिव सेशन का भी आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य डॉ राम सिंह ने की। दिल्ली पब्लिक स्कूल के सिद्धांत 'सर्विस बिफोर सेल्फ' का हवाला देते हुए उन्होंने कहा, डीपीएस रांची अपने छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता है और उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। यह युवाओं को एक जिम्मेदार व्यक्ति बनने में सक्षम बनाता है, ताकि वे अपने अभिभावक, शिक्षक और राष्ट्र की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए लगातार कड़ी मेहनत करें। उन्होंने विभिन्न करियर विकल्पों पर भी प्रकाश डाला, जिसे विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार चुन सकते हैं।

### डीएसपीएमयू के मैनेजमेंट विभाग के डायरेक्टर के खिलाफ छात्र आजसू पहुंचा राजभवन

# कुलपति ने विश्वविद्यालय की गरिमा को गिराया : नीरज वर्मा

### कहा, जो जितना दागदार उसे उतने ही ऊंचे पद पर बैठाया




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के मैनेजमेंट विभाग के निदेशक पद पर डॉ बास्के को सुशोभित करने के छात्र विरोधी निर्णय के खिलाफ आजसू राजभवन पहुंचा है। अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) ने शुक्रवार को राजभवन सचिवालय को मांगपत्र सौप वर्तमान में मैनेजमेंट विभाग के निदेशक को अविलंब पद से हटाने की मांग की है।

छात्र आजसू ने राजभवन सचिवालय को सौंपे मांगपत्र के साथ डॉ बास्के के कंप्यूटर एप्लीकेशन और इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विभाग के कोऑर्डिनेटर के पद पर रहते हुए एक छात्र को नंगा कर पीटने और वीडियो बनाने और छात्र-छात्राओं को धमकाने संबंधी अखबारों में छपी खबरों की छायाप्रति उपलब्ध कराई है। आजसू ने आरोप लगाया है कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) तपन कुमार शांडिल्य ने दागदार शिक्षक को मैनेजमेंट विभाग के निदेशक का प्रभावशाली पद देकर यह साफ कर दिया है कि विश्वविद्यालय में घटित हो रही तमाम घटनाओं को कुलपति का संरक्षण प्राप्त है।

इधर, इस संबंध में कुलपति का पक्ष जानने के लिए संपर्क किया गया, पर उन्होने फोन स्वीकार नहीं किया।

आजसू के युवा नेता नीरज वर्मा ने कहा कि कुलपति ने डीएसपीएमयू की गरिमा को गिराया है, जो जितना दागदार है, उसे उतने ही ऊंचे पद पर बैठाया है। डॉ बास्के को डीएसपीएमयू के मैनेजमेंट विभाग का निदेशक बनाकर विश्वविद्यालय ने दूध की रखवाली बिल्ली से करवाने वाली कहावत को चरितार्थ किया है। दर्जनों बार छात्र-छात्राओं और छात्र संगठनों ने डॉ बास्के के खिलाफ साक्ष्य सहित शिकायत की है। फिर भी ऐसे दागी शिक्षक को एक जिम्मेदारी भरे पद से सुशोभित कर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने विश्वविद्यालय को प्रयोगशाला बना दिया है। छात्र आजसू इस मामले को खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन करेगी और विश्वविद्यालय में चल रहे कुलपति की मनमानी के खिलाफ मुखर होगी। इस दौरान नीरज वर्मा, अभिषेक शुक्ला, अभिषेक, अंशुतोश कुमार, कैलाश, मुकेश, अमन, रोहित आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

इस संबंध में कुलपति का पक्ष लेने के लिए संपर्क नहीं हो पाया।

### नेवरी से 17 किमी की ध्वजा निशान पदयात्रा कल, तैयारियां पूरी

**रांची।** श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति रांची के तत्वावधान मे श्री श्याम प्रभु की ध्वजा निशान पदयात्रा की तैयारीयां पूरी कर ली गई हैं। समिति के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि 17 मार्च (रविवार) को नेवरी विकास विद्यालय के समीप श्री दुर्गा मंदिर से सुबह 8:00 बजे बाबा श्री श्याम की ध्वजा पदयात्रा शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गो बूटी मोड़, बरियातू रोड, अप्पर बाजार का भ्रमण करते हुए श्री खाटू श्याम मंदिर हरमू रोड रांची में बाबा श्री श्याम को ध्वजा निशान अर्पित किए जाने के साथ समाप्त होगी। 17 मार्च को नेवरी जाने के लिए सुबह 6:00 से 6:30 बजे तक हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर से बस की व्यवस्था भी श्याम भक्तों के लिए उपलब्ध रहेगी। नेवरी धाम से रांची धाम तक की 17 किलोमीटर की श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा में सैकड़ो श्याम भक्त शामिल होंगे।

## न्यूज बॉक्स

### गणेश पूजन के साथ होली रंगोत्सव का शुभारंभ



**रांची।** श्री राणी सती मंदिर कमेटी ने तीन दिवसीय होली रंगोत्सव महोत्सव का शुभारंभ गणेश पूजन के साथ किया। मंदिर न्यासी रतन जालान ने सपत्नीक गणेश पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उसके पश्चात 5:00 बजे से तेजस राणा द्वारा दादी जी की संगोष्ठी का शुभारंभ किया गया। गायक तेजस राणा ने दादी जी की जीवनी संगीतमय तरीके से बताई। इसमें दादी जी की पूरी जीवनी का वर्णन किया गया। सभी दादी भक्तों को जीवनी सुनने पर जो उत्सुकता थी उस पर उनसे जानकारी प्राप्त की तथा दादी जी की जीवनी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम प्रवक्ता चंद्रकांत झुनझुनवाला एवं मनीष लोधा ने बताया कि शनिवार (16 मार्च) को प्रातः 8:00 बजे मंदिर न्यासी रतन जालान सपत्नीक जलाभिषेक करेंगे। उसके बाद दिन में 10:00 बजे से मेहंदी उत्सव होगा और दिन में 11:00 बजे से दादी जी की भव्य शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए निकाली जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अध्यक्ष सतीश तुलस्यान सचिव गजानंद अग्रवाल किशन नारसरिया, रतन जालान, संयोजक प्रदीप नारसरिया, सह संयोजक मनोज जालान, राजा भालोठिया सहित कई दादी भक्त लगे हुए हैं।

### डाटा से समझें ग्राहक का व्यवहार : प्रो मेयके आइलर्ट



**रांची।** जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस) रांची में दो-दिवसीय अंतरराष्ट्रीय डोटा एनालिटिक्स और प्रबंधन कांफ्रेंस की शुरुआत शुक्रवार को हुई। कार्यक्रम का आयोजन एक्सआईएसएस के फादर माइकल वान डेन बोगार्ट एसजे मेमोरियल ऑडिटोरियम में किया गया। सम्मेलन के पहले दिन कार्यक्रम में डाटा एनालिटिक्स और प्रबंधन क्षेत्र से देश के विभिन्न सेक्टर से इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स, शिक्षाविद, रिसर्चर, और छात्र शामिल हुए। सम्मेलन की पहली मुख्य वक्ता अमेरिका से मार्केट रिसर्च और एनालिटिक्स कंसलटेंट, प्रोफेसर मेयके आइलर्ट ने डाटा एनालिटिक्स की प्रासंगिक भूमिका को समझने और ग्राहक व्यवहार को समझकर वास्तविक समय में सेवाएं प्रदान करने के महत्व को प्रमुखता दी और कैसे एनालिटिक्स ग्राहक संतुष्टि को बढ़ाने के लिए मौलिक पहलू है। हालांकि, उन्होंने डाटा एनालिटिक्स क्षेत्र में कई चुनौतियों पर भी अपने विचार रखें और इस क्षेत्र में मौजूदा अवसरों के बारे में जानकारी साझा की। कांफ्रेंस के संरक्षक, संस्थान के निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे ने इंडस्ट्री के परिदृश्य में डाटा एनालिटिक्स के महत्व के बारे में बात की और कहा, उद्योग क्षेत्रों ने इसकी महत्वपूर्ण मांग को उजागर किया है और यह विषय आज के समय में संस्थान के मिशन और विजन के साथ कैसे संरेखित होता है, इसपर आज विस्तार से चर्चा हुई है। डाटा एनालिटिक्स के क्षेत्र की इन्हीं महत्वपूर्ण जरूरतों को देखते हुए, संस्थान जल्द ही वर्किंग प्रोफेशनल्स और छात्रों के हित में एक नया कोर्स शामिल करने जा रहा है। कांफ्रेंस अध्यक्ष और डीन एकेडमिक्स, डॉ अमर एरोन तिग्गा ने समकालीन डिजिटल परिदृश्य में डाटा एनालिटिक्स और प्रबंधन की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। कांफ्रेंस के सह-अध्यक्ष और मार्केटिंग प्रोग्राम के प्रमुख डॉ बीपी महापात्रा ने डाटा एनालिटिक्स के महत्व को रेखांकित किया।

### डाटा विश्लेषण पर पांच दिवसीय कार्यशाला शुरू



**रांची।** बाजार अंतर्दृष्टि के लिए डाटा विश्लेषण (डीएएमआई 2024) पर पांच दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन शुक्रवार को बीआईटी मेसरा में किया गया। कार्यशाला डाटा विश्लेषण और निर्णय लेने में इसकी व्यावहारिक उपयोगिता के बीच संबंध स्थापित करने की कोशिश पर केंद्रित है। कार्यशाला सत्रों को बीआईटी मेसरा परिसर और लालपुर के आंतरिक संकाय सदस्यों के साथ-साथ आईआईएम, सीयूजे, एक्सआईएसएस, भारती विद्यापीठ (मुंबई) आदि जैसे प्रमुख संस्थानों के संसाधन व्यक्तियों द्वारा नियंत्रित किया जाएगा। कार्यशाला समन्वयक डॉ सोमनाथ मुखर्जी ने इसमें सभी का परिचय देते हुए इस बात पर जोर दिया कि कार्यशाला डाटा और उसके प्रबंधकीय निहितार्थों के बीच संबंध स्थापित करके योगदान देने का प्रयास करेगी। कार्यशाला समन्वयक ने कहा कि कार्यशाला की योजना तीन चरणों में बनाई गई है। इसमें चरण 1 में अनुसंधान दृष्टिकोण विकास, चरण 2 में डाटा विश्लेषण और चरण 3 में निर्णय लेने के लिए डाटा की सार्थक व्याख्या शामिल है। इस अवसर पर बीआईटी मेसरा के फैकल्टी अफेयर्स (डीओएफए) के डीन उपस्थित थे और उन्होंने अपने मुख्य भाषण में बहु-विषयक अनुसंधान के महत्व पर जोर दिया। बीआईटी मेसरा (लालपुर) की चेयरपर्सन और निदेशक डॉ वंदना भट्टाचार्य ने डाटा साइंस के सबसे आशाजनक क्षेत्र के रूप में उभरने और छात्रों को रोजगारपरक बनाने में इस जानकारी की विशाल क्षमता पर जोर दिया। प्रतिभागी इस तरह के पाठ्यक्रम में भाग लेने में सक्षम होने से काफी खुश थे।

### राष्ट्रीय सीनियर कॉर्फबॉल में भाग लेने को झारखंड की टीम आगरा रवाना




**रांची।** 35वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला/पुरुष कॉर्फबॉल प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर प्रदेश के आगरा स्थित शारदा यूनिवर्सिटी में आगामी 17 से 20 मार्च तक हो रहा है। इसमें भाग लेने के लिए झारखंड कोर्फबाल की टीम शुक्रवार को स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस से आगरा के लिए रवाना हो गई।

**महिला टीम :** रेशमा टोप्पो (कप्तान), तृषा राज चौधरी, प्रिया पलक, जोयसी ग्रेसी तिर्की, प्रीति कुजूर, नेहा मुंडा, रितिका खालखो, पल्लवी कुमारी, केएम शिल्पी, नीति कोंगारी और कोच नितेश कुमार।

**पुरुष टीम :** आशीष मिंज (कप्तान), पंकज जोसेफ बिन्हा, राहुल राज उरांव, मिहीर गुड़िया, असीम अनुराग मिंज, विवेक सरदार, अगस्टिन एलेन तिग्गा, निशांत कुमार, समीर सिंह मुंडा, रितेश तिग्गा, आशीष कुमार लकड़ा, शुभम पुजहर, उत्तम प्रसाद और कोच मनसुख तिर्की।

### एनआईपीएम रांची चैप्टर ने मनाया स्थापना दिवस



**रांची।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पर्सनल मैनेजमेंट रांची चैप्टर ने चैप्टर प्रेसिडेंट हर्ष नाथ मिश्रा के मार्गदर्शन में सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस में संस्थान का स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत में सर्वप्रथम चैप्टर प्रेसिडेंट एवं सीसीएल के निदेशक कार्मिक हर्ष नाथ मिश्रा के संदेश को सभी प्रतिभागियों के बीच रखा गया। उन्होंने सभी को स्थापना दिवस की बधाई दी। उसके बाद डॉ प्रज्ञा पुष्पांजलि द्वारा 'बैक टू बेसिक ऑफ एचआर' पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें एनआईपीएम सदस्य, सीसीएल अधिकारियों एवं कर्मियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए रिकॉर्ड आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य में संचालित 80 जिलास्तरीय मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में नामांकन के लिए शुक्रवार की शाम चार बजे तक 36,229 आवेदन प्राप्त हुए। उत्कृष्ट विद्यालयों में 8,984 सीटों पर नामांकन का लक्ष्य निर्धारित था। उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए इस बार ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों मोड से आवेदन लिए गए थे। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक अब तक विभिन्न जिलों से 34,695 ऑफलाइन आवेदन आये हैं जबकि ऑनलाइन मोड से नामांकन के लिए 1534 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदन करने वाले बच्चे दिनांक 18 से 21 मार्च तक प्रवेश परीक्षा से संबंधित एडमिट कार्ड प्राप्त कर सकेंगे। उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा 22 मार्च को आयोजित की जायेगी। 30 मार्च को प्रवेश से संबंधित पहली मेधा सूची का प्रकाशन किया जाएगा। एक अप्रैल से सात अप्रैल, तक विद्यार्थियों का नामांकन लिया जायेगा।

## बढ़ाई गयी थी आवेदन की समय सीमा




**8,984 रिक्त सीटों पर नामांकन के लिए आए 36 हजार से अधिक आवेदन**

**राज्य के मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए आवेदन करने की समय सीमा को बढ़ा दिया गया था। राज्य के सभी जिलों के उत्कृष्ट विद्यालयों में अपने बच्चों के नामांकन के लिए अभिभावक दूर-दराज से पहुंच रहे थे। अभिभावकों और बच्चों के उत्साह को देखते हुए समय सीमा को 15 मार्च तक बढ़ा दिया गया था।**

## इन विद्यालयों में मिलती है निःशुल्क शिक्षा

राज्य के 80 जिलास्तरीय मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में निःशुल्क उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान की जाती है। सभी विद्यालय सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएससी) से मान्यता प्राप्त है। ये उत्कृष्ट विद्यालय स्मार्ट क्लास, खेल-कूद एवं तकनीकी कौशल प्रशिक्षण के साथ विज्ञान विषय के लैब, पुस्तकालय, प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक, लैंग्वेज लैब समेत कई आधुनिक सुविधाओं से युक्त है। इन उत्कृष्ट स्कूलों में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उनमें रचनात्मक, सामाजिक और भावनात्मक कौशल का भी विकास किया जाता है।

# मैट्रिक-इंटर का रिजल्ट अप्रैल में, सम्मानित होंगे टॉपर्स

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य में मैट्रिक-इंटर परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न होने के बाद झारखंड शैक्षणिक परिषद (जैक) बोर्ड समय पर रिजल्ट जारी करने की तैयारी में है, जिसके लिए इन दिनों कॉपियों की जांच की जा रही है। नौ मार्च से शुरू हुई कॉपियों की जांच को इस महीने के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके बाद 15 दिनों के भीतर टेबुलेशन का काम पूरा कर अप्रैल के आखिरी सप्ताह तक रिजल्ट प्रकाशित करने की योजना बनाई गई है। इस संबंध में जैक अध्यक्ष अनिल महतो ने कहा कि हमारी कोशिश है कि रिजल्ट देने में देरी न हो। इसलिए कॉपियों की जांच तेजी से की जा रही है। हालांकि, जेपीएससी समेत कुछ परीक्षाएं भी आयोजित की जा रही हैं। इस वजह से कॉपियों की जांच की गति जरूर धीमी हो गयी है। जैक अध्यक्ष ने कहा कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले टॉपर्स को जैक द्वारा सम्मानित किया जाएगा।




## 7.66 लाख परीक्षार्थी मैट्रिक-इंटर की परीक्षा में हुए हैं शामिल

इस साल 6 फरवरी से 26 फरवरी तक राज्य में आयोजित मैट्रिक इंटर की परीक्षा में 7.66 लाख छात्र शामिल हुए हैं, जिसमें 4 लाख 21 हजार 678 छात्र मैट्रिक में और 3 लाख 44 हजार 822 छात्र इंटरमीडिएट में हैं। इन दिनों परीक्षा आयोजित होने के बाद जैक बोर्ड द्वारा कॉपियों की जांच की जा रही है, जिसके लिए राज्य के विभिन्न जिलों में 67 मूल्यांकन केंद्र बनाये गये हैं। इन मूल्यांकन केंद्रों में से 36 मैट्रिक और 31 इंटरमीडिएट के लिए केंद्र बनाये गये हैं। इस बार मूल्यांकन के तरीकों में बदलाव किया गया है। मार्क्स फाइल का प्रारूप भी बदल दिया गया है, जिसके तहत अंकों की तीन बार जांच की जा रही है। मार्क्स फाइल ओएमआर सीट आधारित होगी। जैक ने परीक्षकों को मूल्यांकन के दौरान 25 अभ्यर्थियों के अंक मार्क्स फाइल में लिखने का निर्देश दिया है।

# राज्य के सभी धार्मिक स्थलों का हो रहा सौंदर्यीकरण : चंपाई सोरेन

**नवीन मेल संवाददाता। सरायकेला**
मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन शुक्रवार को सरायकेला-खरसावां जिला के गम्हरिया प्रखंड स्थित पैतृक गांव जिलिंगगोड़ा पहुंचे। मुख्यमंत्री ने प्रकृति उपासना के महापर्व 'बाहा' पर जाहेरथान में पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों की सुख, समृद्धि, उन्नति और कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री ने सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत कुल्लुडीह जाहेरथान का विधिवत उद्घाटन भी किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य के सभी पूजा स्थलों का संरक्षण, जीर्णोद्धार एवं विकास का कार्य उनकी सरकार कर रही है। इस क्षेत्र में मौजूद अनेकों सरना



स्थल, जाहेरथान के सौंदर्यीकरण का कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने कहा कि कुल्लुडीह जाहेरथान बनकर तैयार है। जनजातीय संस्कृति से जुड़े रीति-रिवाजों को अक्षुण्ण रखा जा सके एवं इन स्थलों को जनजातीय संस्कृति के रूप में विकसित किया जा सके इस निमित्त उनकी सरकार निरंतर कार्य कर रही है।

## हाई कोर्ट की खबर

### झारखंड हाई कोर्ट में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की जमानत पर सुनवाई 12 अप्रैल को

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में बरियातू की चेशायर होम रोड जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री मामले रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की ओर से दायर जमानत याचिका की आंशिक सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से बहस की गई। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने मामले की




अगली सुनवाई 12 अप्रैल निर्धारित की है।चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन गड़बड़ी मामले में ईडी ने ईसीआईआर 5/2023 दर्ज किया है। मामले में छवि रंजन, प्रेम प्रकाश, अमित कुमार अग्रवाल सहित 10 आरोपितों के खिलाफ ईडी ने अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया है। ईडी ने रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और बड़गाईं के राजस्व कर्मचारी सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर 13 अप्रैल, 2023 को छापेमारी की थी। इस दौरान बड़ी संख्या में जमीन के फर्जी डीड, मुहर एवं अन्य कागजात ईडी को मिले थे। इसके बाद 14 अप्रैल, 2023 को ईडी ने सात आरोपितों को गिरफ्तार किया था।

### हाई कोर्ट ने जमीन कारोबारी की जमानत याचिका पर ईडी को जवाब के लिए दिया एक और मौका

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में बरियातू स्थित सेना की भूमि की खरीद-बिक्री घोटाले मामले में आरोपित अफसर अली की जमानत याचिका पर आंशिक सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में ईडी ने बताया कि जवाब तैयार है, वह आज दाखिल कर देंगे। कोर्ट ने ईडी के आग्रह को देखते हुए मामले की सुनवाई अगले सप्ताह निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने अफसर अली की गिरफ्तारी में अपनाई की प्रक्रिया संबंध में ईडी से जानकारी मांगी थी। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने मामले की सुनवाई की। याचिकाकर्ता ओर से अधिवक्ता निलेश कुमार ने पैरवी की। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया था कि अफसर अली के खिलाफ मामले में आरोप पत्र दाखिल हो गया है और जांच पूरी हो गई है।

### झारखंड हाई कोर्ट में तलहा खान की जमानत याचिका पर आदेश सुरक्षित

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में रांची में सेना की 4.55 एकड़ जमीन समेत अन्य जमीन घोटाले मामले में आरोपित तलहा खान की ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया। पूर्व में ईडी के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने तल्हा खान की जमानत याचिका का खारिज कर दी, जिसे उसने हाई कोर्ट में चुनौती दी है। मामले में ईडी ने 13 अप्रैल, 2023 को आरोपित को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है। इस मामले में प्रदीप बागची, बड़गाईं अंचल के सीआई भानु प्रताप प्रसाद, अफसर अली, इम्तियाज अहमद, तलहा खान और सद्दाम हुसैन को ईडी ने गिरफ्तार किया था।

### महुआ ने पथ निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**रांची।** राज्यसभा सदस्य डॉ महुआ माजी ने अपने सांसद निधि से रांची शहरी क्षेत्र अंतर्गत कटहल टोली कोनका मौजा में मुख्य पथ से जीसी मिज (गली नं 4) के घर तक पीसीसी पथ, कटहल टोली कोनका मौजा में मुख्य पथ से सुरेश खलखो के घर तक पीसीसी पथ, एवं चुटिया चुनवा टोली में मुख्य पथ से मारियानुस लकड़ा के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस शिलान्यास पर



मोहल्ले वासियों को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि उनकी जरूरतों में वे सामर्थ्य अनुसार अवश्य ही उनका साथ देंगी।

### सिपाही नियुक्ति पर हाई कोर्ट का फैसला सुरक्षित

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में कॉन्स्टेबल नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान इस केस से जुड़े सभी पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। अब कोर्ट इस मामले में क्या फैसला सुनाती है यह देखना महत्वपूर्ण होगा। वर्ष 2015 में हुई 6800 सिपाहियों की नियुक्त को रिट संख्या 04/2015 के माध्यम से प्रार्थी सुनील टुडू और अन्य ने हाई कोर्ट में चुनौती दी है। मामले की सुनवाई एक्टिंग चीफ जस्टिस की बेंच में हुई। पूर्व में हाईकोर्ट ने विज्ञापन संख्या 04/2015 के तहत नियुक्त सिपाहियों को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया था। इसके साथ अदालत ने यह भी निर्देश दिया था कि सिपाही के पद पर नियुक्त किये गये करीब 6800 सिपाहियों को व्यक्तिगत रूप से लिखित में सूचित किया जाये कि मामले के अंतिम आदेश से आपकी नियुक्ति प्रभावित होगी।

# हेमंत पार्ट एक से सबक ले चौकड़ी को किनारा करने लगे चाचा-भतीजी की जोड़ी

**उपेंद्र गुप्ता रांची। विधानसभा के बजट सत्र में जब सीएम चंपाई सोरेन ने खुद की सरकार को हेमंत पार्ट टू कहा तो लगा कि उनकी सरकार में वही सबकुछ होगा, जो हेमंत सोरेन की सरकार में हो रहा था, लेकिन लोगों की यह आशंका जल्द ही गलत साबित हो गई। कल्पना सोरेन के राजनीति में उतरते ही सरकार और पार्टी में भी फिजां बदलने लगी। चाचा चंपाई और भतीजी कल्पना ने मिलकर कुछ ऐसे फैसले लिए, जिससे सबको हैरानी हो रही है। हेमंत पार्ट वन में एक चौकड़ी सरकार के कामकाज में खूब दखल देती थी, इसमें नौकरशाह से लेकर कुछ राजनीतिज्ञ , व्यवसायी और हेमंत के खास चहेते शामिल थे। माना जाता है कि इन्हीं की वजह से हेमंत सोरेन के दामन पर काले दाग लगे। सबसे पहले ऐसे लोगों को ही दरकिनार किए जाने की कवायद चाचा चंपाई और भतीजी कल्पना सोरेन ने शुरू की।**

## चंपई और कल्पना ने खोला सभी के लिए दरवाजा



सीएम बनते ही चंपाई सोरेन ने सभी के लिए सरकार का दरवाजा खोल दिया है। वे खुद मंत्री-विधायक से सीधे जुड़ रहे हैं। जनता और क्षेत्र की समस्याओं से अवगत होकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे हैं। आम जनता, पार्टी के कार्यकर्ता और नेता उनसे सीधे मुलाकात कर अपनी बात रख सकते हैं। ठीक इसी तरह कल्पना सोरेन भी सियासी मैदान में उतरते ही पार्टी का दरवाजा सभी के लिए खोल दिया है, जो लोग पार्टी छोड़ चुके थे, उन्हें घर वापसी कराई जा रही है, तो नाराज लोगों को मान-सम्मान देकर मनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस कड़ी में सबसे बड़ा नाम संथालपरगना के एमटी राजा का लिया जा रहा है,, जो हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के रवैए से नाराज होकर आजसू में शामिल हो गए थे, उन्हें कल्पना सोरेन की पहल पर पार्टी में वापस लाया गया।



**नाराज लोगों को मनाने और पार्टी छोड़ चुके लोगों की घर वापसी भी कराने की है योजना**

**विधायकों, कार्यकर्ताओं व आम लोगों से फर्स्ट हैंड फिडबैक ले रहे हैं चंपाई और कल्पना**

### नौकरशाहों पर भी लगाम कसने की तैयारी

सियासी पिच पर उतरने के बाद कल्पना सोरेन सिर्फ पार्टी के कार्यों पर ही नजर नहीं रख रही, बल्कि सरकार पर भी उनकी पैनी नजर रख रही है । कल्पना सोरेन अच्छी तरह जानती है कि कुछ नौकरशाहों के कारण हेमंत सरकार की खूब बदनामी और किरकिरी हुई और अंत उन्हें भी जेल पाना पड़ा, इसलिए चाचा सीएम चपंई सोरेन के साथ मिल कर सरकार में भी भारी फेरबदल करने में जुटी है और ऐसे अधिकारियों पर लगाम लगा रही है। हेमंत के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू और प्रधान सचिव के पद से विनय चौबे को छुट्टी करना इसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है ।

### हेमंत और कल्पना की रणनीति या सियासी चाल

पार्ट वन के चौकड़ियों को एक-एक कर चंपई सरकार से दूर करने के पीछे रण ?ीति है या सियासी चाल । अभी पुख्ता तौर कुछ कहा नहीं जा सकता है। लेकिन यह रणनीति हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन और चंपई सोरेन का हो सकता है । पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हश्र और सीएम चंपई सोरेन के व्यक्तित्व को देखते हुए पार्ट टू में चौकड़ी से किनारा करना ही समझदारी माना गया। इसलिए नई रणनीति बनायी गई। फिर लोकसभा और विधानसभा चुनाव को देखते हुए चंपाई सोरेन की सरकार की छवि साफ-सुथरा बनाने की पहल के रूप में भी इसे देखा जा रहा है।

### सरकार और पार्टी की बदली चाल

सरकार के कामकाज पर नजर रखने वाले जानकार बताते है कि हेमंत सोरेन के दौर में आम जनता, कार्यकर्ता और पार्टी के बड़े की बात छोड़िए, मंत्री, विधायक और बड़े अधिकारी भी सीधे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से नहीं मिल सकते थे। मोबाइल पर भी बात बिल्कुल असंभव था, उन्हें सीएम हेमंत सोरेन से मिलने या बात करने के लिए उनके प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू के आगे-पीछे हफ्तों दौड़ना पड़ता था। जिससे मंत्री-विधायक अपनी बात या क्षेत्र की समस्या सीएम तक नहीं पहुंचा पाते थे, जिससे सभी में नाराजगी थी। कुछ खुल कर विरोध में उतर गए, तो कुछ अंदर ही अंदर घुटन में थे।

मंत्री रहते चंपाई सोरेन और घर में हेमंत के साथ रहते कल्पना सोरेन इन सभी बातों से भलीभांति परिचित थीं। हेमंत सोरेन के जेल जाते ही दोनों समझ गए थे कि अब ऐसे लोगों को किनारे नहीं लगाया तो पार्टी और सरकार दोनों को बचाना मुश्किल हो जाएगा। इसलिए सरकार और पार्टी का चेहरा बनते ही चाचा-भतीजी ने चाल बदल दी ।



# राज्य के सभी अंतरराज्यीय चेक पोस्ट को सक्रिय करें : अजय सिंह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
आसन्न लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखंड अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को एक समीक्षा बैठक हुई। इसमें पुलिस मुख्यालय अपर पुलिस महानिदेशक, अभियान, पुलिस महानिरीक्षक, अभियान सह स्टेट पुलिस नोडल पदाधिकारी (एसपीएनओ), पुलिस महानिरीक्षक समेत कई अधिकारियों ने भाग लिया।
बैठक में डीजीपी ने लंबित वारंटों / कुर्कियों के निष्पादन, निरोधात्मक कार्रवाई, हिस्ट्री शीटर्स, सक्रिय अपराधकर्मियों तथा अन्य उपद्रवियों को चिह्नित करना एवं उनके विरुद्ध की जा रही कार्रवाई, अंतरराज्यीय चेक पोस्ट को सक्रिय किए जाने, अवैध मादक पदार्थों, अवैध हथियार, अवैध शराब तथा अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं के विरुद्ध चलाये जा रहे सतत अभियान, आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान चुनाव आयोग के निर्देश के अनुरूप प्रतिनियुक्त किए जाने वाले सीएपीएफ/सैप तथा अन्य वाह्य बलों के आवासन व परिवहन की व्यवस्था करने, उग्रवादियों के विरुद्ध चलाए जा रहे नक्सल अभियान, नक्सल तथा आपराधिक आसूचना के आदान-प्रदान, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा संबंधी एसओपी के अनुपालन, कम्युनिकेशन प्लान, सोशल मीडिया मौनीटरिंग सेल की स्थिति, चुनाव संबंधी प्रशिक्षण तथा पूर्व में आहुत चुनावों से संबंधित लंबित कांडों की स्थिति की समीक्षा की गई। डीजीपी ने सभी प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, सभी क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षक, सभी वरीय पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षकों से उनके क्षेत्राधीन जिलों में लंबित वारंटों / कुर्कियों के निष्पादन की स्थिति, निरोधात्मक कार्रवाई, हिस्ट्री शीटर्स, सक्रिय अपराधकर्मियों तथा अन्य उपद्रवियों को चिह्नित करते हुए उनके विरुद्ध की जा रही कार्रवाई, पूर्व में आहुत चुनावों से संबंधित लंबित कांडों की अद्यतन स्थिति तथा उसमें हुई प्रगति की समीक्षा करते हुए उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया तथा उनपर एक जनवरी 2024 से 14 मार्च 2024 तक अद्यतन कृत कार्रवाई की स्थिति के संदर्भ में वितृत जानकारी ली।
डीजीपी ने राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों पर अंतरराज्यीय सभी चेक पोस्ट को सक्रिय करने, अवैध मादक पदार्थों, अवैध हथियार, अवैध शराब पर अंकुश लगाने का दिया निर्देश।
पुलिस महानिदेशक ने पूर्व से कार्यरत सीमावर्ती क्षेत्रों के अंतरराज्जीय चेक पोस्ट सक्रिय करने का निर्देश दिया।

### सोशल मीडिया पर रखें कड़ी नजर

राज्य पुलिस के सोशल मीडिया मॉनीटरिंग सेल की वर्त्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने उसे और भी अधिक कारगर बनाने का निर्देश दिया। ताकि, आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान सभी सोशल मीडिया पर निगरानी रखी जा सके एवं स-समय अफवाह सूचना के फैलाव को रोका जा सके।

# इलेक्टोरल बॉन्ड पर आमने-सामने आए कांग्रेस व भाजपा

## भ्रष्टाचारियों को नहीं भा रहा व्हाइट मनी से चुनाव लड़ने के लिए प्रेरित करने का एक सार्थक प्रयास : प्रतुल शाहदेव

### कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के पत्रकार वार्ता पर भाजपा का पलटवार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने शुक्रवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के पत्रकार वार्ता पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस इस देश में भ्रष्टाचार की जननी रही है। पहले कांग्रेस के यहां प्रचलित कहावत था-ना खाता ना बही, जो कांग्रेस के अध्यक्ष कहे वही सही। पहले कांग्रेस जैसे राजनीतिक दल चुनाव संबंधी लेनदेन कच्चे पैसे में करते थे। यह भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का बड़ा कदम था।अटल बिहारी वाजपेयी के समय में इनकम टैक्स कानून में संशोधन करके चुनाव में चंदा देने वाले कॉरपोरेट्स को टैक्स में रियायत देने की सार्थक पहल हुई। प्रतुल ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में इलेक्टोरल बॉन्ड लाकर चुनाव में राजनीतिक पार्टियों को व्हाइट मनी के जरिए चुनाव लड़ने के लिए प्रेरित करने का सार्थक प्रयास किया गया। यह बॉन्ड एक पारदर्शी सिस्टम का बेहतरीन



नमूना था, जहां स्टेट बैंक से कोई व्यक्ति या कॉर्पोरेट चुनावी बॉन्ड खरीद सकता था और उसकी पूरी जानकारी उसे स्टेट बैंक को उपलब्ध करानी पड़ती थी। 15 दिनों के भीतर इस बॉन्ड को पसंद के राजनीतिक दल को देना पड़ता था। भ्रष्टाचार की आदत लग चुकी कांग्रेस को यह पारदर्शी सिस्टम पसंद नहीं आया। इसलिए वह आज अनर्गल आरोप लगा रहे हैं। प्रतुल ने भाजपा और भाजपा के सहयोगी दलों की सरकार 18 प्रदेशों में है। भाजपा के 303 सांसद हैं जबकि कांग्रेस महज दो तीन प्रदेशों में है। फिर भी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार भाजपा को 6000 करोड़ के आसपास इलेक्टोरल बॉन्ड से प्राप्त हुआ है। कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के आंकड़ों को मिला दें तो यह 3000 करोड़ हो जाता है। इससे स्पष्ट दिख रहा है कि वजूद नहीं होने के बावजूद भी कांग्रेस शेल कंपनी के जरिए फंडिंग करवा रही है। प्रतुल ने कहा कि आज इलेक्टोरल बॉन्ड के खिलाफ खड़ी कांग्रेस को यह बताना चाहिए कि जिस समय यह सदन से पारित हो रहा था तो उसने विरोध क्यों नहीं किया था। यह कानून सर्वसम्मति से पारित हुआ था।

## भाजपा पहले चंदा लेती है और धंधा देती है : राजेश ठाकुर

**रांची ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा पहले चंदा लेती है और धंधा देती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीति रही है राम नाम जपना, पराया माल अपना और इसी तर्ज पर भाजपा नेताओं ने गैंग बनाकर इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए रकम की वसूली की है। ठाकुर शुक्रवार को रांची के कांग्रेस भवन में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। ठाकुर ने कहा कि 15 फरवरी को इलेक्टोरल बॉन्ड को असंवैधानिक घोषित करने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद से केंद्र की भाजपा सरकार एसबीआई के माध्यम से लगातार इस बात को सामने आने से रोकने या देरी करने की कोशिश कर रही थी। क्योंकि, इलेक्टोरल बॉन्ड के घोटाले सामने आने से प्रधानमंत्री के भ्रष्टाचार के मामले में दोहरी नीति का पदार्फाश न हों। उन्होंने कहा आश्चर्य की बात यह है कि 20 फरवरी को ईडी, सीबीआई और आईटी विभाग के छापे या जांच के तुरंत बाद 30 कंपनियों से भाजपा को 335 करोड़ रुपये तक का चंदा मिलना यह साबित करता है कि भाजपा संवैधानिक संस्थाओं को इस्तेमाल डरा-धमका कर हफ्ता वसूली में लगी है। ठाकुर ने कहा कि सेबी ने जिन चार कंपनियों को फर्जी (स्मॉल कंपनीज) बताया है, उनसे भाजपा ने 4.9 करोड़ का चंदा क्यों लिया? इन कंपनियों के माध्यम से भाजपा के पास किसका काला धन आया? कोरोना जैसी बड़ी महामारी में मोदी सरकार ने टीके बनाने का एकमात्र अधिकार सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया को दिया। सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने भी 50 करोड़ का चंदा दिया। इससे भी मन नहीं भरा तो बूस्टर डोज लगवाया। उन्होंने कहा कि जिसका परिणाम यह देखने को मिला रहा है कि युवा और बुजुर्ग को हार्ट अटैक हो रहे हैं। मोदी को इसका जवाब देना पड़ेगा। मोदी ने 10 वर्षों में एक भी पत्रकार वार्ता नहीं किया। सिर्फ अपने मन की बात की और मनमानी की। ठाकुर ने कहा कि तमाम परंपराओं को दरकिनार करते हुए चुनाव आयोग आनन-फानन में आचार-संहिता लागू करने की घोषणा इसलिए कर रही है कि भाजपा के इलेक्टोरल बॉन्ड पर भ्रष्टाचार को लेकर जन आंदोलन न हो और ना ही मीडिया में इस पर कोई बहस हो।



# नकली फेंटास्टिक कस्तूरी मसाला मिक्स बेचने वाले दो पर प्राथमिकी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बालाजी फूड प्रोडक्ट्स के कस्तूरी मसाला मिक्स का डुप्लीकेट बना कर बाजार में बेचने के आरोप में पंडरा व सुखदेवनगर थाना में शुक्रवार को अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। टाटीसिलवे इंडस्ट्रियल एरिया स्थित बालाजी फूड प्रोडक्ट्स के लोकप्रिय उत्पाद फेंटास्टिक कस्तूरी मसाला मिक्स का नकली उत्पाद बना उसी नाम से बेचने के आरोप में कंपनी के सुरक्षा कर्मी विशाल मंडल ने चौरसिया फूड प्रोडक्ट्स के मालिक सहदेवनगर निवासी श्रवण कुमार चौरसिया पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। वहीं दूसरी प्राथमिकी अमन गृह उद्योग की मालकिन खादगढ़ा आनंद नगर निवासी बेबी देवी के खिलाफ की गई है। विशाल मंडल के शिकायत पर पुलिस ने करवाई करते हुए बड़ी मात्रा में डुप्लीकेट माल जब्त किया है। कंपनी के मैनेजिंग पार्टनर



वेंकट रमन ने बताया कि विगत कई महीनों से बाजार में बालाजी फूड प्रोडक्ट्स के सबसे लोकप्रिय उत्पाद फेंटास्टिक कस्तूरी मसाला मिक्स के घटिया और निम्न स्तर की गुणवत्ता वाले डुप्लिकेट् उत्पाद ग्राहकों को बेचे जाने की शिकायत मिल रही थी। कंपनी ने इस धोखाधड़ी को संज्ञान में लेकर ऐसे डुप्लिकेटर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स और थोक विक्रेता को चिन्हित किया और अब उनके खिलाफ कानूनी करवाई की जा रही है।

## एक नजर

### मुखिया की अध्यक्षता में पंचायत भवन कपका में ग्राम सभा का आयोजन

**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत सचिवालय कपका में शुक्रवार को स्थानीय मुखिया कमलेश कुमार की अध्यक्षता में ग्राम सभा आयोजित की गई ।इस निमित सरकार के उपनिदेशक पंचायती राज झारखंड के पत्रांक संख्या 2909 एवं बीडीओ बरकट्ठा के पत्रांक 315 के आलोक में सबकी योजना सबका विकास कार्यक्रम के तहत जीपीडीपी अंतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए पूर्व से ग्राम सभा द्वारा चयनित थीम नंबर 6 आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा वाला गांव से संबंधित वार्षिक कार्य योजना का प्रारूप तैयार करने के हेतु ग्राम सभा आयोजित की गई ।वहीं उपस्थित ग्रामीणों ने अपने क्षेत्र के आवश्यक योजनाओं का चयन किया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि दिनेश प्रसाद ,रामेश्वर महतो, मोती प्रसाद, सुनील प्रसाद, उमाशंकर प्रसाद ,राजेंद्र ठाकुर ,संजय रविदास, भुनेश्वर मंडल, महेंद्र महतो ,मंटू प्रसाद, रीतलाल प्रसाद समेत सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

### दुर्गा पूजा कमेटी ने किया चारदीवारी निर्माण का विरोध

**रामगढ़ / भुरकुंडा।** भुरकुंडा रिवर साईड स्थित राजकीय मध्य विद्यालय सौंदा हो रहे चहारदीवारी निर्माण का श्रीश्री दुर्गा पूजा कमेटी शास्त्री पार्क कमेटी ने विरोध जताया है। निर्माण स्थल के निरीक्षण के बाद पूजा कमेटी ने विरोध जताते हुए कहा कि चहारदीवारी के नाम पर खाली जगह को घेरा जा रहा है, जिसका कोई मतलब नहीं निकलता है। दुर्गा मंडप से सटे हुए उक्त स्थल पर कमेटी सामुदायिक भवन बनवाने के प्रयास में लगा है, ताकि स्थानीय लोगों को सुविधा हो।

### गोला के नए थाना प्रभारी के रूप में हरिपद टुडू ने लिया कार्यभार

**रामगढ़ / गोला।** गोला थाना प्रभारी के रूप में हरिपद टुडू ने पदभार ग्रहण किया। निर्वतामन थाना प्रभारी ट्रेनी डीएसपी फौजान अहमद ने उन्हें पदभार सौंपा। विभाग के आदेश के बाद ट्रेनी डीएसपी फौजान अहमद को थाना से तबादला करते हुए उन्हें पुलिस केंद्र बुला लिया गया है। उनके स्थान पर हरिपद टुडू को गोला थाना का नया प्रभारी बनाया गया है। योगदान देने के बाद नए थाना प्रभारी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता थाना क्षेत्र में अवैध कारोबार को रोकने के साथ विधि व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करना है।

### हार्डवेयर व्यवसायी के आवास से 14 लाख नकदी व कीमती गहने की हुई चोरी

**रामगढ़ / कुजू।** कुजू बस्ती में रहने वाले हार्डवेयर व्यवसायी अर्जुन प्रसाद मेहता के आवास से नकाबपोश सशस्त्र अपराधियों ने देर रात करीब पौने दो बजे घरवालों को बंधक बनाकर भीषण डाकैती को अंजाम दिया। अपराधियों ने 13 लाख 60 हजार रुपए नकद के अलावा कीमती गहने लूटकर ले गए। इस दौरान अपराधियों ने घर के सभी सदस्यों को एक कमरे में बंद कर पुलिस को सूचित करने पर जान से मारने की हिदायत देते हुए भाग गए।

## भाजपा रामगढ़ कैंट मंडल ने किया परिचय बैठक का आयोजन

# नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में पुनः भाजपा की सरकार बनेगी : मनीष

**◆हमसब का प्रत्याशी कमल फूल का निशान है, सभी को अपने अपने क्षेत्रों में मिले दायित्वों को अच्छे से निभाना है**



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** शहर के साहू धर्मशाला में भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मण्डल के द्वारा मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एक परिचयात्मक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सह सदर विधायक मनीष जायसवाल उपस्थित हुए। बैठक में उनका कैंट मंडल द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस बैठक में वर्तमान रामगढ़ कैंट मण्डल के पदाधिकारी, मंच, मोर्चा के अध्यक्ष और सभी पदाधिकारीगण रामगढ़ कैंट में निवास कर रहे सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों समेत सभी बूथ अध्यक्षों और समर्पित कार्यकताओं से इस परिचयात्मक बैठक में सभी से परिचय प्राप्त कर अपने संबोधन में हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने सभी से लोकसभा चुनाव में युद्ध स्तर पर लग जाने को कहा। उन्होंने कहा कि हमसब का प्रत्याशी कमल फूल का निशान है। सभी को अपने अपने क्षेत्रों में मिले दायित्वों को अच्छे से निभाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं से लोगों को परीचित करवाना है। उन्होंने कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारी बहुमत के साथ केंद्र में पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। मंच संचालन ऋषिकेश सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन संतोष साहू ने किया। मौके पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता,पूर्व प्रत्याशी सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, महामंत्री खिरोधर साहू, रंजन फौजी, जिला उपाध्यक्ष आनंद बेदिया, बसुध तिवारी, कोषाध्यक्ष दीनदयाल साहू, हजारीबाग जिला मीडिया प्रभारी जयनारायण प्रसाद, प्रो संजय सिंह, कुणाल दास,अमर भारती आदि उपस्थित थे ।

### निमार्णाधीन स्पीड ब्रेकर के कारण गिरे बाइक सवार, रेफर

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा-सयाल मुख्य पथ पर आकाशदीप कॉलोनी के समीप निमार्णाधीन स्पीड ब्रेकर के कारण हादसा हुआ। भुरकुंडा की ओर से आ रही बाइक स्पीड ब्रेकर के कारण अनियंत्रित हो कर गिर पड़ी। इस हादसे में गरसुल्ला निवासी बबलू कुमार घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें गिद्दी सीसीएल अस्पताल में भर्ती करवाया था, जहां प्राथमिक चिकित्सा के बाद उन्हें बेहतर चिकित्सा के लिए रेफर कर दिया गया। इधर दुर्घटना के बाद निमार्णाधीन स्पीड ब्रेकर को लेकर बवाल शुरू हो गया। लोगों का कहना है कि स्पीड ब्रेकर की ऊंचाई ज्यादा है, जिससे चार पहिया वाहनों का मोबिल चैंबर व फर्श सट जाता है। यही नहीं, बाइक, स्कूटी, टोटो व ऑटो वालों को भी आवागमन में परेशानी हो रही है। बताते चले कि आकाशदीप मोहल्ले के समीप बाइक की चपेट में आने से एक सात वर्षीय मासूम की मौत हो गई थी। इसके बाद आंदोलित लोगों ने सीसीएल से स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की थी।

## सदर विधायक ने किया कई विकास योजनाओं का शिलान्यास

# कार्यकर्ताओं से एक बार फिर केंद्र में भाजपा की सरकार बनाने की अपील की



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने शुक्रवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग और हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के कई इलाके का तुफानी दौरा किया और करीब साढ़े तीन करोड़ की विकास योजनाओं का उद्घटान-शिलान्यास किया। उन्होंने अपने दौरे की शुरूआत कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सालगांवा में डीएमएफटी मद अंतर्गत करीब 01 करोड़ 86 लाख रुपए की लागत से ग्राम सलगांवा के बैंक ऑफ बडौदा से ग्राम लूटा के पीपल चौक तक जानेवाली पथ पर पीसीसी पथ एवं नाली निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। यहां ग्रामीणों से आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में कमल फूल निशान पर मतदान करने का अपील किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एक बार फिर केन्द्र में भाजपा की सरकार बनाने की अपील की।

## जीएम इवनिंग कॉलेज में पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# नूपुर ने स्पीकर का दायित्व निभाते हुए मतदान जैसे मुद्दों को उठाया



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** नेहरू युवा केन्द्र द्वारा जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम जी एम इवनिंग महाविद्यालय में शुक्रवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुश्री सुलोचना मीना, सहायक समाहर्ता विशिष्ट अतिथि डॉ जॉनी रुफिना तिर्की विभागाध्यक्ष, मानवशास्त्र, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, किशोरी राणा राष्ट्रीय अध्यक्ष नव झारखण्ड फाउंडेशन, विनय कुमार निदेशक, जी एम इवनिंग महाविद्यालय, पुष्कर कुमार शोधार्थी, विनोबा भावे विश्वविद्यालय व उमेश ठाकुर कार्यक्रम पदाधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना, जी एम इवनिंग महाविद्यालय उपस्थित रहे। विषय प्रवेश नेहरू युवा केन्द्र हजारीबाग के जिला युवा अधिकारी रुद्र शेखर ने किया। मंच संचालन नेहरू युवा केंद्र हजारीबाग के युवा मंडल सदस्य स्नेहा मुस्कान व अभिषेक रंजन ने किया। मुख्य अतिथि ने नारी शक्ति पर वक्तव्य दिया। वहीं अन्य अतिथियों ने वोकल फॉर लोकल, विकसित भारत, राष्ट्रवाद जैसे विषयों पर बात की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सांसद अभिनय मॉक पार्लियामेंट रहा जिसमें राष्ट्रीय युवा संसद कार्यक्रम में झारखंड राज्य का प्रतिनिधत्व कर चुकी नूपुर माला ने स्पीकर का दायित्व निभाते हुए युवा, विकसित भारत, मतदान जैसे मुद्दों को उठाया व अन्य सदस्यों को पक्ष- विपक्ष विचारों की प्रस्तुति में सहायता की।

# रामगढ़ छावनी परिषद को बचाने के लिए धनंजय कुमार पुटूस करेंगे आंदोलन



**◆अगर छावनी परिषद का नगर परिषद में विलय हो जाता है, तो व्यापारियों पर टैक्स का आर्थिक बोझ बढ़ जाएगा**

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** रामगढ़ छावनी परिषद के नगर परिषद में विलय के विरोध में रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी सह रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में आंदोलन की घोषणा की। उन्होंने कहा है कि छावनी परिषद को समाप्त कर रामगढ़ शहर को राज्य सरकार द्वारा संचालित नगर निकाय बनाने की साजिश चल रही है। इसका हमलोग शुरू से विरोध कर रहे हैं। पूर्व में भी हमलोगों ने जनता को बताने का प्रयास किया था कि अगर छावनी परिषद का नगर परिषद में विलय हो जाता है, तो यहां रहने वाले लगभग 01 लाख आम नागरिकों व व्यापारियों पर टैक्स का आर्थिक बोझ बढ़ जाएगा। साथ ही लोगों को अन्य बहुत सारी टैक्स व प्रशासनिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हमलोग जनता व व्यापारियों को लगातार बता रहे हैं कि ऐसा नहीं है कि छावनी परिषद के नगर परिषद में विलय हो जाने से रातों रात विकास की गंगा बहनी शुरू हो जाएगी। वर्तमान में नगर परिषद क्षेत्र की क्या स्थिति है ये खुद देखा जा सकता है। इस विषय को लेकर रामगढ़ की आम जनता को भी जागरूक होना चाहिए नहीं तो धीरे धीरे रामगढ़ शहर वीरान हो जाएगा। धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि छावनी परिषद को बचाने के लिए रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति 17 मार्च से चरणबद्ध आंदोलन करेगी ताकि शहर में रहने वाले लगभग 1 लाख गरीब, मजदूर, किसान, मिडिल क्लास व व्यापारियों पर टैक्स व अन्य छुपे हुए प्रशासनिक परेशानियों का बोझ नही पड़े। लगभग 1 लाख लोगो से भरे रामगढ़ को बचा पाऊंगा या नही...इस आंदोलन में हमे जीत मिलेगी या नही ये मैं नहीं जानता, लेकिन रामगढ़ को बचाने के लिए मै प्रयास जारी रखूंगा।

# युवा संसद में गौतम महतो ने प्रधानमंत्री की भूमिका निभाई




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** नेहरू युवा केन्द्र रामगढ़ द्वारा शुक्रवार को रामगढ़ कॉलेज रामगढ़ में जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद का आयोजन किया गया। जिसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखण्ड प्रदेश सह मंत्री गौतम कुमार महतो ने प्रधानमंत्री का भूमिका निभाई। पिछले 10 वर्षों में किए गए कार्यों का पड़ोस युवा सांसद में लेखा जोखा पेस किया गया। जिसके तहत बताया गया कि पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 81.38 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन का लाभ मिला, किसान सम्मान निधि के तहत प्रत्येक 11 करोड़ खातों में 2.81 लाख करोड़ रुपये भेजे गए, महिलाओ 33 प्रतिशत आरक्षण देकर उनका सम्मान बढ़ाया गया, पीएम उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ महिलाओं को एलपीजी कनेक्शन दिया गया, पीएम पोषण योजना के तहत 11.80 करोड़ विद्यार्थियों को पोषण युक्त आहार मिला, स्वच्छ भारत मिशन के तहत 11.33 करोड़ ग्रामीण घरों में शौचालय का निर्माण कराया गया।

## दो दिवसीय टेक्निकल सेशन व सम्मान समारोह आयोजित

# 12 राज्यों से 75 लोग ऑनलाइन और स्थानीय 150 लोगों ने लिया हिस्सा




**नवीन मेल संवाददाता। बरही** रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय में तकनीक और शोध विषय पर चल रहे दो दिवसीय सेमिनार का शुक्रवार को समापन हुआ. सेमिनार के दूसरे दिन टेक्निकल सेशन व सम्मान समारोह आयोजित किया गया. दूसरे दिन बतौर मुख्यातिथि बीओआई व पीएबबी बरही के शाखा प्रबंधक शामिल हुए. प्राचार्य डॉ बिमल किशोर ने सेमिनार में शामिल सभी लोगो का स्वागत करते हुए तकनीक और शोध विषय पर अपने विचार रखे. इसके बाद टेक्निकल (ऑनलाइन) सत्र की शुरूआत हुई. करीब 45 मिनट तक चले इस सत्र में दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, यूपी आदि 12 राज्यों के 75 लोगो ने अपने विचार रखे. वही ऑफलाइन सत्र के दौरान पारसनाथ, तिलैया, आरएनवाईएम कॉलेज बरही आदि कॉलेजों के 150 लोगो ने हिस्सा लिया. आरएनवाईएम महाविद्यालय के प्राध्यापक को निधि शोध पर आधारित अपने आर्टिकल्स प्रस्तुत किए. वही आईसीएसआरडी बेंगुलुरु के निदेशक डॉ एम कुमार और डॉ के के मिश्रा ने शोध का तकनीक में महत्व पर विस्तार से जानकारियां दी. इनलोगो ने बताया कि विद्यार्थी जीवन से शोध प्रारंभ करने लगते है. परंतु शोध जब सहायक और कल्याणकारी होता है।

## ज्ञान | आईसेक्ट विवि में एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन

# आईटी का क्षेत्र रचनात्मकता से भरा है छात्रों को ध्यान देने की जरूरत : कुलपति

**◆मुख्य वक्ता ने आईटी विभाग से जुड़ी कई महत्वपूर्ण तकनीकों की बारीकियां बताईं और कहा कि वर्तमान समय में इंटरनेट का प्रयोग बड़े पैमाने पर हो रहा है**



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में विश्वविद्यालय के सीएस एंड आईटी विभाग एवं स्कूल ऑफ डिजिटल लर्निंग के संयुक्त तत्वावधान में आईक्यूएसी के सहयोग से एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य वक्ता कृष्ण कुमार शामिल हुए। इससे पूर्व विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा, सीएस एंड आईटी डीन उदय रंजन, एचओडी तारा प्रसाद, निदेशक स्कूल ऑफ डिजिटल लर्निंग रविकांत कुमार समेत अन्य के हाथों दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मौके पर डीन उदय रंजन व निदेशक स्कूल ऑफ डिजिटल लर्निंग रविकांत कुमार ने मुख्य वक्ता कृष्ण कुमार, कुलपति डॉ पीके नायक एवं कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद को बुके भेंट कर स्वागत किया। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की मौजूदगी में बोल रहे मुख्य वक्ता कृष्ण कुमार ने आईटी विभाग से जुड़ी कई महत्वपूर्ण तकनीकों की बारीकियां बताई और कहा कि वर्तमान समय में इंटरनेट का प्रयोग तो बड़े पैमाने पर हो रहा है लेकिन इसे अपडेट करने की दिशा में काम नहीं हो पा रहा है। इस तथ्य के अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। वहीं विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके ने कहा कि आईटी का क्षेत्र रचनात्मकता से भरा है, विद्यार्थियों को इस ओर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। इससे तकनीकों के अपडेट में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में इंटरनेट का प्रयोग करने के लिए विभिन्न ऐपों और वेबसाइट का सहारा लेना पड़ता है और सबसे मजेदार बात है कि अलग अलग कॉन्टेंट के लिए अलग-अलग ऐप्स का सहारा लेकर इंटरनेट प्रयोग में लाया जा रहा है, जिसे अपडेट कर केवल एक ऐप का प्रयोग कर सभी सामग्रियों के लिए प्रयोग में लाया जा सकता है।

## न्यूज बॉक्स

### उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक के साथ उपकारा रामगढ़ का किया औचक निरीक्षण




**रामगढ़।** उपकारा रामगढ़ में कैदी द्वारा मोबाइल इस्तेमाल किए जाने संबंधित गुप्त सूचना प्राप्त होने के उपरांत गुरुवार रात को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार के साथ उपकारा रामगढ़ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपकारा रामगढ़ से दो मोबाइल फोन एवं नशीले पदार्थ जब्त किए गए। जिसके उपरांत मामले में नियम अनुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है। मौके पर अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़, थाना प्रभारी रामगढ़ सहित अन्य उपस्थित थे।

### कछुए की चाल से हो रहा सड़क निर्माण कार्य, राहगीर परेशान




**बरकट्ठा।** गोरहर से चोरदाहा चौपारण तक जीटी रोड चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है ।वहीं निर्माण एजेंसी द्वारा कछुए की चाल से सड़क निर्माण होने के कारण राहगीर परेशान हैं। निर्माण करीब पांच वर्ष से की जा रही है। इस अंतर्गत गोरहर,शिलाडीह, कोनहारा खुर्द, धरहरा में ओवरब्रिज भी बनाया जा रहा है और सड़क को वन वे कर दी गई है। वहीं कई स्थानों पर बड़े बड़े गढ्ढे बन गये हैं। जिस कारण कई बार रास्ते में वाहन खराब हो जाने से घंटो तक सड़क जाम हो जाती है और राहगीरों में बेचैनी हो जाते हैं। वही निर्माण एजेंसी द्वारा घोर लापरवाही बर्तने के कारण अब तक दर्जनों लोग काल में गाल में समा चुके हैं। निर्माण एंजेसी द्वारा स्पीड नियंत्रण का कहीं बोर्ड भी नहीं लगाया गया है ।वहीं सड़क के डिवाइडर को तोड़ा गया है जिसमें नुकीले छड़ पिछले 5 वर्षों से निकले हुए हैं। इससे गाड़ियों के टायर ब्लास्ट होते हैं तथा आसपास के लोगों को विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विदित हो कि सड़क दुर्घटना में लगातार इजाफा के बाद भी निर्माण एंजेसी राजकेशरी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के कानों में जूं तक नहीं रेंग रहा है। दबे जुबान से लोग कह रहे हैं कि निर्माण एजेंसी कार्य पूरी कर पाएगी या अधूरी छोड़ देगी?

### रक्तदान कर बचाई 6 माह के बच्चे की जान



**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत चेचकप्पी निवासी रोहित सिंह के छः माह के बेटे को रक्त की अत्यधिक कमी के कारण स्थिति नाजुक हो गई थी। वहीं बच्चे का ग्रुप हजारीबाग ब्लड बैंक में नही मिल पा रहा था। इसकी सूचना समाजसेवी व झारखण्ड नव निर्माण युवा सेना के संस्थापक सी के पाण्डेय को मिली। सूचना मिलने के बाद संस्था के सदस्य दुर्गा कुमार सिंह ने सदर अस्पताल हजारीबाग पहुंच कर रक्तदान की तथा बच्चे की जान बचाया। ब्लड मिलने के बाद रोहित सिंह ने सी के पाण्डेय एवं दुर्गा सिंह को धन्यवाद दिया। इस दौरान समाजसेवी सी के पाण्डेय ने कहा कि मैं खुद लगभग 52 बार रक्तदान कर चुका हूँ। रक्तदान करने से शरीर को बहुत फायदा होता है। इसलिए सभी युवाओं को रक्तदान जरूर करना चाहिए।

### कायाकल्प टीम ने अनुमंडलीय अस्पताल का किया दौरा, व्यवस्था की ली जानकारी



**बरही।** स्वास्थ्य विभाग के निदेर्शानुसार स्टेट से आई कायाकल्प की टीम ने अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण किया. इस दौरान अस्पताल में उपलब्ध सेवाओं एवं सुविधाओं का जायजा लिया. साथ ही पहले और अब की व्यवस्थाओं का तुलनात्मक अध्ययन किया. इस क्रम में ओपीडी में मरीजों की संख्या, इमरजेंसी वार्ड, जांच केंद्र, ट्रॉमा केंद्र सहित अस्पताल में उपलब्ध मानव संसाधन, मशीनरी इत्यादि की भी जानकारी ली. इस दौरान टीम ने ओपीडी में इलाजरात मरीजों से भी जानकारी ली. टीम में स्टेट से एनएचएम के कम्युनिटी प्रोसेस विकास कुमार व सह सहायक संजय कुमार और जिला समन्वयक साजिया शामिल थे. मौके पर डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, डॉ इंद्रजीत कुमार, डॉ प्रवीण कुमार, डॉ अंकुर, बीपीएम नारायण राम, एचएम सुधांशु शेखर, एएनएम सविता कुजूर,ममता कुमारी इत्यादि मौजूद थे.

### आयरन मैन प्रवीण तेवतिया पहुंचे हजारीबाग पढ़ाया योग का पाठ

**हजारीबाग।** स्वास्थ्य ही जीवन है स्वास्थ्य है तो सब कुछ है स्वास्थ्य नहीं तो कुछ भी नहीं एक समय सैनिक बनकर देश सेवा में योगदान दिया जब मुंबई के ताज होटल पर आतंकवादियों ने हमला किया तब सैनिक बनकर अपने साथियों के साथ 185 लोगों की जीवन रक्षा की।घटना में एक आतंकवादी मेरी गोली का शिकार होकर मारा गया मगर इसमें मुझे अपने गुर्दे और कान गंवाने पड़े।उक्त बातें हजारीबाग झील परिसर में संचालित भारत स्वाभिमान पतंजलि योगपीठ के योग शिविर में बतौर मुख्य अतिथि आयरन मैन प्रवीण तेवतिया ने कही।उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से सैनिक बनकर देश सेवा करने का मौका मिला ठीक उसी प्रकार एक साधक के रूप में योगी बनकर आज योग का पाठ पढ़ा रहे हैं और लोगों के प्राण योग के माध्यम से बचाने का काम कर रहे हैं। आज हजारीबाग पहुंचा हूं जहां तीन झीलों के बीच इस योग स्थल पर आकर काफी आनंद की अनुभूति हो रही है। कहा कि स्वास्थ्य ही जीवन है। मौके पर पतंजलि राज्य प्रभारी रामजीवन, पतंजलि जिला प्रभारी राम लखन साहु, संजीव कुमार, प्रमोद जी, कौशल कुमार, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य बटेश्वर प्रसाद मेहता , बिनोद साव, नगर प्रभारी सतेंद्र, राजा, तुलसी, जयंत,शिव कुमार, अशोक, सुमन, अजीत, शिव शंकर, सुरेंद्र कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### लोकसभा कोर कमिटी व प्रबंधन समिति की बैठक में भाजपा नेता हुए शामिल

**सिमडेगा।** रांची में रांची क्लस्टर अंतर्गत रांची खूंटी एवं लोहरदगा लोकसभा एवं विधानसभा कोर कमेटी एवं चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक हुई। बैठक में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कार्यकर्ताओं को झारखंड के लोकसभा के 14 में से 14 लोकसभा सीट जीतने का आवाहन किया और कहा कि अबकी बार 400 पार के नारे को हकीकत में बदलने के लिए झारखंड के 14 कमल रूपी सांसद को मोदी जी के गले का हार बना कर भेजें।मौके पर खूंटी लोकसभा प्रभारी रविन्द्र राय, खूंटी लोकसभा संयोजक कोचे मुंडा, सह संयोजक ओमप्रकाश साहु, जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, पूर्व मंत्री विमला प्रधान, पूर्व विधायक निर्मल कु बेसरा, सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव, रामअवध साहु, दुर्गविजय सिंहदेव, अमरनाथ बामलिया, संजय ठाकुर, जोगिंदर मांझी ,सुमंत बीसी मौजूद थे।

### मनरेगा प्रावधान में मनरेगा मजदूर की मौत के बाद आश्रित को मिलती है मुआवजा

कोडरमा। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत अधिकतम 65 साल तक उम्र के जिन मजदूरों द्वारा किसी वित्तीय वर्ष में कम से कम 15 दिनों तक योजनाओं में कार्य किया गया हो। उनका उसी वित्तीय वर्ष अथवा उसके अगले वित्तीय वर्ष में मौत अथवा दुर्घटना में मृत्यु अथवा अप्राकृतिक मौत अथवा अंग भंग हो जाने पर उनके आश्रितों,वैध उत्तराधिकारियों और दुर्घटना से पीड़ित श्रमिकों को अनुग्रह अनुदान राशि का भुगतान किया जाता है। इसके जिए दुर्घटना में मौत अथवा अप्राकृतिक मौत होने अथवा स्थायी रुप से विकलांग, अंग भंग होने पर दो लाख रू,दुर्घटना में आंशिक रुप से विकलांग होने पर 75 हजार,सामान्य मृत्यु होने पर एक लाख रू का प्रावधान है।

### डकैती की घटना को अंजाम देने वाला एक आरोपी देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार

**कोडरमा।** झुमरी तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत एक कांड के अप्राथमिकी अभियुक्त अभिषेक शर्मा, पिता- रूपलाल ठाकुर और पप्पू शर्मा, पिता- रूपलाल शर्मा, दोनों ग्राम चचघरा, थाना- जमुआ, जिला गिरीडीह के घर पर बुधवार की रात करीब 3.15 बजे छापेमारी की गई। छापेमारी कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह और गिरिडीह एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर आपसी समन्वय के साथ कोडरमा और खोरीमहुआ एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम गठित कर की गयी। छापेमारी में कांड के अप्राथमिकी अभियुक्त पप्पू शर्मा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार पप्पू शर्मा की तलाशी के दौरान उसके पास से लोडेड देसी कट्टा के साथ 315 बोर का एक कारतूस बरामद किया गया। देसी कट्टा और कारतूस के साथ पकड़े गए अपराधी से पूछताछ में उसने बताया कि इसका इस्तेमाल झुमरी तिलैया थाना क्षेत्र में हुई एक डकैती में इसका इस्तेमाल किया था।

# दिव्यांगों को एक ही परिसर में उपलब्ध कराई जाएगी सारी सुविधा : एनोस एक्का

**नवीन मेल संवाददाता**

सिमडेगा। दिव्यांग सेवा आश्रम का 16वा स्थापना दिवस संडे का स्थित आश्रम के कार्यालय परिसर में मनाया गया मौके पर मुख्य रूप से झापा के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री है एनोस एक्का और जिला अध्यक्ष मतियस बागे उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप जलाकर की गई। मौके पर एनोस एक्का ने उपस्थित सभी दिव्यांगों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी के द्वारा दिव्यांग सेवा आश्रम के माध्यम से सभी दिव्यांगों को सभी तरह की सुविधा पहुंचाने के लिए प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिव्यांग जनों के लिए आश्रम परिसर में ही स्वास्थ्य केन्द्र, स्कूल, प्रशिक्षण केंद्र आदि बनाया जाएगा ताकि दिव्यांगों को



आने जाने में परेशानी न हो। दिव्यांग लोगों को समाज का अभिन्न अंग बताते हुए एनोस एक्का ने कहा कि सरकारी नौकरी में भी दिव्यांगो को आरक्षण देने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी को लोगों का प्यार और स्नेह मिलता है, तो विधायक बनने के साथ ही जिले के सभी दिव्यांगों को सुविधा दिलाने का सार्थक कार्य होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी घोषणा नहीं धरातल पर काम करने पर विश्वास रखती है। और झारखंड पार्टी ने काम करके दिखाया है। कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष ने भी संबोधित किया। मौके पर दिव्यांगों ने भी अपनी कई समस्याओं से पूर्व मंत्रियों को अवगत कराया। मौके पर कई लोग उपस्थित थे।

**दिव्यांग जनों के लिए आश्रम परिसर में ही स्वास्थ्य केन्द्र, प्रशिक्षण केंद्र आदि बनाया जाएगा ताकि आने जाने में परेशानी न हो।**

खड़िया समाज विधायक की अगुवाई में मंत्री से की मुलाकात

# सिमडेगा कॉलेज का नाम तेलेंगा खड़िया कोलेज रखने की अपील की



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाडी के प्रयास पर खड़िया माहाडोकलो के प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को झारखंड सरकार के मंत्री दीपक बिरूआ से मुलाकात की तथा समस्याओं के निराकारों के संबंध में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। उन्होंने ज्ञापन में कहा कि आदिवासी समुदाय के बीच जमीन की खरीद बिक्री करने के लिए सीएनटी एक्ट में थाना क्षेत्र की बाध्यता का समाप्त किया जाए जिससे की संपूर्ण झारखंड के आदिवासी समुदाय के बीच कहीं भी जमीन की खरीद बिक्री किया जा सके। आदिवासी समुदाय के बीच सीमित भूखंड की खरीद करने के लिए सीएनटी एक्ट में थाना क्षेत्र की व्यवस्था समाप्त का पूरे प्रदेश के लिए अनिवार्य बनाया जाए लेकिन इस जमीन की खरीद बिक्री में आवासीय एवं व्यवसाय के लिए सीमा 25 डेसिमल 30 डिसमिल क्रमशः अप्लाई किया जाए ताकि एलीट क्लास वाले लोग इसका नाजायज फायदा ना उठा सके या तो 1908 ईस्वी में जब कानून बना उसे समय जो थाना क्षेत्र था उसी थाना क्षेत्र को मान्यता दिया जाए।

### बीडीओ ने राशन दुकान का निरीक्षण कर निर्धारित मात्रा में अनाज देने का दिया निर्देश



**जलडेगा।** क्षेत्र भ्रमण के क्रम में बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार ने गुरुवार को कोनमेरला में राशन कार्डधारियों के बीच राशन वितरण होता देख राशन डीलर के दुकान पर अचौक निरीक्षण करने पहुंच गए। उन्होंने राशन कार्ड धारियों से बातचीत कर आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए प्रेरित किया और खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता और अनाज वितरण रजिस्टर को भी जांचा। उन्होंने डीलर को कहा कि राशन की मात्रा एवं ससमय पर कार्ड धारी को राशन मिलना चाहिए। कार्ड धारी द्वारा किसी प्रकार की शिकायत मेरे पास आने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### बीडीओ ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण; सेक्टर पदाधिकारी एवं बीएलओ को कई निर्देश



**जलडेगा।** गुरुवार को बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार जलडेगा के विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया तथा प्रखंड सभागार में बैठक कर सेक्टर पदाधिकारी एवं बीएलओ को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बीडीओ ने बताया कि सभी बूथों पर बिजली, पानी और सड़क की सुविधा एवं मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े, इसको लेकर भी बूथों का निरीक्षण किया जा रहा है। जिस मतदान केंद्र पर मतदाता जाएंगे वहां किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसको लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। बीडीओ ने कहा कि सभी बूथों पर प्रयास होगा कि एक बार स्वयं निरीक्षण कर वहां की स्थिति का आकलन अपने स्तर पर करें। निरीक्षण के क्रम में बीडीओ ने जयंती उच्च विद्यालय गांगु टोली, टांगिया स्थित नवनिर्मित मॉडल स्कूल का का जायजा लिया। मौके पर लक्ष्मी नारायण प्रसाद, जलडेगा थाना प्रभारी शशि शंकर सिंह, पंचायत सचिव अमित आशीष, मुखिया अनिमा तोपनो और शिशिर डांग आदि उपस्थित थे।

### सर्पदंश से व्यक्ति घायल,भाजपा नेता ने जाना हालचाल

सिमडेगा। सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र पालकोट प्रखंड विलिंगविरा पंचायत लच्छालोया ग्राम के देवेन्द्र सिंह को गुरुवार देर शाम सांप काटने पर उसे सदर अस्पताल सिमडेगा में भर्ती कराया गया। इस बात की सुचना बजरंग बली मन्दिर समिति लच्छालोया के सचिव राजपति सिंह ने भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा को जानकारी दिया। सुचना मिलते ही समाजसेवी श्री बेसरा ने पीड़ित व्यक्ति का हालिया खबर जानने के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा पहुंचे एवं परिवार वालों से मुलाकात किए। तत्पश्चात श्री बेसरा ने चिकित्साकर्मियों से इलाजरत व्यक्ति के उपचार के संबंध में बात चीत करते हुए कहा कि मरीज का बेहतर ढंग से इलाज होना चाहिए। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता कृष्णा राय कोटवार उपस्थित थे।

## कस्तूरबा गांधी विद्यालय बानो में दिया पोक्सो एक्ट की जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। बानो** विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बानो में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (द्वितीय) नारंजन सिंह की उपस्थिति में आयोजन किया गया विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत उनका किया गया। न्यायाधीश द्वारा छात्राओं को पॉक्सो अशियम के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि आपकी सुरक्षा के लिए यह बहुत कड़ा कानून है ।किसी तरह की घटना की जानकारी त्वरित अपने विद्यालय की वार्डेन, शिक्षिका , पुलिस प्रशासन को दें जिससे त्वरित कार्रवाई हो सके उन्होंने बताया कि पीड़िता के लिए न्यायालय के माध्यम से पूरी तरह से कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है ।उन्होंने उपभोक्ता दिवस पर उपभोक्ताओं के अधिकारों के विषय मे भी जानकारी दी स्थाई लोक अदालत के सदस्य चंदन डे ने बच्चियो को डायन प्रथा के विषय मे जानकारी देते हुए बताया कि, किसी को डायन कहना ही अपराध की श्रेणी में आता है, उन्होंने कहा कि डायन प्रथा एक अंधविश्वास है, जो समाज में अभिशाप के रूप में पल रहा है। इसके लिए लोगो की जागरूकता जरूरी है अधिवक्ता सुकोमल द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा दी जाने वाली निःशुल्क कानूनी सहायता और लोगों के लिए जा रहे कानूनी सहयोग के विषय मे जानकारी दिए।

नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने बांध मरम्मत का किया शिलान्यास

# कोलेबिरा विधायककोलेबिरा के सनबोथा में बांध मरम्मति का किया शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा** कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाडी प्रखंड के सनबोथा बांध मरम्मती कार्य का शिलान्यास किया। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि उक्त काम हो जाने से क्षेत्र के किसानों,मछुआरों को लाभ मिलेगा, किसान अपने खेतों में पानी के बिना खेती नहीं कर पा रहे हैं,अब उनके खेतों तक पानी पहुंचेगा। विधायक ने कहा कि हमारा देश कृषि आधारित है ।यहां के किसान खेती और जंगल के उपज पर निर्भर है। इन सारी बातों को ध्यान में रखते हुए झारखण्ड सरकार ने किसानों के लिए अनेकों लाभकारी योजनाएं चलाई है। किसान कैसे सशक्त और समृद्ध हो इसपर सरकार कार्य कर रही है ।कृषि विभाग के माध्यम से खाद बीज उपलब्ध कराया जा रहा है ।कृषि को बढ़ावा देने के लिए जगह जगह डीप बोरिंग,तालाब निर्माण आदि किए जा रहे हैं। किसानों का जहां 50 हजार का कृषि ऋण माफी हो रहा था अब दो लाख तक माफी योजना सरकार ने लाई है ।यही नहीं सभी क्षेत्रों में झारखण्ड राज्य की सरकार लाभकारी योजनाएं चलाई है ।जो अभी धरातल पर कार्य हो रहा है ।कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, प्रखंड अध्यक्ष सुलभ नेल्सन डुंगडुंग जिला उपाध्यक्ष श्याम लाल प्रसाद, फ्रांसिस बिलुंग, प, सुनील खड़िया, अशफाक आलम राकेश कोनगाड़ी, जमीर अहमद जमीर हसन राकेश कोनगाड़ी अमृत डुंगडुंग आदि मौजूद थे।

# बानो शिव मंदिर स्थापना दिवस हवन पूजन के साथ हुई संपन्न



**बानो।** बानो शिव मंदिर स्थापना दिवस पर आयोजित अखण्ड हरि कीर्तन का शुक्रवार को पूणाहुंति के पश्चात नगर भर्मण नाच गाने के साथ निकली । जय श्री राम, जय श्री राम की नारों के साथ नगर भर्मण मन्दिर परिसर से निकल कर मुख्य मार्ग होते हुए बाजार टॉड, राधा कृष्ण मन्दिर, बड़ाईक बस्ती होते हुए पुनः मन्दिर परिसर पहुँची ।रास्ते में जगह जगह दही का वितरण तथा प्रसाद वितरण के साथ लोग भक्ति गीतों पर झूमते रहे। पूजन कार्य भरथु दुबे व मनोहर दिवेदी के नेतृत्व में हुई। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय साहू ,अर्जुन साहू आनन्द चौरसिया, विश्वनाथ बड़ाईक, करुण रॉय, जितेंद्र ठाकुर,सनातन पंडा आदि लोगो का सहयोग रहा।

### होल्डिंग टैक्स के 34 बकायादारों का बैंक खाता किया फ्रीज

**कोडरमा / झुमरी तिलैया।** नगर परिषद झुमरीतिलैया के प्रशासक हर्षवर्धन ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के होल्डिंग टैक्स के बकाएदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। इसके तहत 34 होल्डिंग धारकों का बैंक खाता फ्रीज कराया गया। प्रशासक श्री हर्षवर्धन ने बताया कि सभी होल्डिंग धारी ससमय होल्डिंग टैक्स जमा करें। बकाया होने पर नियमसंगत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर एक में मधुसूदन दारुका, गणेश शंकर प्रसाद, सुनील कुमार सिंह, जेम्स पीटर डिक्रुज, वार्ड नंबर दो में मधुसूदन दारूका एंड संस का खाता फ्रीज किया गया है। उसी प्रकार वार्ड नं. पांच में महेश कुमार अग्रवाल, वार्ड नं. सात में सुनीता देवी, मनोज कुमार पंडित का खाता फ्रीज किया गया। उसी प्रकार वार्ड नंबर 11 में शशि कुमार पांडेय एंड ब्रदर्स, वार्ड नंबर 12 में शिवतारा सरस्वती शिशु मंदिर, मीरा देवी, अभिषेक भदानी, अनुराग भदानी, प्रवीण भदानी, नवीन भदानी, उर्मिला सिंह, वार्ड नंबर 14 में मधुसूदन दारूका, प्रवीण कुमार सुखानी का खाता फ्रीज किया गया। वार्ड नंबर 15 में साकेत कुमार भदानी, सौरव भदानी और शुभम भदानी, मीरा देवी, वार्ड नंबर 18 में माया देवी, वार्ड नंबर 19 में द एल्युमीनियम, वार्ड नंबर 25 में संगीता बर्णवाल और अजय बर्णवाल, वार्ड नंबर 26 में अरुण कुमार सूद, शकुंतला देवी, मीना देवी और वार्ड नंबर 28 शिवतारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर का बैंक खाता फ्रीज कराया गया।

### डोमचांच में माइका गोदाम को एसडीओ ने किया सील

**डोमचांच।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ढाब रोड स्थित श्री राम चौक के समीप एसडीओ रिया सिंह ने अवैध रूप से संचालित माइका गोदाम को सील कर दिया है। जानकारी अनुसार एसडीओ द्वारा ढाब रोड में घर- घर वोटर आईडी के बारे में लोगों को जानकारी देकर जागरूक कर रही थी। इसी दौरान जब श्री राम चौक के पास पहुंची, तो देखा कि माइका गौदाम खुला है। जब वहां पहुंची तो गोदाम संचालक से कागजात की मांग किया। लेकिन संचालक द्वारा वैध कागजात नहीं दिखाया गया।

### एनसीओआरडी की जिला स्तरीय बैठक आयोजित, दिशा-निर्देश

**कोडरमा।** मादक पदार्थों की तस्करी, खेती की रोकथाम और विभिन्न स्तर पर समन्वय, सहयोग स्थापित करने के उद्देश्य से चार टीयर लेवल नार्को को-ऑर्डिनेशन सेंटर मेक्निजम का जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है। समाहरणालय सभागार में पुलिस कप्तान अनुदीप सिंह की अध्यक्षता में इसका लेकर जिला स्तरीय कमेटी की बैठक हुई। इस दौरान पदाधिकारियों को इस अभियान के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी गयी। एसपी ने स्कूल स्तर पर विद्यार्थियों के लिए नशा मुक्ति और पुनर्वास के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने,सरकारी


**ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल,**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल संख्या–02, रॉंची**

अल्पकालिन ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–07/2023-24/EE/BCD/DIV-2,RANCHI. दिनांक–17.03.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Renovation of Common Toilet of Engineering Hostel No-2, at HEC, Dhurwa, Ranchi. |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रू0) | रू0 77,99,900/– (सतहत्तर लाख निनानबे हजार नौ सौ ) रूपये मात्र। |
| 3. | कार्य पूर्ण की अवधि | 4 (चार) माह |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 27.03.2024 को 11:00 बजे |
| 5. | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 03.04.2024 को 11:00 बजे तक |
| 6. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–02, रॉंची। |
| 7. | निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान | 04.04.2024 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल संख्या–02, रॉंची। |
| 7. | प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 6203309676 |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 7992430721 |

9. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
10. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
11. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी संपूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।
- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

Note:- UCAN Registration is mandatory for the Bidders.

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल संख्या–02, रॉंची

PR 322901 (Building)23-24*D



**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, रॉंची का पत्रांक–368, दिनांक –02.02.2024 के आलोक में कोडरमा जिला अंतर्गत उच्च प्राथमिक कक्षा के 200 छात्रों का राज्य के अंदर तथा मध्यमिक एवं उच्चत्तर माध्यमिक कक्षाओं के 100 छात्रों को राज्य के बाहर शैक्षणिक भ्रमण हेतु निबंधित इच्छुक संस्थानों से मुहरबंद अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक निविदादाता झारखण्ड शिक्षा परियोजना, समाहरणालय भवन, कोडरमा से निविदा प्रपत्र दिनांक–15.03.2024 से दिनांक–21.03.2024 तक कार्यालय अवधि में प्राप्त कर झारखण्ड शिक्षा परियोजना, समाहरणालय भवन, कोडरमा में दिनांक– 21.03.2024 को अपराह्न 01:00 बजे तक तकनीकि बिड एवं वित्तीय बिड अलग–अलग सीलबंद लिफाफे में भरकर जमा करना सुनिश्चित करेंगे। जिला स्तरीय क्रय समिति के द्वारा दिनांक–22.03.2024 को अपराह्न 02:00 बजे झारखण्ड शिक्षा परियोजना, समाहरणालय भवन, कोडरमा में निविदा खोला जायेगा। पूर्ण एवं आवश्यक निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिए सर्व शिक्षा अभियान, कोडरमा के नाम से अप्रतिदेय (Non-refundable) Rs. 1000/- (एक हजार रूपये मात्र) राष्ट्रीयकृत बैंक के डिमाण्ड ड्राफ्ट के साथ आवेदन देना अनिवार्य होगा। झारखण्ड टूरिज्म से टूर एवं ट्रेवल्स के लिए निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे। निविदा को संशोधित करने या किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

जिला शिक्षापदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा अभियान, कोडरमा।

PR.NO.322791 Jharkhand Education Project Council(23-24):D


## मांगे पूरी होने पर राज्य सरकार व विधायक का जताया आभार

# पंचायत स्वयं सेवकों ने काम पर लौटने का लिया निणर्य

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** जिला स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को विधायक भूषण बाड़ा से मिलकर बधाई दी। साथ ही संघ के हड़ताल को स्थगित करते हुए शुक्रवार से काम मे वापस लौटने की जानकारी दी। संघ के लोगों ने राज्य सरकार और विधायक भूषण बाड़ा के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा के पहल पर राज्य सरकार द्वारा पंचायत स्वयं सेवकों की कुछ मांगे मान ली गई है। सरकार द्वारा पंचायत स्वयं सेवकों के नाम बदलकर पंचायत सहायक रखने को सहमति दे दी है। जिसको लेकर संघ के लोगों में हर्ष है। संघ के लोगों ने बताया कि वे लोग अपनी मांगों को लेकर काफी लंबे समय से अनिश्चितकालीन हड़ताल में थे। लेकिन सरकार द्वारा उनकी कुछ मांगों को पूरी करने के बाद काम में वापस लौटने का निर्णय लिया है।



मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने पंचायत स्वयं सेवकों का नाम पंचायत सहायक पर होने एवं मांगे पूरी होने के लिए संघ के लोगों को बधाई दी। विधायक ने कहा कि वे पंचायत सहायकों के साथ है। संघ की मांगों को लेकर लगातार आवाज उठा चुके हैं और आगे भी उठाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि पंचायत सहायक हर पंचायत के गांव अंतिम व्यक्ति से जुड़े रहते हैं। पंचायत सहायक के बदौलत ही सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने सभी पंचायत सहायको को पूरी ईमानदारी एवं जनसेवा की भावना के साथ काम करने की अपील करते हुए कहा कि वे पंचायत सहायको के साथ है। पंचायत सहायकों की हर मांगों को पूरा करने का प्रयास लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पंचायत सहायकों को न सिर्फ संतोषजनक मानदेय दिलाने बल्कि इन्हें स्थायी करने की सरकार से मांग करेंगे। मौके पर उपस्थित जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने भी पंचायत सहायको को बधाई दी। साथ ही कहा कि पंचायत सहायक लगातार जनता की सेवा में जुटे हुए हैं। इसी को देखते हुए विधायक भूषण बाड़ा लगातार पंचायत स्वयं सेवकों की मांगों को लेकर आवाज उठाते रहे हैं। उन्होंने विधानसभा सत्र में भी लगातार आवाज उठाते रहे। जिसके बदौलत आज इनकी कुछ मांगे पूरी हो चुकी है। उन्होंने विधायक से आग्रह करते हुए कहा कि वे पंचायत सहायकों की नौकरी स्थायी कराने तक लड़ाई जारी रखें।

**◆पंचायत सहायक के बदौलत ही सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान में खड़े ब्यक्ति तक पहुंचाया जा सकता है**

**यदि मनुष्य अपनी बुरी आदतों को समय पर न बदले तो बुरी आदतें, उसके समय को बदल देती हैं : अज्ञात**



# ऋण देकर आजादी छीनता चीन

कभी भारत से सहायता लेनेवाला मालदीव ऐसे फैसले ले रहा है जो चीन के साथ उनकी निकटता को ही दर्शाते हैं। छोटे पड़ोसी देशों के साथ चीन की निकटता भारत के लिए चिंताएं बढ़ाने वाली हैं। सवाल यह है कि क्यों चीन विश्व के ऐसे देशों की तरफ अपना प्रभुत्व फैला रहा है, जो आर्थिक और सामरिक रूप से कमजोर हैं? विशेषज्ञों का मानना है कि चीन अपनी नई विश्व व्यवस्था बनाने का मंसूबा पाले हुए है और शी जिनपिंग की चीनी कम्युनिस्ट पार्टी शासन को 2049 तक प्रमुख विश्व शक्ति बनाने की महत्वाकांक्षा है, जब वह अपने सौ वर्ष पूरे करेगी। संयुक्त राष्ट्र में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए चीन बेल्ट ऐंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के तहत आर्थिक एवं सामरिक रूप से कमजोर देशों को कर्ज देने की नीति का हथियार के रूप में प्रयोग कर रहा है। दूसरी ओर, चीन की आर्थिक मदद से अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने का मंसूबा पाले देश उसके कर्ज के जाल में फंसकर चीन का कर्ज चुकाने में दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। चीन से आर्थिक सहायता प्राप्त देशों, जैसे-श्रीलंका, जांबिया, इथियोपिया, पाकिस्तान, वेनेजुएला, नेपाल, केन्या, कंबोडिया, लाओस, अफगानिस्तान और म्यांमार जैसे कई देश हैं, जो गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। अब श्रीलंका को ही ले लें, जिसने गृहयुद्ध के उपरांत आर्थिक सुधारों के लिए चीन का रुख किया, लेकिन आज उसके कर्ज-जाल में फंस गया है। श्रीलंका ने पहले 2014 और पुनः 2017 में अपने कर्ज के पुनः प्रबंधन हेतु चीन से निवेदन किया था, लेकिन उसके दोनों अनुरोध खारिज कर दिये गये थे। अंततः जब तक श्रीलंका ने आईएमएफ से सहायता मांगने का निर्णय लिया, तब तक उसकी अर्थव्यवस्था 1948 में देश की आजादी के बाद से सबसे खराब मंदी की ओर बढ़ गई, जिससे विद्रोह भड़क गया और नतीजतन हजारों लोगों ने राष्ट्रपति को उनके घर से खदेड़ दिया था। जांबिया की भी यही स्थिति है, जिसके कुल विदेशी कर्ज का तीस फीसदी हिस्सा चीन द्वारा निर्गत किया गया है और माना जाता है कि उस पर चीनी फाइनेंसरों का लगभग छह अरब डॉलर बकाया है। इस प्रकार 2020 में, चीन के कर्ज जाल में फंसते हुए जांबिया यूरो बॉन्ड्स पर डिफॉल्ट करने वाला पहला अफ्रीकी देश बन गया। चीन के कर्ज जाल में फंसे पाकिस्तान की हालत पहले से ही काफी खराब चल रही है, हालांकि उसे अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से तीन अरब डॉलर की सहायता मिली है, जिस पर उसकी अर्थव्यवस्था टिकी हुई है। नेपाल और चीन ने 2017 में बीआरआई हेतु हस्ताक्षर किये थे, लेकिन लगभग सात साल बाद एक परियोजना तक क्रियान्वित नहीं हो पाई है और इसका सबसे बड़ा कारण रहा नेपाल का पोखरा हवाई अड्डा, जो चीन के बीआरआई प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं था, फिर भी चीन ने इसके लिए फंड देते हुए इसे बीआरआई के अंतर्गत बताने की कोशिश की ।वेनेजुएला भी आर्थिक संकट में फंसा हुआ है, जहां सरकार पर कथित तौर पर चीन का भारी कर्ज बकाया है। तेल से समृद्ध, लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर इस देश ने 2005 से चीनी कर्ज ले रखा है। चीन के साथ दिक्कत यह है कि वह जो कर्ज देता है, उसके पीछे की शर्तों को कभी सार्वजनिक नहीं करता, जैसा आईएमएफ, विश्व बैंक या पेरिस समूह करते हैं। इस वजह से चीनी कर्ज की पारदर्शिता हमेशा संदेह के दायरे में रही है। चीन चूंकि आसान शर्तों पर ऋणों को निर्गत करता है, जो आर्थिक रूप से कमजोर देशों को आकर्षित करता है। कर्ज लेने वाले उन देशों को उस कर्ज के विपरीत परिणामों का एहसास तब होता है, जब उनके आर्थिक संकट बेकाबू हो जाते हैं और फिर वे इसके समाधान करने के लिए चीन से कोई रियायत प्राप्त नहीं कर पाते। माले को उन देशों से, जो चीनी ऋण के जाल से जूझ रहे हैं, सीख लेनी चाहिए तथा भारत जैसे नैतिक और लोकतांत्रिक देश के साथ संबंधों को बिगाड़ना नहीं चाहिए।

इन दिनों

# सीएए रूपी उजालों पर कालिख पोतने का विपक्षी प्रयास



ललित गर्ग

**केजरीवाल, ममता एवं एमके स्टालिन का मोदी-विरोध के नाम पर देश-विरोध एवं कानून विरोध पर उतर जाना उनकी स्तरहीन राजनीति को ही दर्शा रहा है। मोदी का विरोध कोई नई बात नहीं है। कभी-कभी तो ऐसा प्रतीत होने लगता है कि इन नेताओं की विरोध करना ही नियति हैं।**

*दिल्ली* के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल लगातार नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के लागू होने का बेहूदा, बेतुका एवं उच्छृंखल विरोध कर रहे हैं। वे एवं अन्य विपक्षी दलों के नेता सीएए रूपी उजालों पर कालिख पोतने का प्रयास करते हुए आकाश में पैबन्द लगाना चाहते हैं और सछिद्र नाव में सवार होकर राजनीति-सागर की यात्रा करना चाहते हैं। ऐसा करते हुए वे न केवल आम जनता को गुमराह कर रहे हैं, बल्कि अराजकता का माहौल निर्मित कर रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी में लाखों की संख्या में पाकिस्तान, बांगलादेश और अफगानिस्तान से हिंदू व सिख आने से चोरी, रेप और अपराध की घटनाएं बढ़ने की बात कहकर केजरीवाल ने इन लोगों की भावनाओं को आहत किया हैं। केजरीवाल के बयान भ्रामक, बेबुनियाद एवं विध्वंसात्मक इसलिये है कि सीएए नये आने वाले हिन्दू, सिख, जैन, बौद्ध एवं पारसी लोगों पर लागू ही नहीं होगा, बल्कि देश में वर्ष 2014 एवं उससे पहले आये ऐसे शरणार्थियों को सीएए के अन्तर्गत नागरिकता देने का कानून हैं। अब इससे नये लोगों के आने, बेरोजगारी बढ़ने एवं कानून-व्यवस्था चरमरा के प्रश्न कहां से आ गये? विपक्षी दल इस कानून के सन्दर्भ में कपट और झूठ का सहारा लेकर जिस तरह दुष्प्रचार में जुट गये हैं, वह केवल अप्रत्याशित ही नहीं, खतरनाक भी है। वोट बैंक की बेहद सस्ती, घटिया और गंदी राजनीति के चलते किया जा रहा यह खतरनाक एवं देश तोड़क दुष्प्रचार न केवल लोगों को बरगलाने, बल्कि उकसाने वाला भी है। इस तरह का विरोध समय एवं शक्ति का अपव्यय है तथा बुद्धि का दिवालियापन है। यह लोकतंत्र के मूल्यों को धुंधलाने एवं ध्वस्त करने की कुचेष्ठा है। सीएए की मूल आत्मा को समझे बिना उसका विरोध करना एवं मोदी सरकार पर कीचड़ उछालना बौखलाहट का द्योतक हैं। केजरीवाल का यह कहना कि सीएए के साथ, भाजपा सरकार ने पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से बड़ी संख्या में गरीब अल्पसंख्यकों के भारत आने के गेट खोल दिये हैं। यह 1947 से भी बड़ा माइग्रेशन होगा। क्या केजरीवाल ने सीएए का नया कानून पढ़ा है, उसमें कहीं भी ऐसी किसी स्थिति का उल्लेख है? केजरीवाल की ही तर्ज पर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को यह तो समझ नहीं आया कि नागरिकता कानून वैध है या नहीं, लेकिन उन्होंने यह ठान लिया कि वह बंगाल में उसे लागू नहीं होने देंगी। आखिर वह होती कौन हैं इस कानून को न लागू करने वाली? यह प्रश्न इसलिए, क्योंकि इस कानून का किसी राज्य सरकार से कोई लेना-देना ही नहीं। नागरिकता देना केवल केंद्र सरकार का अधिकार है। यह बुनियादी बात तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को भी समझनी होगी, क्योंकि उनकी ओर से भी यह कहा जा रहा है कि वह इस कानून को अपने राज्य में लागू नहीं होने देंगे। यह हास्यास्पद एवं विरोधीभासी स्थिति है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इस विचित्र नतीजे पर पहुंच गये कि नागरिकता कानून को अमल में लाकर केंद्र सरकार पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान के लोगों को भारत लाकर उन्हें नौकरियां देने और उनके लिए घर बनाने का काम करने जा रही है। जबकि सीएए पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं बांगलादेश से किन्हीं नये अल्पसंख्यकों का भारत लाकर बसाने, उन्हें घर एवं नौकरी देने का कानून है ही नहीं। कोई भी यह समझ सकता है कि वह संकीर्ण राजनीतिक कारणों से नागरिकता कानून की मनमानी व्याख्या कर रहे हैं और इस तथ्य की जानबूझकर अनदेखी कर रहे हैं कि यह कानून उक्त तीन देशों के अल्पसंख्यकों को बुलाकर नागरिकता देने का नहीं है। केजरीवाल के बचकाने एवं बेहूदे बयानों से हिन्दू एवं सिख शरणार्थियों में काफी गुस्सा देखा गया है। उन पर चोरी, रेप और अपराध जैसे आधारहीन आरोप लगाने से उनकी भावनाएं आहत हुई हैं, जो शरणार्थी वर्षों से न्याय होने की उम्मीद लगाये इस कानून की प्रतीक्षा कर रहे थे, उन पर घटिया राजनीति के चलते तरह-तरह के वार उनको पीड़ा दे रहे हैं। केजरीवाल, ममता एवं एमके स्टालिन का मोदी-विरोध के नाम पर देश-विरोध एवं कानून विरोध पर उतर जाना उनकी स्तरहीन राजनीति को ही दर्शा रहा है। मोदी का विरोध कोई नई बात नहीं है। कभी-कभी तो ऐसा प्रतीत होने लगता है कि इन नेताओं की विरोध करना ही नियति हैं। आश्चर्य इस बात का है कि विरोध की तीव्रता एवं दीर्घता के बावजूद मोदी के अस्तित्व पर कोई आंच नहीं आ सकी। जहां तक सीएए के लागू होने का प्रश्न है तो यह अब एक कानून बन चुका है और उसे लागू होने से कोई नहीं रोक सकता। दिल्ली का मुख्यमंत्री होने के नाते अरविंद केजरीवाल को पाकिस्तान, बांगलादेश और अफगानिस्तान से आये हिंदू व सिख शरणार्थियों के प्रति सहानुभूति होनी चाहिए, उनकी दीन दशा से परिचित होने के साथ ही उनके प्रति न्यूनतम संवेदनशीलता का भी उन्हें परिचय देना चाहिए। यदि विरोधी दलों को यह लगता है कि नागरिकता कानून ठीक नहीं तो वह उससे असहमति जताने और कांग्रेस एवं तृणमूल कांग्रेस नेताओं की तरह सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने को स्वतंत्र हैं, लेकिन इसके नाम पर उन्हें लोगों को भड़काने से बाज आना चाहिए। उनकी इसी भड़काऊ राजनीति के कारण चार साल पहले देश में जगह-जगह हिंसा हुई थी और शांतिपूर्ण विरोध के बहाने आगजनी की गई थी। दिल्ली में तो शाहीन बाग इलाके में विपक्षी दलों के सहयोग और समर्थन से एक व्यस्त सड़क घेरकर महीनों तक धरना चलाने से आम जनता पीड़ित एवं परेशान हुई। विद्वेष और वैमनस्य पैदा करने वाले इसी धरने के चलते दिल्ली में भीषण दंगा हुआ था, जिसमें 50 से अधिक लोग मारे गये थे। क्या विपक्षी दल अशांति, हिंसा एवं अराजकता की आग फैलाकर फिर से अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकना चाहते हैं? यदि नहीं तो फिर उन्हें नागरिकता कानून के विरोध में जबान संभालकर बोलना चाहिए। विरोध का भी कोई उद्देश्य और स्तर होता है। निरुद्देश्य एवं स्तरहीन विरोध, विरोधी खेमे की स्वार्थपूर्ण मनोवृत्ति, ईर्ष्या एवं विध्वंस की नीति का ही स्वयंभू प्रमाण है। सीएए लागू होने को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच राजनीति तेज होने लगी है, यह आगामी लोकसभा चुनाव का एक मुख्य मुद्दा होगा, इसमें कोई संदेह नहीं है।। भाजपा नेता इसे नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा उठाया गया ऐतिहासिक कदम बता रहे हैं तो वहीं विपक्ष इसका विरोध कर रहा है। लेकिन मोदी सरकार का यह कदम ऐतिहासिक एवं साहसिक तो है, क्योंकि आजादी के बाद से अब तक शरणार्थियों ने जो तकलीफें झेली है, जो कष्ट एवं उपेक्षाओं का जीया है, वह उन्हें नागरिकता मिलने से ही दूर हो सकती है। अब उन्हें नागरिकता मिलने का रास्ता साफ हो गया है तो उसका स्वागत होना चाहिए। केजरीवाल तो शरणार्थियों को मिल रही नागरिकता की स्वतंत्र सांसों का स्वागत की बजाय विरोध कर रहे हैं, यह कैसी राजनीति है? यह कैसे राजनेता है? यह कैसा राजनीतिक चरित्र है? केजरीवाल एवं ममता की मानें तो सीएए लागू होने के बाद अगर पड़ोसी देशों के डेढ़ करोड़ अल्पसंख्यक भी भारत आ गये तो यह स्थिति 'खतरनाक' हो जाएगी।' कोई उनसे पूछे कि इस कानून में ऐसा कहा लिखा है? यह गन्दी गैर-जिम्मेदाराना राजनीति का द्योतक है, जिसका जबाव आम-जनता आगामी लोकसभा चुनाव में देगी। इन नेताओं ने मोदी के खिलाफ एवं राष्ट्रहीत की नीतियों एवं योजनाओं पर कीचड़ उछालने की जो हरकते की है, सीएए तक पहुंच कर वे पराकाष्ठा तक पहुंच गयी हैं। पर इससे मोदी का वर्चस्व कभी धूमिल होने वाला नहीं हैं। क्योंकि उनकी नीति विशुद्ध है और सैद्धान्तिक आधार पुष्ट है। विरोध करने वाले नेता स्वयं इस बात को महसूस करते हुए बौखलाये हुए हैं। अपनी बौखलाहट एवं सरकती राजनीतिक जमीन को बचाने के लिये वे जनता को गुमराह करने के लिये और उनका मनोबल कमजोर करने के लिये सीएए रूपी उजालों पर कालिख पोत रहे हैं, वे धूर्त तथ्यों से विपरीत जाकर अनर्गल प्रलाप कर रहे है, इससे उन्हीं के हाथ काले होने की संभावनाएं हैं। ऐसे ना समझ नेताओं को सद्बुद्धि आए, वे अपना समय एवं श्रम स्वस्थ एवं आदर्श राजनीति में लगाएं तो लोकतंत्र भी मजबूत होगा एवं जनता को भी विकास की नयी दिशाएं दिखाई देगी।

## आपकी बात

### बढ़ते सड़क हादसे व पलामू



श्याम बिहारी राय

पलामू व सड़क हादसे एक दूसरे के पर्याय बनते जा रहे हैं। प्रत्येक दो दिन में जिले के किसी न किसी हिस्से में जहां जानलेवा हादसे की खबर आम हो गयी है। वहीं छिटपुट घटनायें तो आम बात हो गयी हैं। सड़क दुर्घटनाओं में जानमाल की पहुंच रही व्यापक क्षति को देखते हुये अब समय आ गया है कि इसे रोकने के लिये गंभीर कवायद किया जाये।



अधिकांश मामलों में किशोरवय लड़कों द्वारा वाहन चालन की बात सामने आ रही है। वहीं उसके बाद दुर्घटनाओं का कारण नशापान बताया जा रहा है। इन दोनों ही मामलों में आमजन के साथ जिला प्रशासन व परिवहन विभाग को आपसी सामंजस्य के साथ कार्य करने की जरूरत है। किशोरवय लड़कों को जहां अभिभावक उनकी सलामती के लिये किसी भी स्थिति में वाहन न दें। वहीं प्रशासन को भी तत्काल इस दिशा में जागरूकता अभियान के साथ कार्रवाई का दायरा भी बढ़ाना चाहिये। साथ ही दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में गति सीमा की बाध्यता को भी सख्ती पूर्वक लागू करने के साथ ही सड़कों की बदहाली को दूर करने की दिशा में भी सकारात्मक कदम उठाये जाने की जरूरत है। दूसरी तरफ नशापान कर वाहन चालन को लेकर प्रशासन को अब सख्त रूख अख्तियार करने की जरूरत है। इसके लिये वाहन चालक के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जरूरत है। जिले में सड़क हादसों में हो रही किशोरों की मौत राष्ट्रीय क्षति है। इसे रोकने की दिशा में यदि गंभीरता पूर्वक कवायद नहीं की गयी तो हम अपनी भावी पीढ़ी को ऐसे में असमय काल के गाल में समाते देखते रहेंगे। यातायात नियमों को लेकर अब समय आ गया है कि शिक्षण संस्थानों में दिखावटी नहीं, बल्कि वास्तविक रूप से जागरूकता अभियान संचालित करना जरूरी है। उम्मीद है सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश के लिये पलामू वासी निश्चित ही मनन कर मुहिम चलायेंगे।

**- अधिवक्ता पलामू।**

दुर्घटना

# सड़क हादसे और उनसे होने वाली मौत को कम करने का फॉर्मूला



डॉ. राजेन्द्र प्र. शर्मा

**2010 से 2021 के दौरान सड़क दुर्घटनाओं के कारण मौत के आंकड़ों में 5 प्रतिशत की कमी आई है। ठीक इसके विपरीत हमारे देश में दुर्घटनाओं के कारण मौत का आंकड़ा कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है।**

*एक* ओर दुनिया के देशों में सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौत के आंकड़ों में कमी आने लगी है। वहीं लाख प्रयासों के बावजूद हमारे देश में सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों के आंकड़ों में लगातार बढ़ोतरी ही हो रही है। हालांकि सरकार इसके लिए गंभीर है और नित नये प्रयास व कदम उठाये जा रहे हैं पर परिणाम अभी तक उत्साहजनक नहीं मिल पा रहे हैं। पिछले दिनों देश में चार ई कंसेप्ट पर चर्चा भी आरंभ हुई है पर उसका परिणाम अभी भविष्य के गर्भ में छुपा हुआ है। वैश्विक आंकड़ों पर नजर ड़ाली जाये तो 2010 से 2021 के दौरान सड़क दुर्घटनाओं के कारण मौत के आंकड़ों में 5 प्रतिशत की कमी आई है। ठीक इसके विपरीत हमारे देश में दुर्घटनाओं के कारण मौत का आंकड़ा कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है। देश में प्रति घंटा 53 दुर्घटनाएं और 19 मौत हो रही है। सबसे चिंतनीय तो यह है कि 60 प्रतिशत मौत 18 से 35 वर्ष के लोगों की हो रही है। 2022 के आंकड़ों पर नजर ड़ाली जाये तो देश में चार लाख 50 हजार दुर्घटनाएं हुईं और इन दुर्घटनाओं के कारण एक लाख 68 हजार लोग मौत के मुंह में समा गये। आंकड़ों के अनुसार दुर्घटनाओं में 12 प्रतिशत और मौत में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही। इस सबसे जीडीपी में 3.14 प्रतिशत का नुकसान हो रहा है। सड़क दुर्घटनाओं से मौत वास्तव में गंभीर है और नितिन गडकरी की चिंता देश की चिंता है। दरअसल दुर्घटनाओं से मौत के कारण होने वाले नुकसान को कम करके नहीं देखा जा सकता। दुर्घटना के कारण जन हानि, धन हानि और इसके साथ ही अन्य परिणामों की गंभीरता को आसानी से समझा जा सकता है। देश में 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौत की रफ्तार को आधी करने के लक्ष्य को लेकर चलने के बावजूद सड़क दुर्घटनाओं और मौत का आंकड़ा दोनों में ही कमी नहीं आ रही है। हालांकि पिछले दिनों भारतीय उद्योग परिसंघ के एक कार्यक्रम में केन्द्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौत के आंकड़े को 2030 तक आधा करने के लक्ष्य को अर्जित करने के लिए चार ई का फामूर्ला दिया है।

## फेसबुक वॉल से




## X - से




**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# राजनीति के अपराधीकरण का सशक्त उदाहरण



उमेश चतुर्वेदी

**शाहजहां शेख का नाम राशन घोटाले में छापा मारने गई प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर हमले के बाद ज्यादा चर्चा में आया। जबकि उसका आपराधिक साम्राज्य पहले से ही चल रहा था।**

*ऐसे* अपराधियों की शह गाहे-बगाहे ममता द्वारा उठाये गये कदमों से भी मिली। कुछ साल पहले ममता बनर्जी ने अपने ही एक पुलिस अधिकारी के बचाव में धरने पर बैठ गई थीं। तब सीबीआई ने उस अधिकारी के घर छापा मारा था। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली का आरोपी शाहजहां शेख 29 फरवरी को गिरफ्तार किया जा चुका है। उसकी गिरफ्तारी के बाद संदेशखाली में जश्न का माहौल होना स्वाभाविक है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि शाहजहां शेख पर जब आरोप लगे, तभी उसे गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया। आखिर कलकत्ता हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद ही उसे गिरफ्तार क्यों किया गया? उसकी गिरफ्तारी के संदर्भ में गौर करने की एक बात और है कि उसकी गिरफ्तारी पश्चिम बंगाल पुलिस ने तब की है, जब कलकत्ता हाईकोर्ट ने यह कहा कि शाहजहां शेख की गिफ्तारी सीबीआई या बंगाल पुलिस या फिर कोई भी राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी कर सकती है। हाईकोर्ट से हरी झंडी मिलने के बाद तय हो गया कि शाहजहां शेख को अब गिरफ्तार करना ही पड़ेगा। तब पश्चिम बंगाल की सरकार को लगा कि अगर केंद्रीय एजेंसियां उसे पकड़ती हैं तो लोकसभा चुनावों के ठीक पहले तृणमूल कांग्रेस की स्थिति कमजोर होगी। भारतीय जनता पार्टी को प्रचार करने का मौका मिलेगा और फिर चुनावी मैदान में तृणमूल कांग्रेस के लिए जवाब देना मुश्किल होगा। इसी वजह से शाहजहां शेख को उसी संदेशखाली से पश्चिम बंगाल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जहां उसके न होने की बात कही जा रही थी। कहा तो यहां तक जा रहा था कि शेख पश्चिम बंगाल से लंदन भागने की फिराक में है। शाहजहां शेख का नाम राशन घोटाले में छापा मारने गई प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर हमले के बाद ज्यादा चर्चा में आया। जबकि उसका आपराधिक साम्राज्य पहले से ही चल रहा था। उसके आपराधिक साम्राज्य और राज्य की सत्ताधारी राजनीति में उसकी दखल और दबंगई का अंदाजा इस बात से लगाया ज सकता है कि ईडी की टीम पर उसके गुंडों ने उसकी शह पर हमला किया। ईडी के अधिकारियों को गंभीर चोटें आईं। इसके बावजूद वह फरार रहा। पश्चिम बंगाल की सरकार उसे गिरफ्तार करने की जहमत तक नहीं उठा रही थी। ऐसे में 29 फरवरी की उसकी गिरफ्तारी भी सवालों के घेरे में रखी जा सकती है। यह मानने के लिए कोई संदेह नहीं है कि पश्चिम बंगाल की सरकार ने कलकत्ता हाईकोर्ट के कड़े रुख के बाद शाहजहां शेख को गिरफ्तार करने का एक तरह से रस्म पूरा किया है।



## बोधि वृक्ष

# पलामू के नावा बाजार का प्रसिद्ध दुआपार बाबा मंदिर

**इस** कुंड का पानी कभी नही सूखता

पलामू का प्रसिद्ध दुआरपार बाबा मंदिर जहां एक तपस्वी साधु का स्नान कुंड आज भी है मौजूद। सैकड़ों वर्ष पुराना यहां स्थित यह मंदिर

पलामू जिले के नवाबाजार प्रखंड के अंतर्गत चचरिया ग्राम में स्थित कौरव नदी के तट पर है। इस मंदिर में सैकड़ों वर्ष पहले एक महात्मा रहते थे, वह इस मंदिर में पूजा-अर्चना करते थे। महात्मा ने अपने स्नान ध्यान के लिए एक कुंड का निर्माण किया था।



जानिए इसकी कहानी

इस कुंड की यह खासियत है कि इसमें कभी भी पानी खत्म नहीं होता है। ग्रामीण बताते हैं कि इस कुंड में मवेशी द्वारा पानी पिया जाता है। नीचे बहता कौरव नदी का पानी सूख जाता है लेकिन इस कुंड का पानी नहीं सूखता इसके पीछे एक कहानी है। जो एक महात्मा की कहानी से जुड़ी है जिन्होंने इस कुंड का निर्माण कराया था। इस कुंड में वो स्नान करते थे। आज भी उस महात्मा के घर का अवशेष बचा हुआ है। **(समाप्त)**

## टेक वर्ल्ड

# गूगल की बड़ी तैयारी

Apple के तमाम फीचर्स को इस्तेमाल करने के लिए कंज्यूमर्स को अच्छी रकम खर्च करनी होती है। ऐसा ही एक फीचर जो iPhone में मिलता है, जल्द ही एंड्रोएड पर आ सकता है। कंपनी अपने वीडियो कॉन्फ्रेंस प्लेटफॉर्म Google Meet को लेकर कुछ खास प्लान कर रही है। गूगल एंड्रॉयड और Apple स्मार्टफोन मार्केट में इन दोनों ही ऑपरेटिंग सिस्टम के बीच अब मुकाबला रह गया है। ऐसे में दोनों एक- दूसरे को टक्कर देने के लिए एक दूसरे के फीचर्स को कॉपी करते रहते हैं। हालांकि, गूगल अगर किसी फीचर को रिलीज करता है, जो उसका एक्सेस बजट फोन रखने वालों को भी मिलता है। वहीं Apple के तमाम फीचर्स को इस्तेमाल करने के लिए कंज्यूमर्स को अच्छी रकम खर्च करनी होती है। ऐसा ही एक फीचर जो iPhone में मिलता है, जल्द ही एंड्रोएड पर आ सकता है। कंपनी अपने वीडियो कॉन्फ्रेंस प्लेटफॉर्म Google Meet को लेकर कुछ खास प्लान कर रही है। वहीं गूगल ने इस फीचर की शुरूआत बिजनेस फोकस्ड टूल के रूप में की थी। लेकिन अब कंपनी इसे 1टू1 वीडियो कॉल टूल के तौर पर पॉपुलर करना चाहती है। इसके लिए कंपनी एक नया फीचर जोड़ रही है। इस फीचर को बीटा वर्जन पर स्पॉट किया गया है। दरअसल, कंपनी रेगुलर फोन कॉल के साथ ही वीडियो कॉल का ऑप्शन जोड़ रही है। वैसे तो ये विकल्प पहले भी मिलता था, लेकिन कंपनी इसे आसान और विजिबल बना रही है। ऐसा ही कुछ Apple iPhone में मिलता है। हम बात कर रहे हैं Face Time फीचर की, जिसका इस्तेमाल यूजर्स सीधे डायलर्स से कर सकते हैं। ऐसा ही एक्सपीरियंस अब एंड्रॉयड यूजर्स को भी मिलेगा। **(समाप्त)**



स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### जिला सांसद प्रतिनिधि के चार पहिया वाहन को टेम्पू ने मारी ठोकर

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिला के कोवाड़ के बैडमुका के पास जिला सासंद प्रतिनिधि के चार पहिया वाहन को एक टेम्पू ने अनियंत्रित होकर ठोकर मार दिया। राहत की बात यह है कि जिला सांसद प्रतिनिधि नारायण पांडेय को कुछ हुआ नहीं है। वे सुरक्षित हैं। जिला सांसद प्रतिनिधि नारायण पांडेय ने घटना के संबंध में कहा कि वे अपने आवास बिरनी के पोखरिया से गिरिडीह जा रहे थे। तभी कोवाड़ के बैडमुका पहुँचते ही विपरीत दिशा से आ रहे टेम्पू ने अनियंत्रित होकर ठोकर मार दिया। जिसके बाद मेरा चार पहिया वाहन का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि हम सब सुरक्षित हैं।

### रेल आईजी ने गोमो आरपीएफ पोस्ट का किया औचक निरीक्षण

**धनबाद।** पूर्व-मध्य रेलवे के हाजीपुर जोन के रेल महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त अमरेश कुमार व सहायक सुरक्षा आयुक्त सुरेश कुमार मिश्रा शुक्रवार की दोपहर गोमो रेलवे स्टेशन पहुंचे। सीनियर डीएसी सैयद सरफराज अहमद व इंस्पेक्टर संतोष कुमार झा की अगुवाई में उनका जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद रेल आईजी ने आरपीएफ के गोमो पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पुरुष व महिला जवानों के बैरेक में घूम-घूमकर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। जवानों से बातकर उनकी परेशानियों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने किचन में जाकर जांच-पड़ताल की और जवानों के भोजन के मीनू की भी पड़ताल की। बैरेक पोस्ट की साफ-सफाई से प्रभावित होकर रेल आईजी ने पोस्ट के निरीक्षक संतोष कुमार झा सहित जवानों की तारीफ की। रेल आईजी ने पोस्ट कार्यालय में अपराध से जुडी संचिकाओं का अवलोकन भी किया। आरपीएफ पोस्ट में बैठक कर बल के अधिकारियों व जवानों को दायित्व का ईमानदारी से निर्वहन करने की नसीहत दी। साथ ही रेलवे में अपराध को रोकने के लिए उन्हें दिशा-निर्देश भी दिए।

# रोटरी ग्रेटर ने किया कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन

## पहले दिन अंग प्रत्यारोपण के लिए 137 मरीजों का चयन

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

रोटरी क्लब ऑफ ग्रेटर के द्वारा जयपुर के भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से ईश्वर स्मृति भवन में आयोजित तीन दिवसीय कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर की शुरूवात शुक्रवार को की गई। शिविर का उद्घाटन सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, सिविल सर्जन डॉ शिव प्रसाद मिश्रा और रोटरी के तरणजीत सिंह सलूजा उर्फ बंटी, भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के झारखंड प्रभारी रितेश पटवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।




शिविर में पहले दिन अंग प्रत्यारोपण के लिए 137 मरीजों का चयन किया गया। इस दौरान भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के टेक्नीशियन द्वारा नापी लेकर कृत्रिम अंग उपलब्ध कराया गया। मौके पर शिविर को संबोधित करते हुए सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने रोटरी ग्रेटर व विकलांग सहायता समिति के द्वारा आयोजित शिविर की सराहना की। कहा कि किसी हादसे में अंग का चला जाना, उसके लिए बेहद दुखद होता है और ऐसे में संस्थाओं द्वारा ऐसे प्रभावित लोगो को अंग उपलब्ध कराया जाना एक सराहनीय प्रयास है।

शिविर को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन व बंटी सलूजा ने भी आयोजकों की सराहना की। शिविर को सफल बनाने में अध्यक्ष दीपक सोनथालिया, संयोजक विकाश शर्मा, विकाश सिन्हा, अभिषेक छापरिया, सुबोध मोदी, आकाश रौशन, ब्रह्मदेव प्रसाद, राजेंद्र तरवे, अमित कुमार, राकेश कुमार, मनीष गुप्ता, सुदिप्तो समानता, उदयन बनर्जी, दीपक चिरानिया, तरनजीत सिंह सलूजा, माहुरी वैश्य महामंडल के अध्यक्ष गोपाल दास भदानी सहित रोटरी ग्रेटर के सभी सदस्य सराहनीय योगदान दे रहे है।

### इनर व्हील क्लब ने शताब्दी वर्ष में एक सौ नर्सों को किया सम्मानित

**गिरिडीह।** इनर व्हील क्लब गिरिडीह ने अंतर्राष्ट्रीय इनर व्हील की संस्थापिका मार्गरेट ओलिवर गोल्डिंग की स्मृति में जो खुद एक नर्स थी, शहर के 100 नर्सों को सम्मानित करने का संकल्प लिया। इसी सिलसिले में आज क्लब द्वारा मरसी अस्पताल में 15 नर्सों को सम्मानित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय इनर व्हील के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में इनर व्हील क्लब गिरिडीह इस वर्ष कई क्षेत्रों में 100 की संख्या में सेवाकार्य कर रहा है। इसी सिलसिले में क्लब द्वारा शहर के विभिन्न अस्पतालों की 100 नर्सों को सम्मानित करने का संकल्प लिया गया है। क्लब द्वारा कल चैताडीह मैटरनिटी अस्पताल एवम सदर अस्पताल की 40 नर्सों को सम्मानित किया गया था । 19 मार्च को शिवम अस्पताल की नर्सों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्षा रेखा तर्वे, अंतर्राष्ट्रीय इनर व्हील एडिटर प्रभा रघुनन्दन, मौसुमी सरकार, रूपश्री खेतान, क्लब सदस्या सोनी कंधवे, आराधना डॉली हलधर, उमा गुप्ता एवम चित्रलेखा डे आदि मौजूद रहीं।

## कोदईबांक डैम में डूबे शख्स का 48 घंटे बाद भी नहीं चला पता



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गिरिडीह जिले के तिसरी थाना इलाके के कोदईबांक डैम में डूबे शख्स का 48 घंटे बाद भी पता नहीं चल पाया है। शुक्रवार की दोपहर से शाम तक एनडीआरएफ की टीम ने डैम में काफी खोजबीन किया लेकिन डूबे व्यक्ति का कुछ भी पता नहीं चल पाया है। बुधवार की शाम शोभन टुडू मछली पकड़ने के लिए जाल लगाने डैम में उतरा था। जाल लगाने के ही क्रम में ही वह गहरे पानी में समा गया। तिसरी पुलिस ने स्थानीय तैराकों की मदद से डैम में शोभन की काफी खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला। जिसके बाद जिला प्रशासन की ओर से शुक्रवार की दोपहर देवघर से इंस्पेक्टर भूपेश झा के नेतृत्व में एनडीआरएफ की 14 सदस्यीय टीम कोदईबांक डैम पहुंची। जहाँ टीम दो गोताखोरों, दो बोट व अन्य यंत्रो के सहारे डैम में दिन भर शव को ढूंढ़ती रही। इस दौरान गोताखोरों ने कई घंटों तक गहरे पानी में शव की तलाश की, बोट के सहारे घंटो तक पानी में हिलोरें भी मारते रहे ताकि यदि शव नीचे कहीं फंसा हो तो ऊपर आ सके लेकिन कोई सफलता हाँथ नहीं लगी। अंत में शाम के 5 बजे ऑपरेशन बंद कर दिया गया। बताया गया कि शुक्रवार को एक बार फिर डैम में शव को ढूंढा जाएगा। एनडीआरएफ की टीम ने बताया कि डैम काफी गहरा है लगातार प्रयास किया जा रहा है। पुलिस इंस्पेक्टर भीखन राम, थाना प्रभारी संजय नायक, भाजपा नेता सुनील साव, मुखिया प्रतिनिधि उमर फारुख आदि पुलिस इंस्पेक्टर भीखन राम, थाना प्रभारी संजय नायक, भाजपा नेता सुनील साव, मुखिया प्रतिनिधि उमर फारुख

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह की ओर से जागरूकता सह साक्षरता शिविर आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह के आदेशानुसार विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर व्यवहार न्यायालय परिसर गिरिडीह में जागरूकता सह साक्षरता सिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के नजमुल हसन ने बताया कि हर साल 15 मार्च को विश्व उपभोक्ता दिवस के रूप में मनाया जाता है इस दिन दुनिया भर के उपभोक्ता अधिकारों और जरूरत के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है।




अधिनियम के अनुसार उपभोक्ताओं को उपभोक्ता अधिकार भी प्रदान किए गए हैं जिसमें सुरक्षा का अधिकार, संचित किए जाने का अधिकार, चयन का अधिकार, स सूचित किए जाने का अधिकार, प्रतितोष पाने का अधिकार, उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। वही पीएलवी दिलीप कुमार के द्वारा बताया गया कि वह जो अपनी आवश्यकताओं के लिए उत्पाद खरीदना हो और उसका उपयोग या उपभोक्ता उपभोग करता हो उसे उपभोक्ता कहते हैं। वही पैनल अधिवक्ता श्री विपिन कुमार यादव के द्वारा बताया गया की उपभोक्ताओं के लिए सुरक्षा का अधिकार इसका मतलब यह है कि उन वस्तुओं और सेवाओं के लिए विपणन के खिलाफ सुरक्षा का अधिकार जो जीवन और समय के लिए खतरनाक हो। उत्पादों की गुणवत्ता के साथ-साथ उत्पादों और सेवाओं की गारंटी पर जोर देना उपभोक्ताओं का काम है ।

### डीआरएम ने कुमारधुबी स्टेशन का किया निरीक्षण, धीमे विकास पर जताई नाराजगी



**धनबाद।** आसनसोल रेल मंडल के डीआरएम चेतनानन्द सिंह ने शुक्रवार को कुमारधुबी रेलवे स्टेशन पर अमृत योजना के तहत चल विकास कार्यों का निरीक्षण किया। स्टेशन परिसर का भी जायजा लिया। स्टेशन परिसर में चल रहे विकास कार्यों की धीमा रफ्तार पर डीआरएम ने नाराजगी जाताई। अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्हें जरूरी सुझाव भी दिए। स्टेशन पर दिव्यांगों के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही परिसर को स्वच्छ रखने व यात्रियों के लिए पेयजल सुविधा पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

## न्यूज बॉक्स

### आदिवासियों की संस्कृति व परंपरा को बचाने के लिए नगाड़ा व मांदर दिया गया



**किरीबुरु ।** सेल की मेघाहातुबुरु खदान प्रबंधन ने सीजीएम आर पी सेलबम के नेतृत्व में सौभाग्य रोजगार केन्द्र में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर सीएसआर योजना के तहत सारंडा के सुदूरवर्ती गांव के ग्रामीणों, प्लस-टू उच्च विद्यालय के बच्चों, आदिवासी संस्थानों को विभिन्न प्रकार की सहायता प्रदान की। इस दौरान सीजीएम आर पी सेलबम ने सारंडा के विभिन्न गांवों के किसानों के बीच साग-सब्जियों के बीज, खाद, पानी पटाने हेतु झरणा प्रदान किया गया। इसके अलावे कुमडीह, बराईबुरु, टाटीबा, आदिवासी कल्याण केन्द्र मेघाहातुबुरु, आदिवासी कल्याण केन्द्र किरीबुरु, आदिवासी सरना समिति बकल हाटिंग को नगाड़ा व मांदर भेंट किया गया। सीएसआर योजना के तहत सेल अस्पताल किरीबुरु की सीएमओ सह नेत्र रोग विशेषज्ञ डा0 नंदी जेराई द्वारा प्लस-टू उच्च विद्यालय मेघाहातुबुरु के 54 गरीब व जरुरतमंद बच्चों का नेत्र जांच कर 8 बच्चों को जरुरत अनुसार चश्मा बनाकर दिया गया। इसके अलावे आंख से संबंधित समस्या को लेकर अन्य बच्चों के बीच दवाईयां तथा हॉर्लिक्स का जार प्रदान किया गया। सीजीएम आरपी सेलबम ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुये कहा कि सेल, मेघाहातुबुरु प्रबंधन प्रारम्भ से हीं अपने खदान के परीधिये गांवों के ग्रामीणों का शैक्षणिक, आर्थिक, भाषा व संस्कृति, स्वास्थ्य आदि सवार्गीण विकास हेतु प्रतिबद्ध है। हम प्रतिवर्ष साग-सब्जियों के बीज दे रहे हैं ताकि ग्रामीण उससे खेती कर आर्थिक उन्नति की ओर बढ़ सके। आदिवासियों की संस्कृति व परम्परा को बचाने हेतु नगाडा.व मांदर दिया गया है. हम कुमडीह सड़क का निर्माण हेतु प्रयासरत हैं. इस सड़क के बनने के बाद हाट-बाजार के दिन वाहन भेज उनके कृषि व वन उत्पाद को बाजार लाने व बेचने हेतु व्यवस्था कराया जायेगा.

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर आईआईटी आइएसएम छात्रों का नुक्कड़ नाटक

**धनबाद।** विगत चुनाव में धनबाद और झरिया शहर में सबसे कम मतदान प्रतिशत को देखते हुए जिला प्रशासन के निर्देश पर शुक्रवार को आईआईटी आइएसएम के 16 छात्र-छात्राओं ने नगर निगम के नेतृत्व में एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। इसका उद्देश्य मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करना था।



धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर आईआईटी आइएसएम के छात्र छात्राओं को एक अलग ही वेशभूषा में बड़ा ही आकर्षक नुक्कड़ नाटक करता देख राहगीरों की भीड़ इकट्ठा हो गई। इंजीनियरिंग के छात्रों ने बड़े ही सरल अंदाज में लोगों को उनके मत की ताकत और उसकी उपयोगिता को समझाया। मौके पर मौजूद आईआईटी आइएसएम के उप रजिस्टार और नगर निगम की उप नगर आयुक्त सन्तोषणी मुर्मू ने बताया कि पिछले चुनाव में धनबाद और झरिया के शहरी क्षेत्र में महज 40 प्रतिशत ही मतदान हुआ था। जिसको देखते हुए भारत सरकार और जिला प्रशासन के निर्देश पर नगर निगम आईआईटी आइएसएम के छात्रों के साथ मिलकर धनबाद के हर चौक चौराहों पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर रही है, ताकि अधिक से अधिक लोग वोट की महत्ता को समझते हुए मतदान के दिन लोग ज्यादा से ज्यादा की संख्या में मतदान केंद्रों पर पहुंच कर अपने मत का प्रयोग करें।

## राज्यों से

### लालू के पुत्र तेज प्रताप की तबियत बिगड़ी, पहुंचाए गए अस्पताल

**पटना।** राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के पुत्र और बिहार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव की शुक्रवार को अचानक तबियत बिगड़ गई। उन्हें तत्काल पटना के एक निजी अस्पताल लाया गया है, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। बताया जाता है कि तेज प्रताप यादव ने दोपहर में सीने में दर्द की शिकायत की। इसके बाद उन्हें एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया। उन्होंने लो ब्लड प्रेशर की बात चिकित्सकों को बताई है। चिकित्सकों की टीम उनकी जांच कर रही है। उल्लेखनीय है कि तेज प्रताप अपने भक्तिभाव के लिए समर्थकों में प्रिय हैं। उनकी तबियत बिगड़ने की खबर के बाद बड़ी संख्या में समर्थक अस्पताल पहुंचने लगे हैं।

### बीजेडी के वरिष्ठ नेता प्रसन्ना आचार्य कार दुर्घटना में घायल

**भुवनेश्वर।** बीजू जनता दल के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद प्रसन्ना आचार्य ओडिशा के संबलपुर में नेशनल हाईवे 55 पर एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। दुर्घटना गुरुवार देर रात हुई। आचार्य के निजी सुरक्षा अधिकारी को भी फ्रैक्चर हुआ, जबकि ड्राइवर को मामूली चोट आई है। अंतिम रिपोर्ट आने तक आचार्य का संबलपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। घायल पीएसओ ने मीडियाकर्मियों को बताया कि वे भुवनेश्वर से बरगढ़ लौट रहे थे, जब उनका वाहन एक ट्रक से टकरा गया। उन्हें पास के रायराखोल सीएचसी अस्पताल ले जाया गया और बाद में संबलपुर के एक निजी अस्पताल में ट्रांसफर कर दिया गया।

## दिल्ली शराब घोटाला मामले में केसीआर की बेटी कविता गिरफ्तार




**एजेंसी। हैदराबाद।**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की एमएलसी के. कविता को उनके हैदराबाद स्थित घर से गिरफ्तार कर लिया। कुछ घंटों तक चली तलाशी के बाद ईडी अधिकारियों ने उन्हें हिरासत में ले लिया। सूत्रों ने बताया कि उन्हें आज रात ही दिल्ली लाया जाएगा। उनकी गिरफ्तारी की जानकारी फैलते ही शुक्रवार शाम को उनके आवास के बाहर तनाव फैल गया और लोग केंद्र और मोदी सरकार के खिलाफ नारे लगाने लगे। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष और उनके भाई के.टी. रामा राव और वरिष्ठ नेता और उनके चचेरे भाई टी. हरीश राव कविता के घर पहुंचे, लेकिन उन्हें बाहर ही रोक दिया गया।

बाद में ईडी अधिकारियों ने उन्हें घर में जाने की इजाजत दी। पत्रकारों से बात करते हुए बीआरएस नेता और पूर्व मंत्री वी. प्रशांत रेड्डी ने गिरफ्तारी को 'अवैध' बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले बीआरएस नेताओं में डर पैदा करने के लिए यह कार्रवाई की है। प्रशांत रेड्डी ने कहा कि ईडी की टीम उन्हें गिरफ्तार करने की योजना के साथ आई थी। उन्होंने कहा कि वे तलाशी लेने आए थे, लेकिन अब हमें पता चला कि वे उसे रात 8.45 बजे तक दिल्ली ले जा रहे हैं।

## छगन भुजबल का दावा : राकांपा शरद गुट के प्रदेशाध्यक्ष जयंत पाटील भाजपा के संपर्क में

**एजेंसी। मुंबई।**

महाराष्ट्र के वरिष्ठ मंत्री छगन भुजबल ने शुक्रवार को दावा किया है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटील भाजपा नेताओं के संपर्क में हैं और वे बहुत जल्द भाजपा में शामिल हो सकते हैं। छगन भुजबल के इस बयान के बाद राजनीतिक हलके में जयंत पाटील के दल बदलने की चर्चा तेज हो गई है।



छगन भुजबल ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि जयंत पाटील पिछले दो-तीन दिनों में उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस से मिले थे। इसके साथ ही जयंत पाटील लगातार भाजपा नेताओं के संपर्क में हैं। भुजबल ने तंज कसते हुए कहा कि चुनाव नजदीक आ रहे हैं, इसलिए कांग्रेस और राकांपा के कई नेता पार्टी बदलने वाले हैं। भुजबल ने कहा कि पहले उन्हें फाइनल होने दीजिए, फिर हम फैसला करेंगे। छगन भुजबल के इस बयान के बाद चर्चा होने लगी है कि जयंत पाटील बहुत जल्द भाजपा में शामिल हो सकते हैं। अगर ऐसा हुआ तो यह राकांपा के साथ ही शरद पवार के लिए करारा झटका साबित होगा। इससे पहले नासिक की एक सभा में जयंत पाटील ने दावा किया था कि भाजपा पश्चिमी महाराष्ट्र में मजबूत होना चाहती है, इसलिए भाजपा मेरे चारों ओर जाल फेंक रही है। पाटील ने कहा था कि मैं शरद पवार के लिए कोई भी बलिदान देने को तैयार हूं, जिन्होंने मुझे राजनीति में खड़ा किया और मेरे राजनीतिक जीवन को समृद्ध बनाया।


## सूरत हवाईअड्डे पर रनवे के पास खड़े ट्रक से टकराया विमान

### रन-वे के छोर पर खड़े ट्रक से विमान का विंग टकराया

### एयरपोर्ट ऑथोरिटी ने जांच का आदेश दिया

**एजेंसी। सूरत।**

सूरत हवाईअड्डे पर बीती रात शारजाह से आए एक यात्री विमान का विंग रनवे के छोर पर खड़े एक ट्रक से टकरा गया। इस घटना में विमान के विंग को नुकसान हुआ लेकिन इसमें सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। एयरपोर्ट ऑथोरिटी ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। इस विमान में 160 यात्री सवार थे।



इससे पहले भी सूरत एयरपोर्ट पर विमान से भैंस टकराने की घटना हो चुकी है। इसके बाद ही एयरपोर्ट की चहारदीवारी को चाक-चौबंद किया गया था। गुरुवार देर रात शारजाह से 160 यात्रियों को लेकर आया विमान रनवे पर था, उसी दौरान वहां ट्रक से उसकी टक्कर हो गई। ट्रक से विमान का विंग टकराया, जिसके कारण विंग को नुकसान होने की जानकारी है। एयरपोर्ट सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार शारजाह से आया यह यात्री विमान लैंड होने बाद रनवे से एप्रेन की ओर जा रहा था। इसी दौरान उसका एक विंग रनवे के साइड में खड़े ट्रक से जा भिड़ा। इसके बाद एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया ने विमान को वहीं ग्राउंड कर दिया।

# इंतजार खत्म, यात्रियों को लेकर पहली बार दौड़ी देश की पहली अंडरवाटर मेट्रो

**एजेंसी। कोलकाता।**

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में गंगा के नीचे चलने वाली ईस्ट-वेस्ट मेट्रो की यात्री सेवाएं शुक्रवार से शुरू हो गईं। न्यू गरिया से रूबी और जोका-तारातला लाइन से माझेरहाट तक विस्तारित खंड की सेवा शुरू हुई है। लंबे समय से प्रतीक्षित ईस्ट-वेस्ट मेट्रो के निचले गंगा खंड पर यात्री सेवाएं शुरू होने पर यात्री खुशी से झूम उठे। किसी ने पहले सफर को कैमरे पर रिकॉर्ड किया तो किसी ने वीडियो कॉल पर अनुभव साझा किया।

गंगा के नीचे के पूरे मार्ग को नीली रोशनी से सजाया गया है, ताकि यात्रियों को पता चल सके कि मेट्रो कब गंगा के नीचे से गुजर रही है। गंगा के ठीक नीचे सुरंग में एक नीली रोशनी चमकती है, जिससे यात्रियों को पता चल जाता है कि वे उस समय नदी के नीचे से गुजर रहे हैं। इतना ही नहीं, गंगा के नीचे मेट्रो में सफर के दौरान यात्री फोन पर बात भी कर सकते हैं। ऑप्टिकल फाइबर नदी तल में काफी गहराई तक मौजूद है। तो इंटरनेट का भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि हावड़ा पहले ही मेट्रो के जरिए कोलकाता से जुड़ चुका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईस्ट-वेस्ट मेट्रो के एस्प्लेनेड से हावड़ा मैदान मार्ग का उद्घाटन किया था। उन्होंने स्कूली छात्रों के साथ गंगा नदी के नीचे मेट्रो रेल की यात्रा भी की थी।



### मेट्रो की खास बातें

- एस्प्लेनेड से हावड़ा मैदान तक मेट्रो मार्ग 4.8 किमी है।
- इसमें से गंगा के नीचे मेट्रो लाइन 520 मीटर है।
- एस्प्लेनेड से हावड़ा मैदान तक कुल चार स्टेशन हैं।
- कुल 130 मेट्रो दिन भर यात्रियों को सेवाएं देंगी।
- पीक आवर्स के दौरान मेट्रो सेवाएं हर 12 मिनट पर और अन्य समय में 15 मिनट पर उपलब्ध रहेंगी।
- दिन की पहली मेट्रो हावड़ा और एस्प्लेनेड स्टेशनों से सुबह 7 बजे रवाना होती है।
- आखिरी मेट्रो रात 9:45 बजे रवाना होगी। रविवार को मेट्रो सेवाएं बंद रहेंगी।
- 520 मीटर लंबी इस सुरंग की दीवारों पर जलीय जंतुओं और जलीय पौधों के चित्र चित्रित हैं।
- हावड़ा मैदान से धर्मतल्ला तक जाने में 10 रुपये लगेंगे।
- दमदम जाने में 25 रुपये का किराया। दक्षिणेश्वर का किराया 30 रुपये।
- रवीन्द्र सदन का किराया 20 रुपये। न्यू गरिया तक का किराया 30 रुपये हैं।

# अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद हल्का महसूस कर रही हूं : मेग लैनिंग

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) की कप्तान मेग लैनिंग ने डीसी पॉडकास्ट सीजन 4 के पहले एपिसोड के दौरान खुलकर बात की। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसले पर कहा,यह निर्णय लेना आसान नहीं था, लेकिन मैंने जो निर्णय लिया है उससे मैं संतुष्ट हूं। जब आप ऑस्ट्रेलियाई कप्तान हों, तो आपको एक निश्चित तरीके से देखे जाने की आदत हो जाती है और ऐसा महसूस होता है कि आप अपनी सतर्कता में बहुत अधिक कमी नहीं कर सकतीं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद मैं निश्चित रूप से हल्का महसूस कर रही हूं। लैनिंग ने यह भी कहा कि वह अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कर्तव्यों को छोड़ने के बाद सोशल मीडिया पर अधिक सहज महसूस करती हैं, उन्होंने कहा, मैं अब सोशल मीडिया के आसपास थोड़ा अधिक सहज हूं। जब मैं ऑस्ट्रेलिया के लिए खेल रही थी तो मैं काफी सतर्क थी। दिल्ली कैपिटल्स के माहौल में आना वाकई अच्छा रहा, जहां सोशल



मीडिया को थोड़ा अलग तरीके से देखा जाता है। डीसी में सोशल मीडिया टीम जो विचार लेकर आती है उसके पीछे बहुत सारे विचार हैं और मैंने उनमें से कुछ विचारों को अपनाने की कोशिश की है। दिल्ली कैपिटल्स कैंप के माहौल को लेकर कप्तान ने कहा, कोई भी किसी से ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं है और आप यह अंतर नहीं बता सकते कि कौन खेल रहा है और कौन नहीं खेल रहा है। हर कोई एक-दूसरे के साथ समय बिताना पसंद करता है और यही मैदान पर हमारे प्रदर्शन में तब्दील होता है। दिल्ली कैपिटल्स वास्तव में अच्छी तरह से चलने वाली फ्रेंचाइजी है। सात विश्व कप विजेता टीमों का हिस्सा रह चुकी इस दिग्गज खिलाड़ी ने भारत में अपने समय के दौरान कुछ स्थानीय स्थानों का दौरा करने के लिए भी समय निकाला है, उन्होंने कहा, क्रिकेट मुझे कुछ अद्भुत स्थानों पर ले गया है जहां मैं पहले कभी नहीं गई थी। डब्ल्यूपीएल ने मुझे बाहर जाने और भारत में स्थानीय रूप से कुछ स्थानों को देखने का अच्छा अवसर दिया है। मैं ज्यादातर समय एक अच्छे कैफे की तलाश में रहती हूं और मुझे मुंबई और बेंगलुरु में कुछ अच्छे स्थान मिले भी हैं। मेग लैनिंग रविवार को लगातार दूसरे डब्ल्यूपीएल फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं।


## तीन टी20 मैचों के लिए अमेरिका का दौरा करेगा बांग्लादेश



**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप से पहले बांग्लादेश मई में तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए अमेरिका का दौरा करेगा। दोनों पक्षों ने पहले कभी एक-दूसरे के खिलाफ टी20 मैच नहीं खेला है। बांग्लादेश इस श्रृंखला का उपयोग संयुक्त राज्य अमेरिका और वेस्टइंडीज द्वारा सह-मेजबानी किए जाने वाले टी-20 विश्व कप की तैयारी के लिए करेगा। संयुक्त राज्य अमेरिका और बांग्लादेश के बीच तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला का पहला मैच 21 मई को खेला जाएगा, इसके बाद बाकी दो मैच क्रमशः 23 और 25 मई को खेले जाएंगे। अप्रैल में यूएसए पांच मैचों की टी20 सीरीज में कनाडा से भी खेलेगा। सभी खेलों की मेजबानी ह्यूस्टन, टेक्सास में प्रेयरी व्यू क्रिकेट कॉम्प्लेक्स द्वारा की जाएगी। बांग्लादेश ने अपने पूरे इतिहास में संयुक्त राज्य अमेरिका में दो टी-20 खेले हैं, दोनों 2018 में वेस्टइंडीज के खिलाफ थे। विश्व कप 2024 के अपने पहले दो मैचों में बांग्लादेश की टीम श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका का सामना क्रमशः डलास और न्यूयॉर्क में करेगी, और इस श्रृंखला से उन्हें परिस्थितियों से अभ्यस्त होने में मदद मिलेगी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के सीईओ निजाम उद्दीन चौधरी ने गुरुवार को एक बयान में कहा, बांग्लादेश टीम के लिए, यह दौरा आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 से पहले परिस्थितियों के अनुकूल होने के लिए एक आदर्श मंच के रूप में कार्य करेगा। हम इस तैयारी चरण के महत्व को पहचानते हैं और इस अमूल्य अनुभव का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बांग्लादेश पिछले टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण में बाहर हो गया था और वनडे विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद उसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा, जो पहली बार टूनामेंट में भाग लेने के लिए तैयार हैं - 2 जून को डलास में अपने अभियान की शुरूआत करेंगे। संयुक्त राज्य अमेरिका ने पिछले दो वर्षों में जो पांच टी20 आई खेले हैं, वे सभी जुलाई में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप क्वालीफायर 2022 में आए थे।

# टी20 विश्व कप में विराट के बिना खेलना संभव नहीं : श्रीकांत

**नई दिल्ली। एजेंसी।**
भारत के पूर्व कप्तान और चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष कृष्णामाचारी श्रीकांत ने टी20 विश्व कप में भारतीय टीम में विराट कोहली की जगह का बचाव किया है और विराट से जुड़ी सभी अफवाहों को खारिज किया है। जनवरी में, विराट कोहली ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में अपनी टी20 वापसी की, जहां उन्होंने 2022 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल के बाद से खेल के सबसे छोटे प्रारूप में नहीं खेलने के बाद दो मैचों में 29 और 0 रन बनाए। इस कदम से अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति ने कोहली और रोहित शर्मा को फिर से टी20 लाइनअप में शामिल करने के अपने इरादे का संकेत दिया, जो टी20 विश्व कप के लिए ऐसा करने की उनकी इच्छा का संकेत देता है। श्रीकांत ने टीम की सफलता में कोहली की महत्वपूर्ण भूमिका पर बात की और पिछले टी20 विश्व कप में



उनके प्रदर्शन पर प्रकाश डाला, जहां उन्होंने भारत को सेमीफाइनल में पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

श्रीकांत ने अपने यूट्यूब शो में कहा, टी20 विश्व कप में विराट कोहली के बिना खेलना संभव नहीं है।

ये बल्लेबाजी वही है जिसने हमें टी20 विश्व कप 2022 में सेमीफाइनल तक पहुंचाया। वह मैन ऑफ द टूर्नामेंट थे। उन्हें लेकर अफवाह कौन फैला रहा है ?ये अफवाह फैलाने वाले, क्या उनके पास कोई और काम नहीं है? इन सारी बेफिजूल की बातों का आधार क्या है? अगर भारत को टी20 विश्व कप जीतना है, तो विराट कोहली का टीम में होना जरूरी है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, राष्ट्रीय चयनकर्ता और टीम प्रबंधन टूर्नामेंट से पहले कुछ कठोर फैसले लेने के लिए तैयार हैं। बीसीसीआई इसमें शामिल नहीं होना चाहता और उसने अंतिम फैसला लेने का काम चयन समिति और टीम प्रबंधन पर छोड़ दिया है। यह भी बताया जा रहा है कि कोहली को टी20 विश्व कप टीम से बाहर किया जा सकता है।

टी20 में कोहली के स्ट्राइक रेट के बारे में चिंताओं पर बात करते हुए, श्रीकांत ने टीम की जरूरतों के अनुरूप ढलने की स्टार बल्लेबाज की क्षमता की सराहना की। उन्होंने टी20 विश्व कप 2022 में उनके शानदार प्रदर्शन की ओर इशारा किया, जहां वह टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर के रूप में उभरे। इस साल की शुरूआत में टी20 सेट-अप में कोहली की वापसी के साथ, श्रीकांत ने बल्लेबाजी क्रम में एक विश्वसनीय खिलाड़ी के होने के महत्व को दोहराया।

श्रीकांत ने यह भी कहा कि खासकर वेस्टइंडीज की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में हमें विराट कोहली जैसे बल्लेबाजों की जरूरत होगी।

22 मार्च को चेन्नई में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल सीजन के ओपनर से पहले विराट के जल्द ही आरसीबी टीम में शामिल होने की उम्मीद है।

## फ्रेजर-मैकगर्क दिल्ली की टीम में हुए शामिल

**नई दिल्ली। एजेंसी।**
दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी पीठ की चोट के कारण 22 मार्च से शुरू होने वाले 2024 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से बाहर हो गए हैं। एनगिडी ने 14 आईपीएल मैच खेले हैं और उनके नाम 25 विकेट हैं। आईपीएल द्वारा शुक्रवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा कि कैपिटल्स ने आगामी सीजन के लिए एनगिडी के प्रतिस्थापन के रूप में ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर जेक फ्रेजर-मैकगर्क को शामिल किया है। 22 वर्षीय फ्रेजर-मैकगर्क ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 2 एकदिवसीय मैच खेले हैं और फ्रेंचाइजी ने उन्हें 50 लाख रुपये के आरक्षित मूल्य पर अनुबंधित किया है। विशेष रूप से, जेक ने इस वर्ष डीसी की आईएलटी20 फ्रेंचाइजी, दुबई कैपिटल्स के लिए भी खेला है। वहीं, क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा, तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी को दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के लिए रिलीज कर दिया है क्योंकि वह पीठ के निचले हिस्से की चोट से उबर रहे हैं। बयान में आगे कहा गया, 27 वर्षीय खिलाड़ी को पिछले महीने एसए20 के प्लेऑफ के दौरान चोट लगी थी। एनगिडी की वर्तमान में क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) मेडिकल टीम द्वारा निगरानी की जा रही है और वह अपनी प्रांतीय टीम, मोमेंटम मल्टीप्ली टाइटन्स के साथ पुनर्वास से गुजर रहे हैं। उनके अप्रैल में सीएसए टी20 चैलेंज के दूसरे भाग में लौटने की उम्मीद है।




## माही भाई से सीखने को हूं बेकरार : शार्दूल

**नई दिल्ली। एजेंसी।**
**मुंबई :** भारत के ऑलराउंडर शार्दूल ठाकुर हाल में मुंबई के साथ रणजी ट्राफी खिताब जीतने के बाद आगामी इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपर किंग्स(सीएसके) के लिए महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई में बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद लगाए हैं क्योंकि पिछला चरण उनके लिए इतना अच्छा नहीं रहा था। शार्दूल 2018 से 2021 तक सीएसके टीम का हिस्सा रहे थे जिसके बाद 2022 में वह दिल्ली कैपिटल्स और 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेले थे। इस सत्र में वह फिर सीएसके में वापसी करेंगे जिसके लिए उन्हें चार करोड़ रुपए में खरीदा गया। शार्दूल ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो पिछला आईपीएल मेरे लिए अच्छा नहीं रहा।' वह पिछले सत्र में 11 आईपीएल मैच में महज सात विकेट ही झटक सके थे और बल्ले से 14.13 के औसत से रन जुटा पाए थे। विदर्भ के खिलाफ गुरुवार को यहां मेजबान मुंबई के 169 रन की जीत से 42वां रणजी ट्राफी खिताब जीतने के बाद शार्दूल ने कहा, जब आप उनके साथ खेलते हो तो आप मैच से कुछ न कुछ जरूर सीखते हो। वह स्टंप के पीछे खड़े होकर आपका मार्गदर्शन करते रहते हैं जिससे आपके प्रदर्शन में निखार आता है।' कहा कि धोनी की सबसे अच्छी खासियत है कि वह एक खिलाड़ी के प्रदर्शन को निखरने देते हैं।
इस आल राउंडर ने कहा, मुझे लगता है कि यह बहुत शानदार चीज है, वह खिलाड़ियों को काफी आजादी देते हैं और खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन की जिम्मेदारी खुद उठाने देते हैं। इसलिए मैं सीएसके में फिर से वापसी को लेकर काफी उत्साहित हूं। मैं कहूंगा कि मैं ऐसी टीम के लिए खेल रहा हूं जो परिवार और पारिवारिक संस्कृति को महत्व देती है।



### फीफा ने फुटबॉल विकास में निवेश बढ़ाकर 2.25 बिलियन अमेरिकी डॉलर किया

**जिनेवा।** फीफा परिषद ने सर्वसम्मति से वार्षिक रिपोर्ट 2023 को मंजूरी दे दी और फुटबॉल विकास में निवेश को 2.25 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ा दिया है। विश्व फुटबॉल शासी निकाय ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। फीफा ने पुष्टि की कि 2023-2026 चक्र का बजट 2016 से पहले विकास कार्यक्रमों में निवेश से लगभग सात गुना अधिक है। वार्षिक रिपोर्ट को अंतिम अनुमोदन के लिए 17 मई, 2024 को बैंकॉक, थाईलैंड में 74वीं फीफा कांग्रेस में प्रस्तुत किया जाएगा। कांग्रेस, बैंकॉक में 2027 फीफा महिला विश्व कप के मेजबान पर मतदान करेगी। बता दें कि फीफा महिला विश्व कप 2027 की मेजबानी के लिए ब्राजील, बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड मैक्सिको और संयुक्त राज्य अमेरिका रेस में हैं। अलावा, फीफा परिषद ने फुटबॉल में नस्लवाद से लड़ने के फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैनटिनो के आह्वान का भी समर्थन किया।



## अफगानिस्तान से खेलने के लिए सऊदी अरब रवाना हुई भारतीय टीम

**नई दिल्ली। एजेंसी।**
25 सदस्यीय भारतीय सीनियर पुरुष फुटबॉल टीम फीफा विश्व कप 2026 और एएफसी एशियाई कप 2027 प्रारंभिक संयुक्त योग्यता के राउंड 2 में अफगानिस्तान के खिलाफ खेलने के लिए शुक्रवार, को सऊदी अरब के लिए रवाना हुई। भारतीय टीम 21 मार्च, 2024 को आभा में अफगानिस्तान के खिलाफ मैच खेलेगी। भारत फिलहाल क्वालीफायर के ग्रुप ए में कुवैत के साथ तीन अंकों के साथ बराबरी पर है, जो गोल अंतर के आधार पर आगे है।

ब्लू टाइगर्स ने क्वालीफायर के अपने शुरूआती मैच में कुवैत सिटी में कुवैत को (1-0) से हराया, इससे पहले वह भुवनेश्वर में कतर (0-3) से हार गया था। कतर फिलहाल छह अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है।

गोलकीपरः गुरप्रीत सिंह संधू, अमरिंदर सिंह, विशाल कैथ।
डिफेंडरः आकाश मिश्रा, मेहताब सिंह, राहुल भेके, निखिल पुजारी, सुभाशीष बोस, अनवर अली, अमेय राणावड़े, जय गुप्ता।
मिडफील्डरः अनिरुद्ध थापा, ब्रैंडन फर्नांडिस, लिस्टन कोलाको, महेश सिंह नाओरेम, सहल अब्दुल समद, सुरेश सिंह वांगजम, जेकसन सिंह थौनाओजम, दीपक टांगरी, लालेंगमाविया राल्टे, इमरान खान।

# राज्य के क्रिकेटरों को सरकारी नौकरी देने की कोशिश में बीसीए



**पटना। एजेंसी।**
बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा है कि राज्य की क्रिकेट संचालन संस्था क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए सरकारी नौकरियों की योजना को लेकर बिहार सरकार से बातचीत कर रहे हैं। जमीनी स्तर पर क्रिकेट प्रतिभाओं को निखारने के लिए बिहार में कई घरेलू टूर्नामेंट आयोजित करेगा और इस नए खुलासे ने राज्य के नए खिलाड़ियों के जुनून को और बढ़ा दिया है।

बीसीए अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा, क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए सरकारी नौकरियों की सुविधा के लिए बिहार सरकार के साथ चर्चा चल रही है।

हमारी चर्चा अच्छी रही है। हमें विश्वास है कि इस पहल से क्रिकेट में युवाओं की रुचि बढ़ेगी और उनकी भागीदारी को बढ़ावा मिलेगा।

राज्य में आयोजित होने वाले आगामी टूर्नामेंटों के बारे में बीसीए अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन बिहार टीम के लिए किया जाएगा। बीसीए अध्यक्ष ने कहा, हर साल, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन विभिन्न स्तरों और आयु समूहों के अपने युवा खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित करता है।

इन प्रतियोगिताओं के आधार पर, प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को बिहार की टीम के लिए चुना जाता है। इन चयनित खिलाड़ियों को बीसीसीआई से प्रमाणित कोचों द्वारा विशेष प्रशिक्षण प्राप्त होता है।


राकेश तिवारी ने कहा, बिहार में घरेलू क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू हो गया है, जिसमें बीसीसीआई के सहयोग से विभिन्न श्रेणियों के पुरुष और महिला खिलाड़ी अपने-अपने जिला क्रिकेट संघों के माध्यम से भाग ले रहे हैं।
इस बीच, रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट गुरुवार को मुंबई के खिताब जीतने के साथ संपन्न हुआ। टूनामेंट में बिहार की दौड़ पिछले महीने लीग चरण के दौरान समाप्त हो गई थी। हाल ही में समाप्त हुई रणजी ट्रॉफी में बिहार एलीट ग्रुप में शामिल था।

### यूटीटी लीग में आठवें फ्रेंचाइजी के रूप में शामिल हुआ महेश भूपति की एसजी स्पोर्ट्स एंटरटेनमेंट

**मुंबई।** अहमदाबाद एसजी पाइपर्स को सीजन 2024 के लिए अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) लीग रोस्टर में आठवीं फ्रेंचाइजी नामित किया गया है। महेश भूपति की एसजी स्पोर्ट्स एंटरटेनमेंट (एसजीएसई) के स्वामित्व वाली इकाई अहमदाबाद शहर का प्रतिनिधित्व करेगी। यूटीटी के आयोजकों ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि कई ग्रैंड स्लैम चैंपियन महेश भूपति की कंपनी अहमदाबाद एसजी पाइपर्स पहले से ही शतरंज और टेनिस लीग का हिस्सा रही है, और अब यूटीटी के साथ अपने सहयोग के साथ भारतीय टेबल टेनिस के विकास में योगदान देगी।

## खबरें व्यापार जगत की

### वैश्विक दबाव के कारण घरेलू शेयर बाजार में गिरावट



**नई दिल्ली :** कमजोर ग्लोबल संकेतों के कारण घरेलू शेयर बाजार में भी आज लगातार दबाव बना हुआ है। आज के कारोबार की शुरूआत भी गिरावट के साथ हुई थी। हालांकि बाजार खुलने के बाद खरीदारों ने लिवाली करके सेंसेक्स और निफ्टी की चाल को तेज करने की कोशिश भी की। लेकिन बिकवाली के दबाव की वजह से उनकी ये कोशिश सफल नहीं हो सकी। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.52 प्रतिशत और निफ्टी 0.56 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, आईटीसी, ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज और अडाणी इंटरप्राइजेज के शेयर 2.11 प्रतिशत से लेकर 0.46 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर बीपीसीएल, कोल इंडिया, एनटीपीसी, ओएनजीसी और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर 5.22 प्रतिशत से लेकर 2.20 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,108 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 805 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,303 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 8 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 22 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 11 शेयर हरे निशान में और 39 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

### पेटीएम यूपीआई काम करता रहेगा एनपीसीआई ने आधिकारिक मंजूरी दी




**नई दिल्ली।** पेटीएम के ग्राहकों के लिए खुशखबरी है। आपका पेटीएम यूपीआई पहले की तरह ही काम करेगा। कंपनी ने अपने उपभोक्ताओं के भ्रम को दूर करते हुए यह जानकारी दी है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के प्रतिबंध का असर सिर्फ पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड पर होगा, पेटीएम पर नहीं। पेटीएम ने शुक्रवार को एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि अब आधिकारिक तौर पर पेटीएम यूपीआई काम करेगा। हमें नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) से मल्टी-बैंक मॉडल के तहत थर्ड-पार्टी एप्लिकेशन प्रोवाइडर (टीपीएपी) के तौर पर यूपीआई सर्विस जारी रखने का लाइसेंस मिल चुका है। हालांकि, पेटीएम के ग्राहकों के लिए एक और बड़ा बदलाव होगा। पेटीएम ने कहा कि उपयोगकर्ता अपनी ओर से कोई बदलाव किए बिना पेटीएम हैंडल का निर्बाध रूप से उपयोग करना जारी रख सकते हैं। एनपीसीआई ने देर रात पेटीएम के साथ चार बड़े बैंकों एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) और यस बैंक को टाई-अप करने की मंजूरी दी है। यह सभी पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के लिए पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर की तरह काम करेगी। वहीं, यस बैंक को पेटीएम के लिए मौजूदा और नए यूपीआई मर्चेंट्स का अधिग्रहण करने वाले बैंक की तरह काम करने के लिए अधिकृत किया है। इसका फायदा उन करोड़ों लोगों को होगा, जो पेटीएम से यूपीआई सर्विस का यूज करते हैं।

### घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या बढ़कर 1.26 करोड़ के पार




**नई दिल्ली।** देश के विमानन नियामक नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि इस साल जनवरी-फरवरी में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 4.74 प्रतिशत बढ़कर 257.78 लाख हो गई, जो पिछले साल की समान अवधि में 246.11 लाख थी। नियामक की वेबसाइट पर जारी आँकड़ों के अनुसार, फरवरी में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 126.48 लाख रही जो पिछले साल फरवरी में 120.69 लाख थी। इस प्रकार इसमें 4.80 फीसदी की वृद्धि हुई है। फरवरी में विमान सेवा कंपनियों के खिलाफ 791 शिकायतें मिलीं। आँकड़ों में बताया गया है, फरवरी महीने में प्रति 10 हजार यात्रियों पर शिकायतों की संख्या लगभग 0.63 रही है। शिकायतों का प्रमुख कारण उड़ान संबंधी समस्याएँ हैं। प्राप्त 791 शिकायतों में से 769 (लगभग 97 प्रतिशत) का समाधान कर दिया गया है। इस साल जनवरी-फरवरी में किफायती विमान सेवा कंपनी इंडिगो की उड़ानों में 155.11 लाख यात्रियों ने सफर किया और उसकी बाजार हिस्सेदारी 60.2 प्रतिशत रहा। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया को 32.13 लाख यात्रियों ने चुना और उसकी बाजार हिस्सेदारी 12.5 फीसदी दर्ज की गई। डीजीसीए ने बताया, टाटा समूह और सिंगापुर एयरलाइंस की संयुक्त उपक्रम वाली एरलाइंस विस्तारा ने 9.9 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ 25.58 लाख यात्रियों को सेवा प्रदान की। एआईएक्स कनेक्ट (पहले एयरएशिया इंडिया) की उड़ानों में 15.71 लाख यात्रियों ने सफर किया और उसकी बाजार हिस्सेदारी 6.1 प्रतिशत रही।

### नई ई-वाहन नीति को मिली मंजूरी, न्यूनतम 4150 करोड़ रुपये का निवेश जरूरी



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने देश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के निर्माण को बढ़ावा और मजबूती देने के लिए नई इलेक्ट्रिक वाहन (ई-वाहन) नीति को मंजूरी दे दी है। इसके लिए न्यूनतम 4150 करोड़ रुपये (500 मिलियन डॉलर) का निवेश जरूरी है, जबकि अधिकतम निवेश पर कोई सीमा नहीं है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि भारत को ईवी के विनिर्माण गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने और प्रतिष्ठित वैश्विक ईवी निमार्ताओं से निवेश आकर्षित करने का प्रयास किया गया है। मंत्रालय के मुताबिक नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति के तहत किसी कंपनी को न्यूनतम 4,150 करोड़ रुपये का निवेश करना जरूरी होगा। यह विभिन्न शुल्क रियायतों की भी हकदार होगी। मंत्रालय के मुताबिक भारत में निर्माण सुविधाएं स्थापित करने और ईवी का व्यावसायिक उत्पादन शुरू करने के लिए तीन साल की समय-सीमा और अधिकतम 5 वर्षों के भीतर 50 फीसदी घरेलू मूल्यवर्धन हासिल करना होगा। इसके साथ ही ईवी के लिए निर्माण सुविधाएं स्थापित करने वाली कंपनियों को कम कस्टम ड्यूटी पर कारों के सीमित आयात की अनुमति दी जाएगी।

### भारतीय रेल ने 2023-24 में 2.4 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड राजस्व किया हासिल

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने 1500 मिलियन टन माल ढोने का आंकड़ा पार कर लिया है और 31 मार्च को समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष के दौरान अब तक 2.4 लाख करोड़ रुपए का रिकॉर्ड राजस्व अर्जित किया। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से ये बात सामने आई है। इस वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान, भारतीय रेल का कुल राजस्व 15 मार्च तक 2.40 लाख करोड़ रुपए है, जो 2022-23 की इसी अवधि के 2.23 लाख करोड़ रुपए से 17,000 करोड़ रुपए अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय रेल का कुल व्यय 2.26 लाख करोड़ रुपए है। रेल मंत्रालय ने कहा, वित्तीय वर्ष 2023-24 में माल ढुलाई व्यवसाय, कुल राजस्व, ट्रैक बिछाने के मामले में भारतीय रेल इतिहास में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज करने की राह पर है। 2023-24 के दौरान भारतीय रेल में यात्रा करने वाले यात्रियों की कुल संख्या 648 करोड़ है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के आंकड़ों की तुलना में 52 करोड़ अधिक है।

## एक नजर

### बालूमाथ थाना क्षेत्र में विवाहिता की हत्या

**बालूमाथ/ लातेहार ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के जिंलगा गांव में एक विवाहिता की हत्या का मामला प्रकाश में आया है। जिसकी पहचान जिंलगा गांव निवासी कैलाश महतो के 32 वर्षीय पत्नी सुमित्रा देवी के रूप में हुई है। शव को कब्जे में कर बालूमाथ थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया है और मामले की छानबीन में जुट गई है। घटना के संबंध में मृतका के पिता रतन महतो ने बताया कि उसकी पुत्री सुमित्रा देवी का विवाह कैलाश महतो के साथ हुई थी. लेकिन विवाह के कुछ वर्षों के बाद से ही पति-पत्नी के बीच हमेशा मारपीट और झगड़ा होते रहता था. मृतका का एक पुत्र और एक पुत्री है। हालांकि इस हत्या के मुख्य कारण का पता अभी तक नहीं चल पाया है। घटना को लेकर स्थानीय पुलिस आरोपी पति को हिरासत में लेकर कई बिंदु पर पूछताछ कर रही है।

### बैंक से निकासी कर आ रहे एक दंपती से 50 हजार की लूट

**बालूमाथ (लातेहार) ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र स्थित चेक नाका के समीप गुरुवार को भारतीय स्टेट बैंक भैंसादोन बालूमाथ से 50 हजार रुपए निकासी कर लौट रहे दंपती से बाइक सवार दो उच्चके पैसा लूट लिया और फरार हो गये. घटना के संबंध में हेरहंज थाना के चिरू गांव निवासी मो. लियाकत मियां ने बताया कि मेरी पत्नी सैबुन खातून का खाता भारतीय स्टेट बैंक भैंसादोन में है. गुरुवार को दिन के दो बजे के आसपास बैंक से पैसा निकालकर एक थैले में रखा और बस स्टैंड की ओर आ रहा था. चेकनाका के पास बाइक सवार दो युवक आये और थैला झपटकर फरार हो गये. पीड़ित ने लिखित शिकायत बालूमाथ थाने में देने की बात कही है।

### विधायक ने दो पीसीसी पथ व चारदीवारी का किया शिलान्यास

**बरवाडीह/ लातेहार ।** मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने गुरुवार को बरवाडीह प्रखंड के केड़ पंचायत के गाड़ी ग्राम में बगई टोला तक पीसीसी सड़क निर्माण कार्य की आधारशिला रखी. इसके बाद उन्होंने सरईडीह हाई स्कूल में चहारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. जबकि विधायक के द्वारा शुक्रवार को छिपादोहर पंचायत के हंसराज टोला में जल नल योजना जल जीवन मिशन कार्य का उद्घाटन किया जायेगा. विधायक ने कहा कि विकास का कार्य नहीं थमेगा. गांवों की समस्या को दूर किया जाएगा. गांव की हर जरूरत की योजनाओं को पूरा किया जाएगा. उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि आप मुझे योजनाएं दें मैं उसे पूरा करूंगा. शिलान्यास कार्यक्रम में प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, नजाम अंसारी, राजद प्रदेश महासचिव अजय चंद्रवंशी, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रवींद्र राम, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, छिपादोहर विधायक प्रतिनिधि तेतर यादव, समाजसेवी अनिल सिंह, दीपू तिवारी, मुखिया वेरोनिका कुजूर, कमलेश प्रजापति, कृष्णा प्रसाद और मो. सईद समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# लोकसभा चुनाव : पलामू संसदीय सीट पर कांटे की टक्कर के आसार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची। झारखंड की पलामू लोकसभा सीट का इतिहास काफी पुराना है। पलामू लोकसभा सीट का गठन दो जिलों पलामू और गढ़वा के हिस्सों को लेकर किया गया है। पलामू जिले को डाल्टनगंज के नाम से भी जाना जाता है। पलामू में कभी चेरों राजा का शासन हुआ करता था। उन्होंने यहां पलामू का किला बनवाया था। जंगल और पहाड़ों से घिरे इस खूबसूरत लोकसभा क्षेत्र से फिलहाल भाजपा के सांसद विष्णु दयाल राम हैं। शुरूआत में इस सीट पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की लेकिन 1984 के बाद से कांग्रेस यह सीट जीत नहीं पाई है। भले ही यहां से भाजपा लगातार दो बार से चुनाव जीत रही हो लेकिन इस सीट पर राजद की भी अच्छी पकड़ मानी जाती है। इस बार भी भाजपा ने विष्णु दयाल राम पर ही विश्वास जताया है। ऐसे में 2024 चुनाव में कांटे की टक्कर हो सकती है।**




### पलामू सीट पर छह बार कांग्रेस को मिली जीत

**पलामू सीट** पर 1952 से अब तक हुए चुनावों में यहां सबसे ज्यादा छह बार कांग्रेस पार्टी ने चुनाव जीते हैं। भाजपा ने पांच बार इस सीट पर कब्जा किया है। पलामू लोकसभा सीट का गठन भारत की आजादी के बाद हुआ। पहले इस लोकसभा सीट का नाम पलामू-हजारीबाग-रांची था। 1952 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के गजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने यहां से जीत हासिल की। हालांकि, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के जेठन सिंह खरवार भी मैदान में थे। झारखंड पार्टी की उम्मीदवार एलिस कुजूर तीसरे स्थान पर रहीं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के गजेंद्र प्रसाद सिंह को 18.4 फीसदी वोट मिले जबकि झारखंड पार्टी को 15.9 फीसदी वोट मिले।1952 के बाद 1957 में फिर से चुनाव हुए। इस चुनाव में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को कुल 40.8 प्रतिशत वोट मिले। छोटा नागपुर संथाल परगना जनता पार्टी के उम्मीदवार राम अवतार शर्मा को 24.8 फीसदी वोट मिले, जबकि झारखंड पार्टी को 15.1 फीसदी वोट मिले।

### राज्य गठन से पहले भाजपा लगातार 4 बार जीती

**झारखंड** गठन से पहले भाजपा पलामू सीट पर लगातार चार लोकसभा चुनावों में विजयी रही थी। 1991, 1996, 1998 और 1999 में हुए लोकसभा चुनाव में पलामू सीट भाजपा के पास रही। बिहार-झारखंड के बंटवारे के बाद 2004 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में पलामू सीट राजद के खाते में चली गयी। 2004 के लोकसभा चुनाव में राजद के मनोज कुमार भुइयां ने 32.2 फीसदी वोट पाकर पलामू सीट से जीत हासिल की थी। भाजपा के चार बार के विजयी उम्मीदवार बृजमोहन राम को 23.6 फीसदी वोट मिले। जनता दल यूनाइटेड के राधा कृष्ण किशोर को 16.6 फीसदी वोट मिले। 2009 के लोकसभा चुनाव में राजद पलामू से हार गई।

### 2014 एवं 2019 में भाजपा ने जमाया कब्जा

**भारतीय** राजनीति में 2014 एवं 2019 मोदी लहर का चुनाव माना जाता है। इसका असर पलामू में भी देखा गया। पलामू से भाजपा के विष्णु दयाल राम, जो भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी भी थे, उन्होंने पलामू सीट से जीत हासिल की। उन्हें कुल 48.8 फीसदी वोट मिले। राष्ट्रीय जनता दल के मनोज कुमार को 21.8 फीसदी और झारखंड विकास मोर्चा के घूरन राम को 16 फीसदी वोट मिले। 2019 के चुनाव में भी पलामू सीट भाजपा के खाते में गई थी। 2014 चुनाव के विजयी उम्मीदवार विष्णु दयाल राम को भाजपा ने फिर अपना उम्मीदवार बनाया और भाजपा को कुल 62.5 वोट प्राप्त हुआ। दूसरे स्थान पर राजद के घूरन राम रहे, जिन्हें 23 फीसदी वोट मिले।

### जेपीएससी परीक्षा को लेकर डीसी ने की बैठक, कहा- कदाचार मुक्त परीक्षा हो

# मेदिनीनगर के 7 केंद्रों पर कल दो पाली में होगी परीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के द्वारा आगामी 17 मार्च को झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 आयोजित की जायेगी. इसको लेकर गुरुवार को डीसी शशि रंजन ने बैठक की. समाहरणालय सभागार में आयोजित इस बैठक में अपर समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सेंटर सुपरिटेंडेंट, स्टैटिक दंडाधिकारी, उड़नदस्ता टीम के सदस्य समेत अन्य उपस्थित थे. बैठक में डीसी ने कहा कि यह बेहद महत्वपूर्ण परीक्षा है. इसे कदाचार मुक्त संपन्न कराएं. सभी समन्वय स्थापित करते हुए काम करें, ताकि परीक्षा कदाचार मुक्त संपन्न हो सके. डीसी ने कहा कि निष्पक्ष और कदाचार मुक्त परीक्षा कराना हम सबकी बड़ी जिम्मेदारी है. डीसी ने सभी पर्यवेक्षक सह दंडाधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा के दिन निर्धारित समय से दो घंटे पहले पहुंच परीक्षा को कदाचार मुक्त और सुगमता पूर्वक संचालित कराना सुनिश्चित करें. डीसी ने कहा कि परीक्षा से जुड़े कोई भी अगर गलत आचरण करते पाया गया तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।




#### शहर में बनाए गए सात परीक्षा केंद्र

17 मार्च को आयोजित होने वाली परीक्षा को लेकर शहर में 07 केंद्र बनाए गये हैं. जिसमें कुल 3132 अभ्यर्थी शामिल होंगे. परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी. पहली पाली में 10 से 12 वहीं दूसरी पाली में 2 से 4 बजे तक परीक्षा ली जाएगी. परीक्षा को कदाचार मुक्त कराया जा सके, इसके लिए सभी केंद्रों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गयी है. इस बार शौचालय के बाहर एक कर्मी की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है।

# विद्युत विभाग ने बकाएदारों को शीघ्र भुगतान करने की दी हिदायत

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** विद्युत अवर प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि प्रत्येक माह की 26 तारीख को हैदरनगर में लगने वाला विद्युत कैंप होली पर्व के मद्देनजर 29 मार्च को लगेगा। इस माह के बाद से पूर्व की तिथि लागू रहेगी। उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं को अपने बिल का भुगतान किसी कार्य दिवस को विद्युत कार्यालय जपला में या 29 मार्च को हैदरनगर में आयोजित कैंप में कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पांच हजार रुपए से अधिक बकाएदारों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि बिल का भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं का कनेक्शन काट दिया जायेगा, साथ ही दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बकाएदारों को बिल का भुक्तान ससमय करने की हिदायत दी। उन्होंने वैध कनेक्शन के बगैर बिजली का उपयोग करने वाले लोगों को भी चेतावनी देते हुए कहा है कि किसी भी कार्य दिवस में विद्युत कार्यालय जपला में कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की भी सुविधा है। प्रज्ञा केंद्र या किसी ऑनलाइन सेंटर से आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी कनेक्शन धारियों को घर या दुकान के बाहर मीटर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। मीटर नहीं लगवाने व पांच हजार से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं पर भी दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी।

**26 की जगह इस माह हैदरनगर में कैंप 29 को लगेगा**



### जवान के घर का ताला तोड़कर नकदी सहित 17 लाख की चोरी

**पलामू।** शहर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर दो सुदना के बैंक कालोनी में सीमा सुरक्षा बल (एसएसबी) के जवान सूरज सिंह के घर में गुरुवार की रात चोरी हो गई। घटना के वक्त घर में कोई नहीं था। एक सप्ताह पहले परिवार के सभी सदस्य पटना गए हुए थे। चोरों ने घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस घटना में चोरों को 15 लाख रुपए के जेवरात और दो लाख नगद हाथ लगे हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जरूरी जानकारी लेकर छानबीन शुरू कर दी है। चोरी की इस घटना से बैंक कॉलोनी के लोगों में दहशत का माहौल है। जवान सूरज की मां किरण सिंह जब शुक्रवार की अहले सुबह करीब चार बजे पटना से लौटी तो घर का ताला टूटा देखकर हतप्रभ रह गई। कमरे के अंदर सामान जहां-तहां बिखरे पड़े थे। अलमारी टूटी पड़ी थी। बक्सा के ताले टूटे हुए थे, जिसमें से सारे कीमती सामान गायब थे। चोरी की घटना एक कमरे में हुई। उसी में बक्सा, अलमीरा सहित अन्य सामान रखे हुए थे। किरण सिंह ने बताया कि इस घटना में करीब 15 लाख से अधिक रुपए का आभूषण और करीब दो लाख रुपए नगद की चोरी हो गई। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर जांच कर रही है। घटना जहां हुई उसका आसपास का इलाका काफी सुनसान है। वहां से कोयल नदी भी सटी हुई है।

ऐसे में एक सप्ताह से घर में किसी तरह की कोई गतिविधि नहीं होने के कारण चोरों ने बड़े आराम से चोरी की घटना को अंजाम दिया।

# कोल्हान प्रमंडल की दोनों लोकसभा सीट पर जीत दिलाना सीएम चंपाई के लिए चुनौती

**नवीन मेल संवाददाता रांची । कोल्हान प्रमंडल के अंतर्गत लोकसभा की दो सीट सिंहभूम और जमशेदपुर आता है, 2019 में सिंहभूम से कांग्रेस प्रत्याशी गीता कोड़ा और जमशेदपुर से भाजपा के विद्युत वरण महतो ने जीत दर्ज की थी । लेकिन इस बार सिंहभूम में समीकरण बदल गया है । गीता कोड़ा भाजपा में शामिल हो गई है और सिंहभूम से भाजपा प्रत्याशी के रूप में मैदान में है । जबकि विद्युत वरण महतो को भाजपा ने तीसरी बार मैदान में उतारा है ।**

### सरायकेला से विधायक हैं सीएम चंपई सोरेन



सिंहभूम लोकसभा के सरायकेला विधानसभा से मुख्यमंत्री चंपई सोरेन विधायक हैं, इसलिए उनकी प्रतिष्ठा सिंहभूम सीट से जुड़ गई है । वहीं चाईबासा विधायक दीपक बिरूआ परिवहन मंत्री हैं, मनोहरपुर की विधायक जोबा मांझी चार साल तक हेमंत सरकार में मंत्री रहीं। सिंहभूम के सभी 6 विधानसभा सीट पर गठबंधन का कब्जा है, पांच पर झामुमो का और एक पर कांग्रेस का। भाजपा के पास एक भी सीट नहीं है। इस समीकरण को देखते हुए सीएम चंपई सोरेन पर सिंहभूम सीट जिताने का भारी दवाब रहेगा।

### कांग्रेस के पास दमदार प्रत्याशी नहीं, झामुमो कर रही दावा



गीता कोड़ा के भाजपा में शामिल होने से कांग्रेस के पास दमदार चेहरे की कमी साफ दिख रही है। इसके बावजूद कांग्रेस प्रत्याशी उतारने पर आमदा है। जमीनी हकीकत है कि झामुमो का संगठन यहां काफी मजबूत है, इसलिए झामुमो दावा ठोक रहा है। लेकिन मंत्री दीपक विरूआ और जिला अध्यक्ष सुखराम उरावं , पूर्व मंत्री जोबा मांझी जैसे बड़े चेहरे लोकसभा चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं। ऐसे में खरसावां विधायक दशरथ गागराई को दशरथ गागराई हो आदिवासी हैं, जिससे वह कांग्रेस के किसी अन्य प्रत्याशी से मजबूत दावेदार हो सकते हैं ।

### 2019 में लोकसभा चुनाव हार चुके हैं चंपाई सोरेन



2014 और 2019 में लगातार दो बार से जीत रहे विद्युत वरण महतो को भाजपा ने एक बार फिर मैदान में उतारा है । पिछली बार विदुत वरण महतो ने वर्तमान सीएम चंपई सोरेन को तीन लाख मतों से हराया था । दरअसल , जमशेदपुर कुर्मी बहुल क्षेत्र है और यहां कुर्मी प्रत्याशी को ही सबसे अधिक बार जीत मिली है, इसलिए इस बार झामुमो जमशेदपुर से किसी कुर्मी प्रत्याशी की तलाश कर रही है। झामुमो में आस्तिक महतो का नाम प्रमुख दावेदारों में लिया जा रहा है। पिछली बार भी आस्तिक महतो ही दावेदार थे, लेकिन अंतिम समय में उनका नाम कट गया था।

### हाथियों ने घर तोड़ा, फसल किया बर्बाद

**गारू (लातेहार)।** पलामू व्याघ्र परियोजना क्षेत्र के दक्षिणी वन प्रमंडल स्थित बारेसांढ़ ग्राम क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से जंगली हाथी आतंक मचा रहे हैं। सोमवार रात को मायापुर पंचायत के पहाड़कोचा में सुधीर खाखा और गुलाबी खाखा के घरों को ध्वस्त कर तबाह कर दिया था। घर में रखे अनाज भी चट कर गये। ग्रामीणों ने किसी प्रकार अपनी जान बचायी। मंगलवार की रात भी हाथी गांव पहुंचे। लोगों ने मशाल आदि जलाकर हाथियों को गांव से भगाया। बुधवार की रात हाथी ने पुनः बारेसांढ़ और मायापुर क्षेत्र में आतंक मचाया। डांड़कोचा के दिलेश्वर सिंह के लगभग एक एकड़ भूमि में लगे गेहूं की फसल को बर्बाद कर दिया। संजय बृजिया का घर ध्वस्त कर दिया। बताया जाता है कि शाम होते ही हाथी गांव पहुंच जाते हैं। इसका प्रमुख कारण घरों में रखा अनाज है। हाथी अनाज खाने के लिए गांव पहुंच रहे हैं और घरों को तोड़ कर अनाज चट कर जा रहे हैं।

# अकीदत के साथ अदा हुई पहले जुमे की नमाज



**पलामू। रहमतों, बरकतों व मगफिरतों का महीना माह-ए-रमजान चल रहा है। शुक्रवार को रमजान के पहले जुमे की नमाज सभी मस्जिदों में अदा की गयी। जिला मुख्यालय डालटनगंज शहर के छः महान स्थित जामा मस्जिद, बाजार स्थित चौक बाजार, पहाड़ी मुहल्ला स्थित नूरी, कुंड मुहल्ला स्थित मिल्लत, मुस्लिमनगर स्थित मदीना, अहले हदीस, मोहम्मदिया, शाहपुर स्थित तैबा मस्जिद समेत सभी मस्जिदों में अकीदत के साथ नमाज-ए-जुमा अदा की गई। मौके पर जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती मोहम्मद शाहनवाज कासमी ने कहा कि रमजान का रोजा फर्ज है। जो रमजान में सवाब के नियत से रोजा रखता है, अल्लाह ताला उसके पिछले गुनाह माफ कर देते हैं। रमजान में कुरान-ए-करीम की तिलवत ज्यादा से ज्यादा करनी चाहिए। जनाब कासमी ने कहा कि अल्लाह के प्यारे नबी हजरत मोहम्मद मुस्तफा सलल्लाहो अलैहे वसल्लम ने फरमाया रमजान में सदका करना सबसे ज्यादा सवाब है। रमजान में गरीबों और मिस्कीनों की ज्यादा से ज्यादा मदद करना चाहिए। उन्होंने बताया कि नबी सलल्लाहो अलैहे वसल्लम ने बताया जब रमजान आता है तो जन्नत के दरवाजे खोल दिये जाते हैं और जहन्नम के दरवाजे बंद कर दिये जाते हैं। मुफ्ती मो कासमी ने बताया कि रमजान में रोजा रखने के लिए कामों में कमी ला देनी चाहिए। रमजान का रोजा फर्ज है, रमजान का रोजा नहीं छोड़ सकते।**

# कामत गांव की आदिवासी महिलाओं को मिलेगा इंसाफ : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद क्षेत्र के कामत गांव में आदिवासी महिलाओं के साथ शुक्रवार को हुसैनाबाद स्थित विधायक कमलेश कुमार सिंह के आवास में पहुंचकर बीडीओ और बाल विकास परियोजना की सुपरवाइजार पर मनमानी करने का आरोप लगाया है। साकुंती उरांव ने कहा कि 29 नवंबर 2023 को आंगनबाड़ी सेविका चयन के लिए आमसभा की गई थी। जिसमे आम सभा में उपस्थित ग्रामीणों के सर्वसम्मति से सेविका पद पर मेरा चयन साकुंती उरांव के नाम का हुआ था। सभा के बाद चयन पत्र मांगने पर बालविकास परियोजना हुसैनाबाद की पर्यवेक्षिका किरण कुमारी ने कहा कि चयन पत्र बाद में मिल जायेगा। लेकिन बार बार बाल विकास परियोजना कार्यालय का चक्कर लगाने के बाद भी चयन पत्र नहीं मिला। पुनः 12 मार्च 2024को कामत गांव में हुसैनाबाद बीडीओ रौशन कुमार आगनबाड़ी प्रयवेक्षिक आकर बोले की आंगनबाड़ी सेविका चयन के लिए आमसभा करना है। आमसभा में काफी संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए। पुनःआम सभा में ग्रामीणों ने शंकुती उरांव) को सेविका पद का प्रस्ताव रखा,शकुंति उरांव नाम सुनते ही गुस्से में आकर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गली गलौज करने लगे। उन्होंने कहा कि वह जिसे चाहेंगे उसी का चयन होगा। जिसे जहां जाना है जा सकते हैं।

## पेज एक के शेष

### आधुनिक युग में ...

भाषा की भी पढ़ाई प्राथमिक विद्यालयों से शुरू हो यह भी सरकार की प्राथमिकता है। इधर चाकुलिया में मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार राज्य में बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ कर रही है। जब राज्य में बुनियादी व्यवस्थाएं मजबूत और सक्रिय होगी तभी स्मार्ट गांव बनाने की परिकल्पना पूरी होगी।

**बुनियादी व्यवस्थाओं को मजबूत करने पर हो रहा कार्य :** मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार राज्य में बुनियादी व्यवस्थाओं को मजबूत और सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उनकी सरकार प्रधानमंत्री आवास से वंचित पात्र आठ लाख परिवारों को ही नहीं, बल्कि राज्य के पात्र 20 लाख आवास विहीन परिवारों को अबुआ आवास योजना के तहत तीन कमरों का पक्का मकान उपलब्ध कराएगी। आने वाले तीन महीने के बाद नौ लाख परिवारों को अबुआ आवास योजना का लाभ राज्य सरकार देगी। कोई भी परिवार अब झोपड़ी या कच्चे मकान में रहने को विवश न रहे, यह उनकी सरकार की प्रतिबद्धता है।

### चौथी बार भी देश के...

भद्रकाली मंदिर विकास के लिए 500 करोड़ रुपये दिए थे लेकिन इस सरकार ने कार्य होने से रोक दिया। भाजपा सरकार जो बोलती है वह करके दिखाती है।

राजनाथ ने कहा कि नरेन्द्र मोदी की सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर किया। हमारी सरकार ने महिलाओं के सम्मान के लिए घर-घर शौचालय व रसोई गैस उपलब्ध कराया। आयुष्मान कार्ड मुहैया कराकर गरीबों को पांच लाख तक मुक्त इलाज की व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विकास कार्यों के दम पर भारत विश्व गुरु बनेगा और साल 2027 तक भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा।

रक्षा मंत्री ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब देश में रामराज्य स्थापित होगा। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही देश में राम-राज्य आ जायेगा। रामलला अपने महल पहुंच गए हैं। नागरिकता संशोधन कानून लागू करने पर भाजपा को सांप्रदायिक पार्टी कहने वालों पर तंज कसते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि इन लोगों को पहले यह जानना चाहिए कि किन परिस्थितियों में पाकिस्तान में हिंदुओं की आबादी 23 प्रतिशत से गिरकर तीन प्रतिशत रह गई है। इस मौके पर चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह, सिमरिया विधायक किसुन कुमार दास समेत कई भाजपा नेता मौजूद थे।

### बीपीएससी परीक्षा...

बिहार पुलिस का है, जिन्हें यह इनपुट मिला था कि यहां कुछ छात्रों को एक बैंक्वेट हॉल में रख कर, उन्हें कुछ प्रश्न रटवाये जा रहे हैं। बिहार पुलिस की टीम मामले की जांच कर रही है। इसका झारखंड अथवा जेपीएससी से कोई लेना देना नहीं है।

### आज लोस व कुछ राज्यों के...

के कर्मचारी बन जाते हैं। चुनाव प्रक्रिया पूरी होते ही आचार संहिता समाप्त हो जाती है। कुछ आचार संहिता आम आदमी पर भी लागू होती है। यदि आप किसी नेता के प्रचार में लगे हैं, तो आपको इन नियमों को लेकर जागरूक रहना होगा। क्योंकि कोई नेता आपको इन नियमों के विरूद्ध काम करने के लिए कहता है तो आप उसे आचार संहिता के बारे में बताकर ऐसा करने से मना कर सकते हैं। क्योंकि आचार संहिता का उल्लंघन करने पर आपको गिरफ्तार किया जा सकता है।आचार संहिता लागू होने के बाद सरकार किसी भी सरकारी अफसर , कर्मचारी की ट्रांसफर-पोस्टिंग नहीं कर सकती है। यदि किसी का तबादला कराना बहुत जरूरी हो गया हो, तो भी सरकार चुनाव आयोग की सहमति के बिना तबादला नहीं कर सकती । इस दौरान राज्य के मुख्य चुनाव आयुक्त के अनुसार अधिकारियों , कर्मचारियों की ट्रांसफर पोस्टिंग हो सकती है। पार्टी , प्रत्याशी का जुलूस , रैली या सभा के लिए प्रत्याशी को इजाजत लेनी होती है। इसकी जानकारी प्रत्याशी को नजदीकी थाने में भी देनी होती है। चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद कई नियम भी लागू हो जाते हैं। इन नियमों का उल्लंघन कोई भी राजनेता या राजनीतिक दल नहीं कर सकता है। इसके अतिरिक्त यह भी सुनिश्चित किया जाता है कि निर्वाचन के दौरान अपराध, कदाचार व भ्रष्ट आचरण, रिश्वतखोरी और मतदाताओं को प्रलोभन, मतदाताओं को धमकाना और भयभीत करने जैसी गतिविधियों को रोका जा सके। इनके उल्लंघन के मामले में उचित कार्रवाई की जाती है।यदि कोई व्यक्ति या राजनीतिक दल नियमों का पालन नहीं करता है तो चुनाव आयोग उस पर कठोर कार्रवाई कर सकता है। प्रत्याशी को चुनाव लड़ने से रोका भी जा सकता है। साथ ही उसके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज भी की जा सकती है। दोष सिद्ध होने पर प्रत्याशी को जेल हो सकती है। चुनावी खर्च में वह धन राशि शामिल है, जो एक उम्मीदवार चुनाव अभियान के दौरान कानूनी रूप से खर्च करता है। इसमें सार्वजनिक बैठकों, रैलियों, विज्ञापनों, पोस्टर, बैनर, वाहनों व विज्ञापनों पर खर्च शामिल होता है। जन-प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 77 के तहत प्रत्येक उम्मीदवार को नामांकन की तिथि से लेकर परिणाम घोषित होने की तिथि तक किए गए सभी व्यय का अलग और सही खाता रखना होता है। चुनाव होने जाने के 30 दिनों में उम्मीदवारों को चुनाव आयोग के समक्ष अपना व्यय विवरण प्रस्तुत करना होता है। यदि प्रत्याशियों ने गलत विवरण प्रस्तुत किया, तो अधिनियम की धारा 10 के तहत चुनाव आयोग उसे तीन साल के लिए अयोग्य घोषित कर सकता है। आचार संहिता लगने से पहले जिस सरकारी योजना पर काम शुरू हो गया है। वो आचार संहिता लागू होने के बावजूद जारी रहती है। जिन योजनाओं में आचार संहिता लागू होने से पहले किसे लाभ मिलेगा, इसकी पहचान हो गई हो, वो योजनाएं चालू रहेंगी। वहीं पहले से चल रही मनरेगा जैसी योजनाएं जारी रहती हैं। जिन नई योजनाओं को मंजूरी मिल चुकी है और उसके लिए राशि भी स्वीकृत हो चुकी हो तो वो चलती रहेंगी। साथ ही ड्राइविंग लाइसेंस, जाति-निवास प्रमाण पत्र, जमीन की रजिस्ट्री जैसे काम आचार संहिता के दौरान भी जारी रहते हैं।

### एससी करेगा ...

यह भी कहा कि 237 याचिकाओं वाले पूरे बैच को नए आवेदनों के साथ लिस्ट किया जाएगा। मालूम हो कि केंद्र सरकार ने 11 मार्च को नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 को नोटिफाइड किया था। जो प्रभावी रूप से 2019 के विवादास्पद सीएए को लागू करता है। केंद्र सरकार द्वारा सीएए के लिए नियम जारी करने के एक दिन बाद, केरल के राजनीतिक दल इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने नियमों के कार्यान्वयन पर रोक लगाने की मांग करते हुए सर्वोच्च न्यायालय में अपील की। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने मांग की कि विवादित कानून और विनियमों पर रोक लगाई जाए, और इस कानून के लाभ से वंचित मुस्लिम समुदाय के लोगों के खिलाफ कोई कठोर कदम नहीं उठाया जाए। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के अलावा, डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया असम विधानसभा में विपक्ष के नेता, देबब्रत और असम से कांग्रेस सांसद अब्दुल खालिक और अन्य ने भी नियमों पर रोक लगाने के लिए आवेदन दायर किए।याचिका में कहा गया है कि नियम साफ तौर पर मनमानी भरे हैं और केवल उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर व्यक्तियों के एक वर्ग के पक्ष में अनुचित लाभ पैदा करते हैं, जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 और 15 के तहत अनुमति योग्य नहीं है।

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिबल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## एक नजर

### हैदराबाद के दौरे पर आज जाएंगे उपराष्ट्रपति



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति धनखड़ 16-17 मार्च को हैदराबाद का दौरा करेंगे। अपनी यात्रा के दौरान 16 मार्च को धनखड़ हैदराबाद के कान्हा शांति वनम में 'वैश्विक आध्यात्मिक महोत्सव' के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे।

### अदालत ने सुरक्षित रखा सीएम केजरीवाल की याचिका पर फैसला



**नई दिल्ली।** सीएम केजरीवाल ने कथित आबकारी नीति में घोटाले को लेकर दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में ईडी की शिकायत पर जारी समन को सत्र अदालत में चुनौती दी थी। अदालत ने शुक्रवार को केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई की और फैसला सुरक्षित रख लिया। सीएम केजरीवाल ने मामले में ईडी की शिकायत पर मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा उन्हें जारी किए गए दो समन को चुनौती दी है।

### चुनाव आयुक्त नियुक्ति पर एससी में सुनवाई 21 मार्च को

**नई दिल्ली।** चुनाव आयुक्त नियुक्ति अधिनियम 2023 के खिलाफ दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 21 मार्च को सुनवाई करेगा। चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के पैनल से मुख्य न्यायाधीश को हटाने के खिलाफ यह याचिका दायर की गई है। याचिका में मांग की गई है कि पैनल में मुख्य न्यायाधीश को फिर से शामिल किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को नए कानून के तहत दो नए चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित याचिका भी दायर करने की अनुमति दे दी है। सुप्रीम कोर्ट में आज इस याचिका पर सुनवाई होनी थी, लेकिन अब याचिका को 21 मार्च को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया गया है।

### चीन में कोयला खदान दुर्घटना में 7 की मौत

**ताइयुआन।** उत्तरी चीन के शांक्सी प्रांत में एक कोयला खदान में हुए हादसे में सात खनिकों की मौत हो गई है। स्थानीय अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने काउंटी सरकार के हवाले से बताया कि शुक्रवार सुबह 6:23 बजे खान से आखिरी शव निकाल लिया गया। हादसा झोंगयांग काउंटी में ताओयुआन शिनलोंग कोयला औद्योगिक निगम की खदान में हुआ।

### सुनक ने दो मई को ब्रिटेन में आम चुनाव से किया इनकार



**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने स्पष्ट किया है कि दो मई को आम चुनाव नहीं होगा। इससे देश में जल्द चुनाव होने की अटकलों पर विराम लग गया। गुरुवार को आईटीवी न्यूज से बात करते हुए सुनक ने यह बात कही। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पहले सुनक ने कहा था कि इस साल की दूसरी छमाही में चुनाव होंगे, लेकिन मई में चुनाव से इनकार भी नहीं किया था। उल्लेखनीय है कि ब्रिटेन में दो मई को स्थानीय चुनाव होने हैं। संवाददाताओं के यह पूछे जाने पर कि क्या उसी समय आम चुनाव भी होगा, प्रधानमंत्री सुनक ने इनकार किया। वर्तमान सरकार का कार्यकाल अगले साल जनवरी तक है।

# डीएमके तमिलनाडु के भविष्य, अतीत और विरासत की दुश्मन : पीएम मोदी



### डीएमके व इंडी गठबंधन के लोगों का इतिहास घोटालों का रहा है

**एजेंसी। कन्याकुमारी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को यहां कहा कि डीएमके तमिलनाडु के भविष्य की ही दुश्मन नहीं है, वह तमिलनाडु के अतीत और विरासत की भी दुश्मन है। उन्होंने कहा, मैं अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले यहां आया था। मैंने यहां के प्राचीन तीर्थों के दर्शन किए थे, लेकिन डीएमके ने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को देखने तक पर रोक लगाने का प्रयास किया। सुप्रीम कोर्ट को तमिलनाडु सरकार को कड़ी फटकार लगानी पड़ी थी। प्रधानमंत्री ने भाजपा की विशाल जनसभा में कहा, जब दिल्ली में संसद की नई इमारत बनी तो तमिल संस्कृति के प्रतीक, इस धरती के आशीर्वाद स्वरूप पवित्र सेंगोल को हमने नए भवन में स्थापित किया, लेकिन इन लोगों ने इसका भी बॉयकॉट किया। उन्हें सेंगोल की स्थापना पसंद नहीं आई। डीएमके और कांग्रेस तब भी चुप बैठी रही, जब जल्लीकट्टू पर पाबंदी लगी थी, ये लोग तमिल संस्कृति को नष्ट करना चाहते हैं। ये हमारी सरकार है, एनडीए की सरकार है। हमारी सरकार ने जल्लीकट्टू को पूरे उत्साह के साथ मनाए जाने का रास्ता साफ किया। जल्लीकट्टू तमिलनाडु का गौरव है।



### केंद्र बुनियादी ढांचे विकसित करने में जुटी है

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार तमिलनाडु के बंदरगाह बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए काम कर रही है। मैंने हाल ही में थूथुकुडी में चिदंबरनार बंदरगाह का उद्घाटन किया है। सरकार मछुआरों के कल्याण के लिए भी काम कर रही है। उन्हें आधुनिक मछली पकड़ने वाली नौकाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने से लेकर किसान क्रेडिट कार्ड योजना के दायरे में लाया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कन्याकुमारी ने हमेशा भाजपा को भरपूर प्यार दिया है। इसलिए यहां का सत्तारूढ़ डीएमके-कांग्रेस गठबंधन कन्याकुमारी के लोगों को सजा देने का कोई मौका नहीं छोड़ता। 20 साल पहले अटल जी ने नॉर्थ-साउथ कॉरिडोर की नींव रखी थी। इस कॉरिडोर के कन्याकुमारी-नारिक्कुलम ब्रिज का काम इन लोगों ने वर्षों तक लटका कर रखा। 2014 में जब भाजपा सरकार आई तब उसे पूरा किया गया। उन्होंने कहा कि डीएमके और कांग्रेस का इंडी गठबंधन कभी भी तमिलनाडु को विकसित नहीं बना सकता। इन लोगों का इतिहास घोटालों का है। श्रीलंका में हमारे मछुआरे भाइयों को फांसी की सजा सुनाई गई, ये मोदी चुप नहीं बैठा। हर रास्ते का इस्तेमाल किया और हर प्रकार का दबाव बनाया और उन सभी मछुआरों को श्रीलंका से फांसी के फंदे से उतारकर वापस लाया गया।

### कोयंबटूर में पीएम के रोड शो को अनुमति देने से इनकार

**चेन्नई।** तमिलनाडु पुलिस ने कोयंबटूर में 18 मार्च को होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो को अनुमति देने से इनकार कर दिया है। पुलिस ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा कि सुरक्षा कारणों से अनुमति नहीं दी गई है। चार किलोमीटर लंबे रोड शो का समापन उस मैदान पर होना था जहां 1998 का कोयंबटूर बम विस्फोट हुआ था। इस ब्लास्ट में 58 लोग मारे गए थे और 200 से अधिक घायल हुए थे। तमिलनाडु पुलिस के फैसले के खिलाफ भाजपा ने मद्रास हाई कोर्ट में एक याचिका लगाई है। पीएम मोदी तमिलनाडु, केरल और तेलंगाना के दौरे पर हैं। कर्नाटक में पार्टी का मजबूत जनाधार होने के कारण पार्टी अन्य दक्षिणी राज्यों में भी अपनी उपस्थिति बढ़ाने की कोशिश कर रही है।

### फोटो ऑफ द डे



नई दिल्ली की जामा मस्जिद में शुक्रवार को रमजान माह के पहले जुमे की नमाज अदा करते मुस्लिम धर्मावलंबी। (फोटोः आईएएनएस)

### उत्तरी गाजा में मदद की प्रतीक्षा में खड़े लोगों पर हमला, 20 की मौत

**गाजा पट्टी।** इजराइल-हमास युद्ध की लपटें दिन गुजरने के साथ और ऊंची हो गई हैं। मानवीय सहायता की प्रतीक्षा कर रहे लोगों पर हमले के बाद उत्तरी गाजा शहर में कम से कम 20 फिलिस्तीनी मारे गए और 150 से अधिक घायल हो गए। अल जजीरा समाचार चैनल की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने हमले को 'एक नया, पूर्व नियोजित नरसंहार' कहा है। अमेरिकी सीनेटर चक शूमर ने 'चरमपंथी' सरकार और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को 'शांति में बाधा' बताते हुए इजराइल में नए चुनाव का आह्वान किया है।

## डोभाल की इजरायल यात्रा शांति व स्थिरता के लिए : विदेश मंत्रालय



**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की हाल की इजरायल यात्रा उस क्षेत्र में शांति और स्थिरता कायम करने के भारत के प्रयासों का एक हिस्सा थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की यात्रा के बारे में कहा कि उन्होंने उस दौरान प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात की तथा अपने इजरायली समकक्ष एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से विचार-विमर्श किया। वार्ता में गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाए जाने तथा बंधकों की रिहाई के संबंध में भी चर्चा हुई। प्रवक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री पश्चिम एशिया में शांति और स्थायित्व को बहुत महत्व देते हैं। इस सिलसिले में वे विभिन्न अरब देशों के नेताओं के संपर्क में भी है। लैटिन अमेरिकी देश हैती में जारी संघर्ष के संबंध में प्रवक्ता ने कहा कि आवश्यक होने पर वहां फंसे भारतीय नागरिकों को स्वदेश लाने के लिए कदम उठाए जायेंगे।

## लोस टिकट नहीं मिलने पर असम के कांग्रेस सांसद ने दिया इस्तीफा

**एजेंसी। गुवाहाटी**



लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा से एक दिन पहले, कांग्रेस को असम में एक और झटका तब लगा जब बारपेटा से सांसद अब्दुल खालिक ने शुक्रवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। खालिक ने पद छोड़ने के फैसले के लिए राज्य कांग्रेस नेतृत्व को जिम्मेदार ठहराया। पार्टी ने उनकी जगह दीप बायन को मैदान में उतारा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को लिखे दो पेज के लेटर में खालिक ने लिखा, "नेतृत्व की इच्छा के मुताबिक मैंने अलग-अलग पदों पर पार्टी संगठन की सेवा की। नेतृत्व ने असम के साथ-साथ अन्य राज्यों में भी मुझ पर भरोसा किया। सौंपे गए कर्तव्यों को मैंने पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता से निभाया।" खालिक दो बार कांग्रेस के विधायक भी रह चुके हैं। उन्होंने लिखा, मुझे दो बार विधान सभा सदस्य के रूप में और एक बार लोक सभा सदस्य के रूप में लोगों की सेवा करने का अवसर मिला। कांग्रेस की सेवा करना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों, पार्टी और कार्यकर्ताओं के प्रति असीम आभार और प्यार रखता हूं।" बारपेटा सांसद ने असम में पार्टी की संभावना को खत्म करने के लिए राज्य कांग्रेस नेतृत्व को भी दोषी ठहराया। खालिक ने कहा, असम में पार्टी ने एक अजीब रास्ता अपनाया है, जन-केंद्रित मुद्दे पीछे रह गए हैं। लोकतंत्र की रक्षा के लिए लोगों में स्वतंत्रता, स्वाभिमान और एकता की गहरी भावना होनी चाहिए।

## बीआरएस ने बसपा को दो लोस सीटें आवंटित कीं



**हैदराबाद।** अगामी लोकसभा चुनाव को लेकर तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति ने बहुजन समाज पार्टी के लिए दो लोस सीटें छोड़ने का फैसला किया है। बीआरएस अध्यक्ष केसीआर ने शुक्रवार को बीएसपी के लिए नगरकुर्नूल और हैदराबाद सीटें आवंटित करने का फैसला किया। बीआरएस ने कहा कि बीएसपी अपने दो लोस सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों पर फैसला करेगी। बीआरएस 15 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। बीआरएस प्रमुख ने बसपा के राष्ट्रीय समन्वयक और राज्यसभा सांसद रामजी गौतम, बसपा के प्रदेश अध्यक्ष आर.एस. प्रवीण कुमार और अन्य नेताओं के साथ विस्तृत चर्चा के बाद लोस चुनाव के लिए सीट शेयरिंग पर मुहर लगाई।

## केंद्र में कांग्रेस की सरकार आई तो आदिवासियों को जमीन के पट्टे दिए जाएंगे : राहुल गांधी

**एजेंसी। मुंबई**



कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को पालघर में कहा कि जब उनकी पार्टी केंद्र की सत्ता में आएगी तो आदिवासियों को जमीन के पट्टे दिए जाएंगे। 50 फीसदी आदिवासी आबादी वाले इलाकों में 6वीं अनुसूची लागू की जाएगी, यानी सारी शक्तियां स्थानीय सरकार, गांव के पास होंगी। अगर कांग्रेस की सरकार आती है तो जातिगत जनगणना भी कराई जाएगी। राहुल गांधी शुक्रवार को ह्यभारत जोड़ो न्याय यात्राह्न के दौरान पालघर जिले के वाडा में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। राहुल गांधी ने भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि भारत की 88 प्रतिशत आबादी ओबीसी, दलित, आदिवासी, पिछड़े समुदायों से है लेकिन विभिन्न क्षेत्रों में उनकी भागीदारी बहुत कम है। न्याय पालिका में भी उच्च पदों पर इस सामाजिक समूह के लोगों की संख्या कम है। 6 प्रतिशत लोगों के हाथ में अदालतें, मीडिया, पैसा और सत्ता है। भूमि अधिग्रहण के दौरान समाज के गरीब तबके की जमीन ली जाती है लेकिन अदानी की एक इंच भी जमीन नहीं ली जाती है। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री बीमा योजना से किसानों को नहीं, बल्कि कंपनियों को फायदा हो रहा है। केंद्र सरकार 16 फसल बीमा कंपनियों को 35 हजार करोड़ रुपये का भुगतान करती है, यह जनता का पैसा है। 88 फीसदी लोगों को ये पैसा जीएसटी से मिलता है। बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से नुकसान होने पर भी किसानों को मदद नहीं मिल पाती है। सरकारी कंपनियों में जनता की भागीदारी थी लेकिन अब सरकारी काम भी निजी कंपनियां करती हैं, इसलिए 88 प्रतिशत समाज का प्रतिनिधित्व नहीं है। समाज को मेहनत करनी होगी, लेकिन जिस दिन यह समाज जाग जाएगा, देश हिल जाएगा। भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुक्रवार को सुबह पालघर के मोखाड़ा स्थित हनुमान मंदिर से शुरू हुई। राहुल गांधी ने जवाहर में विजय स्तंभ को सलामी दी। आज शाम को यात्रा खुडुस गांव से ठाणे में प्रवेश करेगी और आनंद दिघे चौक, भिवंडी में एक सार्वजनिक बैठक आयोजित की जाएगी। यात्रा का आज पड़ाव सोनाले मैदान पर होगा।

### आतंकी साजिश का मामला

## जम्मू के कई जिलों में सात स्थानों पर एसआईए का छापा

**जम्मू।** एसआईए ने पाकिस्तान समर्थित आतंकी साजिश मामले की जांच के तहत शुक्रवार को जम्मू प्रांत के विभिन्न जिलों में सात स्थानों पर छापे मारे हैं। आतंकवाद रोधी एजेंसी के एक प्रवक्ता ने बताया कि कोर्ट से तलाशी वारंट हासिल करने के बाद एसआईए टीमों ने सुबह डोडा जिले में तीन स्थानों, रियासी जिले में दो स्थानों, रामबन और जम्मू जिलों में एक-एक स्थान पर एक साथ तलाशी ली। यह छापेमारी भगवा के हसन बाबर नेहरू, मोहम्मद इरफान व डोडा में फागसू के सबदर अली के आवासीय परिसरों पर की गई। जम्मू के सिधरा इलाके में अरनास के अब्दुल रशीद और रियासी में पौनी की शमशाद बेगम, रामबन में खारी के अब्दुल रशीद नाइक व सज्जाद अहमद उर्फ शादू के यहां भी छापेमारी की गई।

### भारत आकर आजादी का अहसास हुआ

# जयपुर में छह पाकिस्तानियों को मिली भारतीय नागरिकता

**एजेंसी। जयपुर**



बरसों से भारत की नागरिकता प्राप्त करने का प्रयास कर रहे पाकिस्तानी विस्थापितों के लिए शुक्रवार का दिन खुशियां लेकर आया। अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) शेफाली कुशवाहा ने शुक्रवार को छह पाक विस्थापितों प्रेमलता, संजय राम, बेझल, जजराज, केकू माई, गोमंद राम को भारतीय नागरिकता प्रमाण पत्र सौंपे। पाकिस्तान के कराची से वर्ष 2010 में विस्थापित होकर भारत आई 41 वर्षीय प्रेमलता ने नागरिकता प्रमाण-पत्र मिलने के बाद जिला प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि भारत आकर हमें आजादी के असल अहसास हुआ है। संजय राम ने कहा कि मैं 10 साल से भारतीय नागरिकता हासिल करने के लिए प्रयास कर रहा था लेकिन आज कई सालों का लंबा इंतजार खत्म हुआ है। अब हम फक्र के साथ कह सकते हैं कि हम भारतीय हैं। इस मौके पर अतिरिक्त जिला कलक्टर शेफाली कुशवाहा ने भारतीय नागरिकता हासिल करने वाले सभी पाक विस्थापितों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन नागरिकता के आवेदनों पर प्राथमिकता से नियमानुसार कार्रवाई कर प्रमाण-पत्र जारी करता है, ताकि आवेदक को किसी भी परेशानी का सामना ना करना पड़े। उन्होंने बताया कि अब तक कुल 319 पात्र आवेदकों को भारतीय नागरिकता प्रमाण पत्र जारी किया जा चुका है।

### लीबिया से चला जहाज डूबा, 60 प्रवासियों के डूबने की आशंका

**रोम।** प्रवासियों को लेकर लीबिया से चला जहाज भूमध्य सागर को पार करते समय में डूब गया। जहाज में 60 लोगों के डूबने की आशंका है। वहीं इटली तटरक्षक बलों के समन्वय से 25 लोगों को बचा लिया और दो को बेहोशी की हालत में हेलीकॉप्टर से सिसली ले जाया गया। अप्रवासियों से भरी जहाज लीबिया से मध्य भूमध्य सागर के रास्ते इटली अथवा माल्टा ले जा रहे थे लेकिन गतंव्य पर पहुंचने से पहले ही जहाज डूब गया। बचाव कर्मियों ने बताया कि बुधवार को इटली तटरक्षक बलों के समन्वय से बेहद कमजोर स्थिति बचावकर्मियों ने बताया कि ये लोग सात दिन पहले जाविया, लीबिया से चले थे। तीन दिन बाद उनके जहाज का इंजन खराब हो गया और उनका जहाज कई दिन तक भोजन व पानी के बिना समुद्र में भटकता रहा और रास्ते में ही महिलाओं व एक बच्चे समेत कम से कम 60 लोगों की मौत हो गई।

### फिल्म जगत

## सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शन ने किया एक्ट्रेस मधुबाला पर बायोपिक का ऐलान



**फिल्म** इंडस्ट्री में इस वक्त कई बायोपिक्स बन रही हैं और कुछ और बायोपिक्स दर्शकों के सामने आने वाली हैं। कंगना की इंदिरा गांधी पर बनी बायोपिक 'इमरजेंसी' की इस समय खूब चर्चा हो रही है। कुछ अन्य विषयों पर भी काम किया जा रहा है। इसी बीच एक्ट्रेस मधुबाला पर बायोपिक की घोषणा सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शन ने की है। खूबसूरती के साथ-साथ मधुबाला के जीवन में घटी घटनाओं और उसके पीछे के कारणों के बारे में भी हर किसी को उत्सुकता रहती है। मधुबाला पर बायोपिक कौन नहीं देखना चाहेगा? अब इसे लेकर एक बड़ा अपडेट आया है। आलिया भट्ट की फिल्म 'डार्लिंग्स' की डायरेक्टर जसमीत के रीन ने बायोपिक की घोषणा की है। इस फिल्म की घोषणा सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शन ने की है। इसके साथ ही मधुबाला की बहन मधुर बृज भूषण फिल्म की सह निमार्ता हैं। सोनी पिक्चर्स के ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर कर बायोपिक की घोषणा की गई। इसी बीच खबरें आईं कि मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा एक बायोपिक बनाने जा रहे हैं और कृति सेनन इसमें मधुबाला का किरदार निभाएंगी, लेकिन मधुबाला की बहन ने इन बातों को खारिज कर दिया। इतना ही नहीं, उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान ये भी बयान दिया था कि किसी और को ये बायोपिक करने की हिम्मत नहीं करनी चाहिए।

अब इस बायोपिक की घोषणा दर्शकों को और अधिक उत्साहित कर रही है। मधुबाला की निजी जिंदगी के बारे में कई बातें कही और लिखी गई हैं।